

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 138 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 26 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## 'हां मेरा रशियन लड़कियों से अफेयर था', बिल गेट्स ने ऑफिस मीटिंग में कबूला गुनाह, स्टाफ से मांगी माफी

वॉशिंगटनः एपस्टीन फाइल्स के लेटेस्ट बैच में दुनिया के सबसे अमीर बिजनेस टाइकून बिल गेट्स बुरे फंस गए थे. उनके बारे में ऐसे-ऐसे सीक्रेट्स सामने आए कि सुनने वाले हैरान रह गए. रशियन लड़कियों से संबंध, अपराधी जेफ्री एपस्टीन से दोस्ती फिर दुश्मनी और गुप्त रोग जैसे कई शॉकिंग खुलासे हुए थे. इन सभी आरोपों पर हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट के मालिक बिल गेट्स ने चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने एक ऑफिस मीटिंग में अपने कर्मचारियों के सामने सारे गुनाह कबूले हैं और सभी से माफी भी मांगी है. गेट्स ने सबके सामने रशियन लड़कियों के साथ अफेयर की बात कबूल कर ली है.

### बिल गेट्स ने टाउन हॉल मीटिंग में कबूला गुनाह

बिल गेट्स ने हाल ही में एक टाउन हॉल मीटिंग बुलाकर अपनी फाउंडेशन के कर्मचारियों के सामने दिल खोलकर बात की और अपनी गलतियों के लिए माफी मांगी. वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, गेट्स ने एक मीटिंग के दौरान यह कबूल किया कि रूसी महिलाओं के साथ उनके अफेयर थे और जेफ्री एपस्टीन के साथ वक्त बिताना उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी भूल थी. गेट्स ने माना कि उनके दो रूसी महिलाओं के साथ संबंध थे. इनमें से एक ब्रिज खिलाड़ी थी जिससे वो एक इवेंट में मिले थे, और दूसरी एक न्यूक्लियर फिजिशिस्ट थी जिससे उनकी मुलाकात काम के सिलसिले में हुई थी. हालांकि, गेट्स का कहना है कि ये महिलाएं एपस्टीन के चंगुल में फंसी पीड़ितों में से नहीं थीं.

# निवेश के लिए खुले नए रास्ते, 500 एकड़ में बनेगी 'जापान इंडस्ट्रियल सिटी': सीएम योगी

समाज जागरण

लखनऊ। जापान दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश और औद्योगिक सहयोग को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जापानी निवेशकों के लिए विशेष 'जापान इंडस्ट्रियल सिटी' विकसित की जा रही है, जिसकी प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

### 500 एकड़ में विकसित होगी इंडस्ट्रियल सिटी

मुख्यमंत्री के अनुसार यह इंडस्ट्रियल सिटी करीब 500 एकड़ क्षेत्र में तैयार होगी। इसका उद्देश्य जापानी कंपनियों को विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना है। उन्होंने जापान के उद्योग प्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए औपचारिक आमंत्रण भी दिया।

### निवेशकों को सुरक्षित और पारदर्शी माहौल का भरोसा

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों में राज्य में 16 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का संचालन शुरू हुआ है, जिससे कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार आया है।

### जेवर एयरपोर्ट से विकास को मिलेगी रफ्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा बनने जा रहा नोएडा



इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द संचालित होगा। जेवर में बन रहा यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई गति देगा। एयरपोर्ट के आसपास 27 बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जिससे हजारों रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

### विदेशी कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी

सीएम योगी ने बताया कि जापान की कई कंपनियों ने नोएडा क्षेत्र में निवेश को लेकर सकारात्मक रुचि दिखाई है और कुछ ने निवेश भी शुरू कर दिया है। ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देश-विदेश की



कंपनियां लगातार संपर्क कर रही हैं। सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के सिद्धांत पर काम कर रही है।

### एशियाई निवेश केंद्र बनने की दिशा में कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले सिंगापुर दौरे से भी बड़े निवेश प्रस्ताव मिले थे। अब जापान दौरे के जरिए उत्तर प्रदेश को एशियाई निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जेवर एयरपोर्ट के संचालन के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## भारत-इजराइल संबंधों को नई गति, पीएम मोदी ने जताया भरोसा

समाज जागरण

तेल अवीव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो दिन की राजकीय यात्रा पर तेल अवीव पहुंचे। इस दौरे के दौरान भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने और साझा भविष्य के विजन को आगे बढ़ाने पर जोर रहेगा। वर्ष 2017 के बाद यह उनका पहला इजराइल दौरा है।

एयरपोर्ट पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर मित्रता का संदेश दिया।

### पीएम मोदी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वे इजराइल पहुंच गए हैं और एयरपोर्ट पर मिला भव्य स्वागत उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस यात्रा



से दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे तथा द्विपक्षीय वार्ता से सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

### औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर

भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का इजराइल में विशेष राजकीय सम्मान के साथ स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बीते नौ वर्षों में यह प्रधानमंत्री मोदी की दूसरी इजराइल यात्रा है।

### नेतृत्व स्तर की बैठकें और संसदीय संबोधन

दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। वे इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से भी मुलाकात करेंगे और नेसेट को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे कई आधिकारिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

### रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख क्षेत्र

इजराइल विज्ञान एवं तकनीक, इनोवेशन, रक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में भारत का अहम साझेदार है। दोनों देशों के संबंध आपसी भरोसे, साझा प्राथमिकताओं और भविष्य की तकनीकों में सहयोग पर आधारित हैं।

## दिल्ली में पहली बार इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, 25 से 31 मार्च तक आयोजन

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में पहली बार आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल दिल्ली (आईएफएफडी) 2026 का कर्टेन रेजर किया। उन्होंने इसे दिल्ली को वैश्विक सांस्कृतिक और सिनेमाई केंद्र बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे।



### 25 से 31 मार्च तक सिटी-वाइड आयोजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि 25 से 31 मार्च 2026 तक चलने वाला यह सिटी-वाइड फिल्म फेस्टिवल भारत मंडपम सहित नई दिल्ली के कई प्रतिष्ठित स्थलों पर आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि यह पब्लिक फेस्टिवल होगा, जिसमें हर दिल्लीवासी की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### फिल्म नीति के तहत सिंगल-विंडो सुविधा

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की फिल्म नीति के तहत सिंगल-विंडो सुविधा, प्रोडक्शन सपोर्ट और उद्योग सहयोग के जरिए दिल्ली को शूटिंग के लिए आकर्षक डेस्टिनेशन बनाया जा रहा है। आईएफएफडी को दीर्घकालिक सांस्कृतिक परियोजना के रूप में विकसित करने की योजना है।

### स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय मंच

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महोत्सव के जरिए स्थानीय फिल्मकारों और तकनीशियनों को वैश्विक मंच मिलेगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं के साथ संवाद के अवसर बनेंगे। यह आयोजन फिल्म पर्यटन, प्रतिभा विकास, एवीजीसी क्षेत्र और रोजगार सृजन को भी गति देगा।

### 125 से अधिक फिल्मों का प्रदर्शन

फिल्म महोत्सव में 125 से ज्यादा भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों का प्रदर्शन होगा। इसके साथ गाला प्रीमियर, मास्टरक्लास, इंडस्ट्री संवाद, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। डिजिटल और उभरते सिनेमा को समर्पित विशेष प्रस्तुतियां नई तकनीक और नवाचार को मंच देंगी।

### फिल्म उद्योग के लिए नेटवर्किंग और निवेश अवसर

सिनेएक्सचेंज फिल्म मार्केट और सिनेवर्स एक्सपो के माध्यम से फिल्म उद्योग से जुड़े पेशेवरों को नेटवर्किंग, वितरण और निवेश के अवसर मिलेंगे। विशेषज्ञों की मास्टरक्लास और इंडस्ट्री पैनल चर्चाएं प्रतिभागियों को व्यावहारिक समझ प्रदान करेंगी।

### युवा प्रतिभाओं और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली क्रिएटिव कैपिटल के रूप में उभर रही है। यह महोत्सव युवा प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच देगा और पर्यटन, रोजगार तथा रचनात्मक उद्योगों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। (इनपुटः आईएएनएस)

## ग्रीन आर्मी की महिलाओं से संवाद करने असवारी गांव पहुंची राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल

### ग्रीन आर्मी की महिलाओं द्वारा उत्पादित सामानों को देखकर किया सराहना।

समाज जागरण

वाराणसी।आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के असवारी गांव में ग्रीन आर्मी आफ वेलफेयर संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल का ग्रीन आर्मी के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रीन आर्मी के महिलाओं से संवाद कर उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों का लगाए गए स्टालों तथा सिलाई सेंटर काअवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रीन आर्मी की महिलाओं से संवाद किया और गरीब महिलाओं को रोजगार के लिए ठेला तथा बच्चों को स्कूल जाने के लिए साइकिल तथा ग्रीन आर्मी की महिलाओं की पारिश्रमिक भुगतान हेतु चेक वितरण किया।





राज्यपाल ने महिलाओं हेतु सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रीन आर्मी की महिलाओं द्वारा शराबबंदी सहित विभिन्न किए गए सामाजिक कार्यों के बारे में सराहना करते हुए उनका हौसला बुलंद किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु स्वयं सहायता समूह बनाने पर जोर दिया।

होप वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव दिव्यांशु उपाध्याय ने बताया कि काशी को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे अभियान को



साकार करने को लेकर वाराणसी में बाहर से आने वाले पर्यटकों द्वारा गंगा घाटों पर स्नान के बाद छोड़े गए कपड़ों को इकट्ठा कर वहां से लाकर के वाशिंग करने के उपरांत कटिंग करके वेलफेयर ट्रस्ट की ग्रीन आर्मी की महिलाओं द्वारा सिलाई मशीन से तरह-तरह की सुंदर और आकर्षक बैग बनाकर वाराणसी नगर निगम को दिया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, डीडीओ विजय जायसवाल, एसडीएम शांतनु कुमार सिनसिनवार, खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह यादव ,एसीपी संजीव शर्मा, अजय श्रीवास्तव, रवि मिश्रा, दिव्यांशु उपाध्याय, एफएसओ पंकज कुमार यादव,श्याम कांत, संदीप गुप्ता, विकास दीक्षित अमित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## शंकराचार्य प्रकरण पर अखिलेश यादव का हमला, बोले—सम्मान बचाने की जरूरत

समाज जागरण

उन्नाव। शंकराचार्य से जुड़े विवाद को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। Samajwadi Party के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि शंकराचार्य का सम्मान बचाना आवश्यक है। उन्नाव में मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा, "शंकराचार्य जी का सम्मान बचाने की जरूरत है। बीजेपी का चरित्र यही है—जो उनके खिलाफ बोलेगा उसकी आवाज बंद करने के लिए अधिकारियों के माध्यम से न जाने क्या-क्या कराएंगे।" उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने वालों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

# परमाणु हथियारों के बिना भी दुश्मन होगा ढेर! रक्षा प्रमुख अनिल चौहान ने बताया भविष्य की जंग के लिए भारत का 'मास्टरप्लान'

समाज जागरण

नई दिल्ली/सिकंदराबाद। देश के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान ने भविष्य के युद्धों की बदलती प्रकृति पर बड़ा बयान देते हुए बुद्धिमान युद्ध प्रणाली और गैर-परमाणु रणनीतिक प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध अब केवल जमीन, समुद्र और आसमान तक सीमित नहीं रहे, बल्कि डिजिटल और मनोवैज्ञानिक क्षेत्रों तक फैल चुके हैं।

### युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा

सिकंदराबाद में आयोजित रक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रक्षा प्रमुख ने कहा कि आने वाले समय में युद्ध कृत्रिम और मनोवैज्ञानिक क्षेत्र में अधिक लड़े जाएंगे। इसलिए भारतीय सशस्त्र बलों को पारंपरिक सोच से आगे



बढ़कर नई तकनीकों और बहु-क्षेत्रीय रणनीति को अपनाना होगा।

### सभी क्षेत्रों में समन्वित अभियान पर जोर

जनरल चौहान ने कहा कि सेना को सभी क्षेत्रों में समन्वित अभियान के लिए तैयार करना समय की मांग है। इस अवधारणा के तहत जमीन, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष, साइबर और सूचना—सभी क्षेत्रों में एकीकृत और तालमेल वाली कार्रवाई पर ध्यान दिया जाएगा।

### तकनीक और बुद्धिमत्ता बनेगी ताकत

उन्होंने कहा कि भविष्य की जंग में जीत केवल हथियारों की संख्या से नहीं, बल्कि डेटा, एल्गोरिद्म, नेटवर्क और निर्णय क्षमता से तय होगी। भारतीय सशस्त्र बल इसी दिशा में तेजी से आधुनिकीकरण कर रहे हैं।

### आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र पर फोकस

रक्षा प्रमुख ने आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी रक्षा तकनीकों के विकास पर भी जोर दिया। उनका कहना है कि भारत ऐसी समग्र सैन्य क्षमता विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है, जो बिना परमाणु विकल्प के भी प्रभावी रणनीतिक संतुलन बनाए रख सके।

### गैर-परमाणु प्रतिरोधक क्षमता होगी मजबूत

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी सुरक्षा रणनीति में केवल परमाणु हथियारों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। देश तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर क्षमता और सटीक प्रहार जैसे साधनों के जरिए मजबूत गैर-परमाणु प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर रहा है, ताकि किसी भी आक्रामक स्थिति का प्रभावी जवाब दिया जा सके।

# आत्मनिर्भरता राष्ट्र का स्वाभिमान।

## स्वाभिमानी राष्ट्र देश के नागरिकों का श्रेष्ठ रक्षक।

"पराधीन सपने हूं सुख नाही"यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि "एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं",पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी।

हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है ।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी "दैव दैव आलसी" पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है। गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है। दूसरों की कृपा पर जीने वाला व्यक्ति जीवन के अक्षय आनंद से वंचित रहता है। खुद के परिश्रम श्रम से आगे बढ़ने वाला देश या व्यक्ति या समाज सदैव प्रफुल्लित आत्म विश्वासी तथा विकास की ओर सदैव अग्रसर रहता है। हमें सदैव अपने अंदर के आत्मविश्वास, छिपी हुई क्षमताओं मनोबल का सहारा लेकर आत्मनिर्भर या स्वावलंबी बनने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य को मनुष्य होने का अधिकार प्राप्त होता है। पराधीन देश सामान्य व्यक्ति सदैव पशु तुल्य होते हैं। जिनका अपना कोई विचार या व्यक्तित्व नहीं हो सकता है। कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता -

राम सहायक उनके होते,
जो होते हैं, आप सहायक,

हम सबको स्वयं पर भरोसा रखना आत्मबल बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा देती रहती हैं।



संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, स्तम्भकार,चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# ठुकरा दो या प्यार करोदेव!

तुम्हारे कई उपासक कई ढंग से आते हैं
सेवा में बहुमूल्य भेंट वे कई रंग की लाते हैं

धूमधाम से साज-बाज से वे मंदिर में आते हैं
मुक्तामणि बहुमुल्य वस्तुऐं लाकर तुम्हें चढ़ाते हैं

मैं ही हूँ गरीबिनी ऐसी जो कुछ साथ नहीं लाई
फिर भी साहस कर मंदिर में पूजा करने चली आई

धूप-दीप-नैवेद्य नहीं है झांकी का श्रृंगार नहीं
हाय! गले में पहनाने को फूलों का भी हार नहीं

कैसे करूँ कीर्तन, मेरे स्वर में है माधुर्य नहीं
मन का भाव प्रकट करने को वाणी में चातुर्य नहीं

नहीं दान है, नहीं दक्षिणा खाली हाथ चली आई
पूजा की विधि नहीं जानती, फिर भी नाथ चली आई

पूजा और पुजापा प्रभुवर इसी पुजारिन को समझो
दान-दक्षिणा और निछावर इसी भिखारिन को समझो

मैं उनमत्त प्रेम की प्यासी हृदय दिखाने आई हूँ
जो कुछ है, वह यही पास है, इसे चढ़ाने आई हूँ

चरणों पर अर्पित है, इसको चाहो तो स्वीकार करो
यह तो वस्तु तुम्हारी ही है ठुकरा दो या प्यार करो

# बांग्लादेश में मुकदमों की नई जांच से क्या बदलेगी शेख हसीना की किस्मत ?

बांग्लादेश की राजनीति में 23 फरवरी 2026 को गृहमंत्री सलाहुद्दीन अहमद द्वारा मुकदमों की पुनः जांच का आदेश देना एक ऐसा मोड़ है, जिसके गहरे निहितार्थ हैं। 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना के पतन के बाद देश जिस उथल-पुथल से गुजरा, उसने न केवल सत्ता का केंद्र बदला, बल्कि कानूनी प्रक्रियाओं को भी राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों से घेर दिया। अब जब नई निर्वाचित बांग्लादेश नेशनालिस्ट पार्टी सरकार ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व में इन मामलों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इससे शेख हसीना को कोई राहत मिल सकती है। इस विषय का विश्लेषण करने के लिए हमें कानूनी बारीकियों, राजनीतिक नैरेटिव और अंतरराष्ट्रीय दबाव के त्रिकोण को समझना होगा।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि इस समीक्षा का दायरा क्या है। गृहमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जांच केवल उन मुकदमों की होगी जो 5 अगस्त 2024 के बाद दर्ज किए गए। हसीना सरकार के गिरने के बाद उपजी अराजकता में कई अवामी लीग कार्यकर्ताओं, व्यवसायियों और पत्रकारों पर ऐसे मुकदमे दर्ज हुए, जिनके बारे में माना जाता है कि वे व्यक्तिगत रंजिश या "भीड़ तंत्र" के दबाव में किए गए थे। कानूनी रूप से, यह समीक्षा शेख हसीना के लिए सीधे तौर पर कोई ढाल नहीं बनती। इसका कारण यह है कि हसीना पर लगे मुख्य आरोप जैसे 2024 के छात्र आंदोलन का दमन और मानवता के खिलाफ अपराध 5 अगस्त से पहले की घटनाओं से जुड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा उन्हें दी गई मौत की सजा और भ्रष्टाचार के मामलों में मिली 10 साल की कैद इसी श्रेणी में आती है। अतः, पोस्ट-अगस्त मुकदमों की फाइलें दोबारा खुलने से उनकी सजाओं पर कोई तत्काल कानूनी प्रभाव नहीं पड़ता।

हालांकि, कानून केवल धाराओं से नहीं, बल्कि साक्ष्यों और प्रक्रियाओं की शुचिता से चलता है। यदि समीक्षा में यह पाया जाता है कि 5 अगस्त के बाद अवामी लीग के हजारों समर्थकों पर फर्जी केस लादे गए थे, तो यह शेख हसीना के वकीलों को एक मजबूत 'प्रक्रियागत तर्क' प्रदान करेगा। वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह दावा कर सकेंगे कि जब निचले स्तर के कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले राजनीतिक द्वेष से प्रेरित हो सकते हैं, तो सर्वोच्च नेता के खिलाफ की गई पूरी न्यायिक प्रक्रिया भी निष्पक्ष नहीं हो सकती। यह स्थिति शेख हसीना को एक "पीड़ित" के रूप में चित्रित करने में मदद करेगी, जिससे उन्हें प्रत्यक्ष कानूनी लाभ न सही, पर एक नैतिक और नैरेटिव आधारित लाभ अवश्य मिल सकता है।

राजनीतिक दृष्टिकोण से देखें तो तारिक रहमान की सरकार एक कठिन संतुलन साधने की कोशिश कर रही है। एक तरफ उन्हें उन छात्रों और जनता को संतुष्ट करना है जिन्होंने हसीना के खिलाफ क्रांति की, और दूसरी तरफ उन्हें अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह दिखाना है कि बांग्लादेश अब "प्रतिशोध की राजनीति" से आगे बढ़ चुका है। यदि समीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में मुकदमे वापस लिए जाते हैं, तो अवामी लीग के वे कार्यकर्ता जो अब तक भूमिगत थे या डरे हुए थे, फिर से सक्रिय हो सकते हैं। कार्यकताओं की यह सक्रियता शेख हसीना के लिए एक संजीवनी की तरह होगी, क्योंकि किसी भी निर्वासित नेता की शक्ति उसकी जमीन पर मौजूद फौज से ही तय होती है। इससे हसीना को यह कहने का मौका मिलेगा कि उनकी पार्टी के खिलाफ जो भी हुआ वह एक "अवैध तख्तापलट" का हिस्सा था।

एक और महत्वपूर्ण आयाम अंतरराष्ट्रीय संबंधों का है। शेख हसीना वर्तमान में भारत में निर्वासन में हैं और ढाका की नई सरकार उनके प्रत्यर्पण के लिए दबाव बना रही है। मुकदमों की पुनः जांच का आदेश कहीं न कहीं यह संकेत देता है कि बीएनपी सरकार कानून के शासन को बहाल करना चाहती है। यदि जांच निष्पक्ष होती है, तो यह नई सरकार की साख बढ़ाएगी, लेकिन यदि इसमें अवामी लीग के प्रति "नरमी" के संकेत मिले, तो भारत जैसे पड़ोसी देशों को हसीना के पक्ष में खड़े होने का और अधिक आधार मिल जाएगा। भारत पहले ही इन मुकदमों को बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताते हुए मानवीय आधार पर हसीना को शरण दिए हुए है। यदि ढाका खुद स्वीकार करता है कि उसके यहाँ दर्ज मुकदमों में विसंगतियां हैं, तो प्रत्यर्पण की मांग कानूनी रूप से कमजोर पड़ सकती है।

सामाजिक रूप से, बांग्लादेश इस समय बुरी तरह ध्रुवीकृत है। 5 अगस्त के बाद अल्पसंख्यकों और अवामी लीग से जुड़े लोगों के खिलाफ हुई हिंसा ने एक घाव छोड़ दिया है। गृहमंत्री का यह कहना कि "निदोर्षों को परेशान नहीं किया जाएगा," उस वर्ग में सुरक्षा की भावना पैदा कर सकता है जो हसीना का समर्थक रहा है। यह सामाजिक स्थिरता की ओर एक कदम हो सकता है, लेकिन हसीना के लिए यह परोक्ष फायदा है क्योंकि इससे उनके समर्थन आधार का बिखराव रुक जाएगा। जब समर्थक सुरक्षित महसूस करेंगे, तभी वे हसीना की वापसी या उनके विचारों के लिए आवाज उठा पाएंगे।

अंततः, इस पूरी कवायद से शेख हसीना को मिलने वाला लाभ "सीमित और परोक्ष" प्रतीत होता है। उन्हें जेल से बाहर निकालने या उनकी सजा कम करने का कोई सीधा रास्ता इस समीक्षा से नहीं निकलता। लेकिन, यह कदम उस कठोर कानूनी और राजनीतिक घेराबंदी को थोड़ा ढीला जरूर कर सकता है जो 5 अगस्त के तुरंत बाद उनके चारों ओर बनाई गई थी। यदि बीएनपी सरकार इस जांच को पारदर्शी तरीके से पूरा करती है, तो यह बांग्लादेश के लोकतंत्र की जीत होगी, लेकिन यदि इसमें जरा भी चूक हुई, तो शेख हसीना इसे अपनी वापसी का पहला पायदान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। निष्कर्षतः, यह कदम हसीना की सजा को तो नहीं बदल सकता, लेकिन उनकी धूमिल होती छवि को "राजनीतिक शिकार" के रूप में पुनर्जीवित करने का अवसर अवश्य प्रदान कर सकता है।



महेन्द्र तिवारी

# एआई सम्मेलन - भारत की अभूतपूर्व सफलता और व्यथित कांग्रेस

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन में आए विश्व के बड़े बड़े नेता इस पहल से अचंभित थे और भारत की प्रगति की प्रशंसा करते नहीं थक रहे थे। बड़ी बड़ी एआई कंपनियां व निवेशक भारत के साथ समझौते कर रही थीं। जन सामान्य गर्वित हो रहा था क्योंकि यहाँ भारत की युवा प्रतिभाओं की सराहना हो रही थी। सदा से ही राष्ट्र विमुख रही कांग्रेस पार्टी से ये देखा नहीं गया और उनके कुछ चुनिंदा कार्यकर्ता वहां अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने पहुँच गए। वास्तव में अब कांग्रेस पार्टी अब प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा का विरोध करते -करते पूरी तरह भारत विरोधी हो गई है।

कांग्रेस का यह विरोध ऐसा ही था जैसे जब प्राचीन काल में जब ऋषि गण अपने आश्रमो मे किसी अच्छे कार्य के लिए यज्ञादि करते थे तो कुछ राक्षस उस यज्ञ को अपवित्र करने के लिए यज्ञकुंड में हड्डियां डालकर उसे अपवित्र करने का प्रयास करते थे। कांग्रेस ने जो कृत्य विदेशी मेहमानों के समक्ष किया है उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस घोर अराजकतावादी बन चुकी है जिसकी अब सारी उम्मीदें समाप्त होती जा रही हैं।

एआई समिट कांग्रेस द्वारा की गई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से भारत का जेन- जी भी नाराज है जिसको भड़काकर कांग्रेस सड़क पर लाना चाहत है। भाजपा कांग्रेस द्वारा दिए गए इस अवसर को गंवाना नहीं चाहती । पार्टी की तरफ से संपूर्ण भारत में कांग्रेस कर्यालयों के बाहर धरना -प्रदर्शन आयोजित हो रहे हैं। मेरठ में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी भी कांग्रेस पर हमलावर हुए और कहा कि कांग्रेस ने एआई समिट को अपनी नग्न राजनीति का अखाड़ा बना दिया है। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि देश तो जानता ही है कि आप पहले से ही नंगे हो फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्यों पड़ी? यह दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अब वैचारिक रूप से कितनी दिवालिया और दरिद्र हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि जब मैं कांग्रेस की आलोचना करता हूं तो ऐसी सुर्खियां न चलाएं कि मोदी ने विपक्ष पर हमला बोला। कांग्रेस को बचाने की ये चालाकियां बंद करें।

इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस को सपा बसपा सहित कई अन्य छोटे क्षेत्रीय दलो का समर्थन नहीं मिला है जिनको कांग्रेस इंडी ब्लॉक की पार्टियाँ कहती है। कांग्रेस के इस कृत्य का लालू यादव की पार्टी राजद ने भी कड़ा विरोध किया है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी विरोध किया है। कांग्रेस ने इस तरह का प्रदर्शन करके सहयोगी दलों के बीच भी अपनी फजीहत करवा ली है। आगामी समय में यह दल कांग्रेस से दूरी बनाने पर विचार भी कर सकते हैं यही कारण हे कि इन सभी दलों की प्रधानमंत्री मोदी ने सराहना की है।

कांग्रेस के नेता और प्रवक्ता जिस प्रकार टी वी चैनलों व सोशल मीडिया पर इस हरकत को सही ठहरा रहे हैं उससे स्पष्ट है कि यह कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की ही योजना थी। उनका कहना है कि लोकतंत्र मे अपनी बात कहने और सरकार का विरोध करने का अधिकार सबको है, उन्होंने अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग किया है। कांग्रेसी कार्यकताओं की इस हरकत से पुराने परंपरागत कांग्रेसी से भी खुश नहीं हैं और अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे है। पुराने कांग्रेस नेताओं को इस घटना से कोई हैरानी नहीं है अपितु उनका कहना है कि यह बदली हुई कांग्रेस की बदलती हुई संस्कृति की निशानी है। कांग्रेस नेता शशि थरूर भी एआई समिट को अत्यंत सफल आयोजन बता रहे हैं और कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन की निंदा कर रहे हैं। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के चक्कर में कांग्रेस ने भारत की छवि व भारतीय संस्कृति को नुकसान पहुंचाया और इस तरह होली के स्वागत में अपने मुंह पर ही कालिख मल ली।

कांग्रेस के नेताओं की दिली इच्छा रही है कि किसी न किसी प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारत की छवि को पूरी दुनिया में खराब किया जाए और भारत में बांग्लादेश व नेपाल जैसी अराजकता का वातावरण पैदा कर अपना स्वार्थ सिद्ध किया जाए किंतु उसका यह सपना पूरा नहीं हो पा रहा है और यही कारण है कि कांग्रेस हताश होकर नंगी राजनीति पर उतर आई है।

**मृत्युंजय दीक्षित**

# सावरकर का शक्ति और शास्त्र के संगम का अद्वितीय राष्ट्रवाद

विनायक दामोदर सावरकर (28 मई 1883- 26 फरवरी 1966) भारतीय इतिहास के उन विरल व्यक्तित्वों में से हैं, जिन्हें जानना, समझना जितना जटिल है, उतना ही आवश्यक भी। राष्ट्र के लिए तो यह और भी आवश्यक हो जाता है। सावरकर केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, वरन एक भविष्यदृष्टा, तर्कशास्त्री, समाज सुधारक और प्रखर कवि भी थे। उनके राष्ट्र प्रेम का फलक इतना विस्तृत है कि वह जेल की कोठरी से लेकर आधुनिक सैनिकीकरण की नीतियों तक फैला हुआ है। वीर सावरकर एक निश्चित सांचे में ढलने वाले व्यक्तित्व नही थे। उनके राष्ट्र प्रेम का आधार कोई भावुकता मात्र नहीं, बल्कि एक कठोर बौद्धिक यथार्थवाद था। उनके जीवन के तीन प्रमुख आयाम उन्हें भारतीय चिंतन की मुख्यधारा में अद्वितीय स्थान दिलाते हैं। जहां उस दौर की मुख्यधारा की राजनीति याचिकाओं और क्रमिक सुधारों में विश्वास रखती थी, वहीं सावरकर ने सशस्त्र क्रांति और अजेय संकल्प के बल पर अभिनव भारत के माध्यम से पूर्ण स्वतंत्रता का शंखनाद किया। 1857 के संघर्ष को गद्दर के कलंक से निकालकर स्वतंत्रता समर का सम्मान दिलाना उनकी महानतम ऐतिहासिक देन थी। सेलुलर जेल की दीवारों पर कांटों से कविताएं लिखना और कोल्हू के बैल की तरह पिसते हुए भी हार न मानना, उनके उसी अजेय संकल्प का प्रमाण था, जिसे उन्होंने अपनी कविता में अनादि और अवध्य कहा था। सावरकर के राष्ट्र प्रेम का सबसे क्रांतिकारी पक्ष रुढियों पर प्रहार और उनके समाज सुधार के कार्य थे। वे जानते थे कि एक खंडित और छुआछूत में बंटा समाज कभी एक अखंड राष्ट्र नहीं बन सकता। रत्नागिरी में उन्होंने सप्त बंडियों अर्थात सात बेड़ियों को तोड़कर जो कार्य किया, वह उनके विज्ञानवादी होने का प्रमाण था। वैदिक, पौराणिक प्रसंग गोमहिमा से भरे होने के बावजूद भारतीय परंपरा के विपरीत उनका यह कहना कि गाय एक उपयोगी पशु है, भगवान नहीं, उनके तर्कसंगत राष्ट्रवाद को दशार्ता है। वे भारतीय समाज को प्राचीन रूढ़ियों से निकाल कर आधुनिक विज्ञान और औद्योगिक युग में ले जाना चाहते थे। सावरकर शायद पहले नेता थे, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सैनिकीकरण की आवश्यकता को पहचाना। उनका नारा राजनीति का हिन्दूकरण और हिन्दुओं का सैनिकीकरण केवल एक वर्ग विशेष के लिए नहीं, बल्कि भारत की सामरिक शक्ति को बढ़ाने का एक ब्लूप्रिंट था। उनका मानना था कि अहिंसा केवल तभी शोभा देती है जब आपके पास प्रहार करने की शक्ति हो। आज की आधुनिक रक्षा नीतियों में सावरकर के उसी शक्ति संतुलन के विचार की झलक मिलती है। सावरकर का राष्ट्र प्रेम स्व की पहचान का प्रेम था। उन्होंने सिखाया कि राष्ट्र केवल मिट्टी का ढेर नहीं, बल्कि उस पर रहने वाले लोगों का साहस, उनकी संस्कृति और उनकी वैज्ञानिक चेतना है। वे एक ऐसे शक्ति साधक थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को यथार्थवाद का दर्पण दिखाया। मातृभूमि की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। यही सावरकर के जीवन का सार और संदेश है।

अंडमान की काल कोठरी में राष्ट्रवाद का व्याकरण लिखने वाले वीर सावरकर का राष्ट्रवाद केवल नारों का नहीं, बल्कि निशान और निर्माण का राष्ट्रवाद था। उन्होंने हमें सिखाया कि जब तक समाज जातिवाद की बेड़ियों में जकड़ा रहेगा, तब तक अखंड भारत का स्वप्न अधूरा रहेगा। उन्होंने नारा दिया- हिन्दुओं का सैनिकीकरण करो, क्योंकि वे जानते थे कि कायरों की शांति को दुनिया कायरता कहती है, जबकि शक्तिशालियों की शांति को दुनिया सम्मान देती है। उनके विज्ञाननिष्ठ और सशक्त भारत के विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणा देने वाले हैं। सावरकर राष्ट्रवाद, क्रांति व तर्क के संगम थे। सावरकर का राष्ट्रवाद भी अद्वितीय है, क्योंकि वह अतीत के गौरव और भविष्य की आधुनिकता को जोड़ता है। जहां एक ओर वे हिन्दू पद पादशाही के माध्यम से इतिहास को पुनर्जीवित करते हैं, वहीं दूसरी ओर वे अष्टाक्षरी लिपि में सुधार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की वकालत करते हैं। उनका राष्ट्रवाद केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि वह हिन्दू समाज के भीतर की बुराइयों को समाप्त कर उसे वैश्विक शक्ति बनाने का एक व्यापक दर्शन था। उनके विचार आज की आत्मनिर्भर भारत और मजबूत रक्षा नीति की नींव में स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। सावरकर के सैनिकीकरण के विचार केवल कागजी नहीं थे। ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार 22 जून 1940 को सुभाष चंद्र बोस ने सावरकर से उनके मुंबई स्थित निवास सावरकर सदन में मुलाकात की थी। सावरकर ने ही बोस को सलाह दी थी कि वे देश छोड़कर बाहर जाएं और द्वितीय विश्व युद्ध में बंदी बनाए गए भारतीय सैनिकों को संगठित कर एक बाहरी सेना (आजाद हिन्द फौज) तैयार करें। यह सावरकर की दूरदर्शिता ही थी कि जब आजाद हिन्द फौज ने भारत की सीमा पर दस्तक दी, तो ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिल गई। सावरकर का राष्ट्र प्रेम केवल राजनीति तक सीमित नहीं था, वे हिन्दी और मराठी भाषा को विदेशी शब्दों के प्रभाव से मुक्त करना चाहते थे। आज हिन्दी की मुख्यधारा में वृहत रूप में प्रयुक्त होने वाले शब्द - दिग्दर्शक, नगरपालिका, महापौर, प्राचार्य आदि शब्द प्रयोग सावरकर की ही देन हैं। उन्होंने भाषा को राष्ट्र की आत्मा माना और इसके शुद्धिकरण के लिए व्यापक शब्दकोश तैयार किया। सावरकर की काला पानी की जेल यात्रा केवल शारीरिक कष्ट की कहानी नहीं है, बल्कि वह मानवीय इच्छाशक्ति की पराकाष्ठा है। सेलुलर जेल में जब उन्हें कागज नहीं दिया गया, तो उन्होंने पत्थर के टुकड़ों और कीलों से जेल की दीवारों पर 6000 से अधिक पंक्तियां लिखीं। उन्होंने उन पंक्तियों को कंठस्थ किया और जब वे रिहा हुए, तो उन्होंने उन्हें पुनः कागजों पर उतारा। यह विश्व साहित्य के इतिहास में एक दुर्लभ उदाहरण है, जहां एक बंदी ने अपनी स्मृतियों में पूरी किताब संजो कर रखी थी। सावरकर ने कहा था, धर्मग्रंथों को अलमारी में बंद कर दो और विज्ञान की प्रयोगशालाओं को खोलो। उन्होंने परमाणु शक्ति और आधुनिक तकनीक का समर्थन किया। उनका मानना था कि राष्ट्र की रक्षा केवल पूजा-पाठ से नहीं, बल्कि आधुनिक हथियारों और वैज्ञानिक सोच से होगी। उन्होंने हिन्दुत्व को एक गतिशील पहचान माना, जो समय के साथ बदलने की क्षमता रखती है।

वीर सावरकर को किसी एक विचारधारा की सीमा में बांधना कठिन है। वे एक ऐसे क्रांतिकारी तर्कशास्त्री थे, जिन्होंने यह सिखाया कि राष्ट्र भक्ति का अर्थ केवल झंडा फहराना नहीं, बल्कि समाज की कुरीतियों को जलाना और राष्ट्र को सैन्य व वैज्ञानिक रूप से इतना सक्षम बनाना है कि दुनिया उसकी ओर आंख उठाकर न देख सके। उनका जीवन एक जलती हुई मशाल की तरह था, जिसने न केवल स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि स्वतंत्र भारत को सुरक्षित रखने का मंत्र भी दिया। विनायक दामोदर सावरकर का राष्ट्र प्रेम उनके जीवन के हर पहलू क्रांतिकारी गतिविधियों, वैचारिक लेखन और सामाजिक सुधारों में झलकता है। उनके लिए राष्ट्र केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत थी। उन्होंने मित्र मेला और अभिनव भारत जैसी गुप्त संस्थाएं बनाईं ताकि युवाओं को अंग्रेजी शासन के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह के लिए प्रेरित किया जा सके। अपनी मातृभूमि के लिए उन्होंने सेलुलर जेल (काला पानी) में वर्षों तक अमानवीय यातनाएं सहीं। सावरकर ने हिन्दुत्व को एक व्यापक राष्ट्रीय पहचान के रूप में परिभाषित किया। उनके अनुसार जो भी भारत को अपनी पितृभूमि और पुण्यभूमि मानता है, वह इस राष्ट्र का अटूट हिस्सा है। उन्होंने हिन्दू पद पादशाही जैसे ग्रंथों के माध्यम से भारतीय गौरव को पुनर्जीवित किया। वे विभाजन के घोर विरोधी थे और अखंड भारत की परिकल्पना में विश्वास रखते थे, जहां सिंधु नदी से समुद्र तक की भूमि एक सूत्र में पिरोई हो। उनके राष्ट्र प्रेम में केवल स्वतंत्रता ही नहीं, बल्कि एक मजबूत और संगठित समाज भी शामिल था। उन्होंने रत्नागिरि में नजरबंदी के दौरान जातिवाद और छुआछूत जैसी कुरीतियों के विरुद्ध कड़ा संघर्ष किया ताकि राष्ट्र आंतरिक रूप से शक्तिशाली बने। उन्होंने 1857 का स्वातंत्र्य समर पुस्तक लिखकर अंग्रेजों के उस विमर्श को चुनौती दी, जिसमें इसे केवल एक सैन्य विद्रोह कहा गया था। इस कृति ने भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों को भी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। सावरकर का मानना था कि राष्ट्र की रक्षा के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र का ज्ञान भी आवश्यक है, इसीलिए उन्होंने राजनीति के हिन्दूकर और हिन्दुओं के सैनिकीकरण का नारा दिया। कहा जाता है कि उनके इन्हीं क्रन्तिकारी विचारों और अदम्य साहस के कारण वीर की उपाधि उन्हें जनता ने दी थी। कुछ विवरणियों के अनुसार प्रहलाद केशव अत्रे ने उन्हें एक सार्वजनिक सभा में इस उपाधि से संबोधित किया था, जिसके बाद वे वीर सावरकर के नाम से विख्यात हुए। सावरकर का व्यक्तित्व विरोधाभासों से भरा रहा है- एक तरफ वे एक क्रांतिकारी थे, तो दूसरी तरफ एक व्यावहारिक राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक। ऐसे महान क्रांतिकारी सावरकर का अंत भी उनके जीवन की तरह ही गरिमापूर्ण था। उन्होंने आत्मार्पण अर्थात स्वेच्छा से देह त्याग का मार्ग चुना। 1 फरवरी 1966 को सावरकर ने घोषणा की कि उनका जीवन उद्देश्य पूर्ण हो चुका है और अब वे भोजन, जल और दवाओं का त्याग अर्थात प्रायोपवेशन कर रहे हैं। उन्होंने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि आत्मार्पण कहा, क्योंकि यह निराशा में नहीं वरन कर्तव्य पूर्ति के बोध के साथ लिया गया निर्णय था। उन्होंने अपने लेख आत्महत्या की आत्मार्पण में तर्क दिया कि जब शरीर काम करना बंद कर दे और राष्ट्र के लिए व्यक्ति की उपयोगिता समाप्त हो जाए, तो मृत्यु की प्रतीक्षा करने के बजाय उसे गरिमा के साथ गले लगाना श्रेष्ठ है। लगभग 26 दिनों के उपवास के बाद 26 फरवरी 1966 को सुबह 11:10 बजे उन्होंने मुंबई के सावरकर सदन में अंतिम सांस ली।

**अशोक प्रवृद्ध**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जारचा पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ शातिर आरोपी दबोचा

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग नोएडा। थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर अभियुक्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने आरोपी को समाना नहर के पास से दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नसीम पुत्र वहीद, निवासी ग्राम छौलस, थाना जारचा, जनपद गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। उसकी उम्र लगभग 48 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है। बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कई संगीन मुकदमों में वांछित

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में आठ से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गंभीर धाराओं के मामले भी शामिल हैं। थाना जारचा पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**समाज जागरण जनहित**

# होली से पहले खाद्य विभाग सख्त, 10 खाद्य पदार्थों के नमूने भरे

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग नोएडा। आगामी होली पर्व के मद्देनजर जनपदवासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन मोड में है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य प्रतिष्ठानों और वाहनों की सघन जांच कर नमूने एकत्र किए जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल कुमार गुप्ता और सैय्यद इबादुल्लाह की टीम ने रेलवे रोड दादरी पर तड़के कार्रवाई करते हुए वाहन संख्या DL9CU6086 से दिलशाद (निवासी कादलपुर, दनकौर) को लगभग 150 किलोग्राम पनीर बिक्री के लिए ले जाते पकड़ा। पनीर प्रथम दृष्टया मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त और अस्वच्छ पाया गया। टीम ने पनीर का नमूना लेकर शेष माल को नष्ट करा दिया।




इसी टीम ने साइट-5 यूपीएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित वसेर्टाइल फूड्स प्रा. लि. के गोदाम से स्किम्ड मिल्क पाउडर का एक नमूना लिया। साथ ही कासना बस अड्डा गर्भरा रोड स्थित आस मोहम्मद चिकन बिरयानी और इकबाल चिकन बिरयानी से एक-एक नमूना संग्रहित किया गया।

दूसरी टीम ने यमुना एक्सप्रेसवे स्थित जेवर टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान वाहन संख्या UP8DW0795 से खैर तहसील (जनपद अलीगढ़) निवासी वीरेंद्र सिंह को खोया दिल्ली सप्लाई के लिए ले जाते पाया, जिससे खोया का नमूना लिया गया। वहीं वाहन संख्या DLCDC8386 से निगम सिंह (निवासी टप्पल, अलीगढ़) को दूध सप्लाई करते पकड़ा गया, जिससे दूध का नमूना लिया गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने रबूपुरा-जेवर स्थित कामरान डेयरी से क्रीम और दूध का एक-एक नमूना तथा मेहंदीपुर बांगर स्थित अजहर डेयरी से दूध और रंगीन छेना मिठाई का नमूना लिया।

इस प्रकार कुल 10 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आगे भी अभियान जारी रहेगा, ताकि जनपदवासियों को मानक के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जा सकें।

**समाज जागरण : प्रशासन**

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



संदीप गर्ग नोएडा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस के ताले पर लगी सील की गहन जांच की, जो पूरी तरह सुरक्षित पाई गई। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का भी विस्तृत अवलोकन किया, जिसमें सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्य करते मिले। साथ ही खिड़कियों और रोशनदान की सुरक्षा व्यवस्था की भी बारीकी से पड़ताल की गई। निरीक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। प्रशासन के अनुसार निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और सुरक्षित पाई गईं।

# एनईए की उप आयुक्त उद्योग पंकज निर्वाण के साथ परिचयात्मक बैठक

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग नोएडा। नोएडा एन्त्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) भवन, बी-110ए, सेक्टर-6, नोएडा में नव नियुक्त उप आयुक्त उद्योग, जिला गौतमबुद्ध नगर पंकज निर्वाण के साथ एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई।



कार्यक्रम की शुरूआत एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने उप आयुक्त उद्योग पंकज निर्वाण एवं सहायक उपायुक्त उद्योग वत्स कृष्णा को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ की। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में उद्यमियों की उद्योग संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

### उद्योग बंधु बैठक से पहले समन्वय की मांग

श्री मल्हन ने बताया कि उद्यमियों की विभिन्न समस्याएं हर माह होने वाली जिला उद्योग बंधु बैठक में उठाई जाती हैं। उन्होंने आग्रह किया कि उद्योग बंधु बैठक से पहले सभी विभागों और औद्योगिक संगठनों के साथ समन्वय बैठक सुनिश्चित की जाए, ताकि समस्याओं का समय पर निस्तारण हो सके।

### रोस्टर जारी, बकाया भुगतान पर मदद का आश्वासन

उप आयुक्त उद्योग पंकज निर्वाण ने जानकारी दी कि उद्योग बंधु बैठक से पूर्व विभिन्न औद्योगिक संगठनों के साथ बैठक के लिए रोस्टर जारी कर दिया गया है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि यदि किसी पार्टी द्वारा माल बेचने के बाद भुगतान रोका जाता है तो वे विभाग से संपर्क करें, प्रशासन आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगा।

अंत में अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने उप आयुक्त उद्योग पंकज निर्वाण एवं सहायक उपायुक्त उद्योग वत्स कृष्णा का एनईए में आकर उद्यमियों की समस्याएं सुनने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में महासचिव वी.के. सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कक्कड़ व धर्मवीर शर्मा, कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन, सह-कोषाध्यक्ष एम.पी. सिंह, उपाध्यक्ष मयंक गुप्ता, सचिव आलोक गुप्ता, राजन खुराना, राज कुमार गुप्ता, विरेंद्र नरूला, सह सचिव जी.के. बंसल, प्रदीप अग्रवाल, झुमा विश्वास नाग सहित बड़ी संख्या में उद्यमी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न, विभिन्न राज्यों में नई नियुक्तियाँ घोषित

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग नोएडा। विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली स्थित 6, तुगलक लेन पर आयोजित की गई। यह बैठक राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलराज मिश्रा ने की। इसमें देशभर से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया और संगठन के विस्तार व सुदृढ़ीकरण पर व्यापक चर्चा हुई।

### महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ

बैठक में संगठनात्मक मजबूती के लिए कई अहम नियुक्तियों की घोषणा की गई–
मध्य प्रदेश अध्यक्षः नर्मदा शंकर भार्गव
उत्तर प्रदेश अध्यक्षः विनोद पांडे (पूर्व एमएलसी)
मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रभारीः अनूप मिश्रा (पूर्व मंत्री, मध्य प्रदेश)
गुजरात एवं राजस्थान प्रभारीः सुरेश मिश्रा (राष्ट्रीय महामंत्री)
शिक्षक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संयोजकः चंद्र शर्मा (विधान परिषद सदस्य)
आर्थिक प्रकोष्ठ अध्यक्षः वीरेश तिवारी
युवा प्रकोष्ठ (राष्ट्रीय) को सुदृढ़ करने का दायित्वः पं. शिवांग पांडेय

इसके अतिरिक्त डॉ. विवेक को दिल्ली का प्रभारी तथा माधव शर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया।

### "संगठन पर्व" की घोषणा

अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष पंडित सतीश शर्मा ने संगठन निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए 15 अप्रैल तक ह्लसंगठन पर्वह्व मनाने की घोषणा की। उन्होंने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश को छह क्षेत्रों में विभाजित कर प्रत्येक क्षेत्र में मजबूत संगठनात्मक ढांचा खड़ा करने का लक्ष्य रखा।



### ग्राम स्तर तक विस्तार का संकल्प

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परिषद को ग्राम स्तर तक सशक्त किया जाएगा और समाजहित के कार्यों को गति दी जाएगी।

### ये पदाधिकारी रहे मौजूद

बैठक में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष पंडित सतीश शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनूप मिश्रा, राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश मिश्रा, एमएलसी चंद्र शर्मा, वीरेश तिवारी, शिवांग पांडे, कार्यालय प्रभारी मुकेश शर्मा, दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष हरिश शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री मनोज शास्त्री, राष्ट्रीय मंत्री अमित मिश्रा, राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख अरविंद भारद्वाज, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मुकुल बाजपेई, कोषाध्यक्ष शरद शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माधव शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री कुलदीप अवस्थी (लखनऊ) तथा राजेश पाण्डेय (कन्नौज) सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# फेस-3 पुलिस ने दुष्कर्म व ठगी के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग नोएडा। थाना फेस-3 पुलिस ने दुष्कर्म, धोखाधड़ी और आईटी एक्ट से जुड़े मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को एफएनजी सर्विस रोड स्थित डंपिंग ग्राउंड के पास से दबोचा।




पुलिस के अनुसार वादिनी ने थाना फेस-3 में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्त श्याम सुन्दर गेडम ने उसे कंपनी में पार्टनर बनाने के नाम पर तीन लाख रुपये हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। साथ ही फर्जी कंपनी बनाकर कई अज्ञात लोगों को ऑफर लेटर देने के नाम पर धन ठगने, सिम कार्ड खरीदवाकर फिनो खाते खुलवाने और उनमें अवैध धन ट्रांसफर कर जन सेवा केंद्रों से नकदी निकालकर अपने साथियों के खातों में भेजने का आरोप भी लगाया गया था।

मामले में थाना फेस-3 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए धारा 64/316(2)/308(4)/3(5) बीएनएस तथा 66 ई आईटी एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त श्याम सुन्दर गेडम पुत्र बालकृष्ण गेडम को गिरफ्तार किया। अभियुक्त वर्तमान में अमरपाली ड्रीम विले, थाना बिसरख, जनपद गौतमबुद्धनगर में रह रहा था तथा मूल रूप से श्रीनगर कॉलोनी, थाना पंजागुट्टा, जिला हैदराबाद, तेलंगाना का निवासी है। उसकी उम्र करीब 40 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक लैपटॉप, पांच मोबाइल फोन, विभिन्न बैंकों की नौ चेक बुक, दो रजिस्टर और एक पैन कार्ड की छायाप्रति बरामद की है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनपद में अपंजीकृत येलो फास्फोरस (3% पेस्ट) उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित: जिला कृषि रक्षा अधिकारी

गौतमबुद्धनगर, 25 फरवरी 2026 जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर कृषि निदेशक (कृषि रक्षा), उत्तर प्रदेश, कृषि निदेशालय लखनऊ द्वारा अपंजीकृत येलो फास्फोरस (3% पेस्ट) उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

उक्त निदेशों के अनुपालन में जनपद गौतमबुद्धनगर के समस्त कीटनाशक व्यवसायियों को सूचित किया जाता है कि अपंजीकृत येलो फास्फोरस (3% पेस्ट) उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही सभी विक्रेता एवं डीलर अपने प्रतिष्ठान पर उपलब्ध ऐसे उत्पादों के स्टॉक की सूचना तत्काल जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित समय में सूचना उपलब्ध नहीं कराई जाती है और निरीक्षण के दौरान संबंधित उत्पाद का स्टॉक पाया जाता है, तो उसे नियमानुसार सीज करते हुए संबंधित विक्रेता/डीलर के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम, 1968 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यम से भी उक्त उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। यदि किसी भी स्तर पर उल्लंघन का मामला संज्ञान में आता है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सौजन्य से – सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# ग्राम पंचायत सचिवालय की बदहाल तस्वीरें, चहारदीवारी टूटी, बिजली व्यवस्था भी खस्ताहाल

**धर्मेन्द्र कुमार, समाज जागरण संवाददाता, मेरठ**

जनपद के ग्राम पंचायत सचिवालय, ग्राम आड़ से सामने आई तस्वीरें संबंधित विभाग की लापरवाही को उजागर करती नजर आ रही हैं। सचिवालय भवन का लंबे समय से रखरखाव न होने के कारण चहारदीवारी कई स्थानों से टूटी हुई है, जबकि एक ओर की दीवार पूरी तरह गिरी हुई दिखाई दी। भवन की दीवारों की हालत जर्जर है और ऐसा प्रतीत होता है कि वर्षों से रंगाई-पुताई नहीं कराई गई है।

ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ग्राम पंचायत सचिव के महीनों तक दर्शन नहीं होते, जिससे ग्राम स्तर के कार्यों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी परिसर में पेयजल सुविधा के लिए स्थापित पानी की टंकी की स्थिति भी चिंताजनक पाई गई। मौके पर मौजूद टंकी ऑपरेटर ने बताया कि उन्हें कई-कई महीनों तक वेतन नहीं मिल पाता। जब मीडिया कर्मियों ने टंकी के संचालन कक्ष का निरीक्षण किया तो हालात और भी हैरान करने वाले मिले। मुख्य स्विच के कटआउट टूटे हुए थे, स्टार्टर जमीन पर रखा मिला और कई स्थानों पर बिजली के तार खुले पड़े थे, जो किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकते हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या संबंधित अधिकारी इस स्थिति से अनभिज्ञ हैं? सचिवालय और पेयजल व्यवस्था की बदहाली अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नोटिस पर बढ़ी सियासी और धार्मिक प्रतिक्रिया

सोशल मीडिया मंच एक्स पर अधिवक्ता अनिल मिश्रा ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नोटिस दिए जाने के मामले में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नोटिस थमाना केवल एक धमाचार्य का अपमान नहीं है, बल्कि सनातन परंपरा और उसे मानने वाले करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत करने जैसा है। उन्होंने यह भी लिखा कि ऐसे कदम समाज में संतुलन स्थापित करने के बजाय सनातनियों के रोष और व्यापक असंतोष को आमंत्रित कर सकते हैं। यह बयान सामने आने के बाद धार्मिक और राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

# रोजगार महोत्सव में 1790 युवाओं का चयन, नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 25 फरवरी 2026। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा विश्वेश्वरैया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, न्यू नोएडा जीटी रोड, दादरी में भव्य रोजगार महोत्सव–2026 का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और 1790 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन हुआ।

कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर दादरी विधायक तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### नियुक्ति पत्र मिलते ही झूमे युवा

साक्षात्कार के बाद चयनित युवक-युवतियों को प्रभारी मंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते ही युवाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरे परिसर में उत्साह व आत्मविश्वास का माहौल दिखाई दिया।

### 113 से अधिक कंपनियों ने लिया हिस्सा

जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने बताया कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किया गया। इसमें आर्य फैशन, Yamaha Motor, Samsung, Denso, Jubilant FoodWorks, Motherson Group, Axis Bank, HDFC Bank, ICICI Bank सहित लगभग 113 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि कुल 4911 प्रतिभागियों में से 1790 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। आठवीं पास से लेकर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, बीबीए, एमबीए, फामेर्सी तथा स्नातक-परास्नातक योग्यता वाले युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

### युवाओं के भविष्य की ओर मजबूत कदम

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे रोजगार महोत्सव युवाओं के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

यह आयोजन न केवल युवाओं को रोजगार दिलाने में सार्थक साबित हुआ, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम भी माना जा रहा है। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे.

# उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में यूपीयूएमएस सैफई का स्थापना दिवस सम्पन्न

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई द्वारा 25 फरवरी 2026 को विश्वविद्यालय सभागार में "स्थापना दिवस 2026" का गरिमामय एवं भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने की। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के निदेशक सी. एम. सिंह तथा इटावा सदर की विधायक सरिता भदौरिया, जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का शुभारम्भ गणमान्य अतिथियों के मंचासीन होने के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगीत, दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं जलार्पण समारोह सम्पन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं एवं उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रगति की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राध्यापकों, चिकित्सकों एवं कर्मियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सी. एम. सिंह को सम्मानित किया गया तथा उन्होंने स्थापना दिवस व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए चिकित्सा शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य, नवाचारों एवं भावी चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने राज्य में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता एवं आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार की नीतियों और प्रयासों की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा शिक्षा, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं एवं ट्रॉमा प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यूपीयूएमएस के समग्र विकास हेतु प्रदेश सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने एमबीबीएस, पीजी एवं अन्य संचालित पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाए जाने की घोषणा की।

उन्होंने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के निकट 250 शैय्या वाले अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना पर विशेष बल देते हुए कहा कि यह केंद्र पूर्ण रूप से यूपीयूएमएस सैफई के अधीन संचालित होगा, जिससे प्रदेश के विभिन्न जनपदों के मरीजों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण आपात चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर मरीजों का हाल भी जाना और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया। साथ ही बैंक ऑफ इंडिया एवं यूपीयूएमएस सैफई के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय की स्मारिका एवं न्यूजलेटर का विमोचन भी किया गया।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर प्रति कुलपति डॉ. रमाकांत यादव, डॉ. अमित सिंह, डॉ. एस.पी. सिंह, डीन डॉ. आदेश कुमार, डॉ. विनय गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सोमेंद्र पाल, डॉ. रवि रंजन, डॉ. संदीप गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी के. वी. अग्रवाल, कुल सचिव डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. विजय मिश्रा, डॉ. सुभाष चंद्रा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

सैफई हवाई पट्टी पर उपमुख्यमंत्री का जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला, जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, प्रेम दास कठेरिया, गोपाल मोहन शर्मा, अजय धाकरे, शिवाकांत चौधरी, जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, राहुल राजपूत, विधायिका सरिता भदौरिया, सत्यम राजपूत, अंशुल अशोक दुबे, प्रशांत राव चौबे, रोहित शाक्य (मीडिया प्रभारी), अवनीश जाटव आदि ने स्वागत किया।

# टीएमयू की मोबाइल डेंटल वैन ने सामाजिक सरोकार को बढ़ाए हाथ

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की अति आधुनिक वैन ने वैदिक वानप्रस्थ आश्रम में पहुंचकर किया वृद्धों के दांतों का परीक्षण

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद, के तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर का भी सामाजिक सरोकार से गहरा नाता है। न केवल डेंटल कॉलेज कैंपस में समय-समय पर कैंप लगाता है, बल्कि अति आधुनिक मोबाइल डेंटल वैन के जरिए घर बैठे सीनियर सिटीजंस से लेकर ग्रामीणों के दांतों की प्राथमिक चिकित्सा करता है। यह मोबाइल डेंटल वैन मुरादाबाद के वैदिक वानप्रस्थ आश्रम पहुंची, जहां करीब दो दर्जन से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क दंत जांच और इलाज किया गया। मोबाइल डेंटल वैन में डेंटल स्टुडेंट्स ने दांतों की सफाई- स्केलिंग, अस्थायी फिलिंग, दर्द निवारण उपचार, मुख के घावों की जांच और कृत्रिम दांतों- डेंचर संबंधी परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही सभी को सही ब्रशिंग तकनीक, दंत स्वच्छता के उपाय एवम् संतुलित आहार संबंधी जानकारी दी गई। जिन मरीजों को विशेष उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें कॉलेज में आगे की जांच एवम् उपचार हेतु संदर्भित किया गया। चलने-फिरने में असमर्थ जो वृद्धजन अस्पताल नहीं जा पाते थे, उन्हें मोबाइल डेंटल वैन- आपके द्वार का लाभ मिला। उल्लेखनीय है, चांसलर श्री सुरेश जैन ने सपरिवार जनवरी में इस नवीन मोबाइल दंत बस इकाई की शुरूआत की थी।

# खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**

चंदौसी। मंडल स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि राज्य स्तर की प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित कर नगर का नाम गौरवान्वित किया।मंडल स्तरीय यह प्रतियोगिताएँ बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मुरादाबाद मंडल में आयोजित की गई थीं, जिनमें मंडल के पांचो जिलों के विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। यह उपलब्धि विद्यालय एवं चंदौसी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।



विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर नगर पालिका चंदौसी द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के साथ उनकी मार्गदर्शक शिक्षिका डॉ दुर्गा टंडन को सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा मंडल स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर राज्य स्तर पर स्थान बनाना अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह डॉ दुर्गा टंडन जी के समर्पित शिक्षण, अनुशासन एवं सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। नगर पालिका उन्हें एक आदर्श शिक्षिका के रूप में सम्मानित करती है। खेलों के माध्यम से बच्चों का विकास होता है।इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका डॉ दुर्गा टंडन ने अपने वक्तव्य में कहा, यह सफलता मेरे विद्यार्थियों की अथक मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल प्रतियोगिता जीतना नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्टता की भावना विकसित करना है। राज्य स्तर पर पहुंचना हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है और हम आगे भी इसी समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने इसे चंदौसी की शैक्षिक प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि राज्य स्तर पर पहुंचना नगर के लिए अत्यंत सम्मान की बात है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष लता वाष्णेय , डॉ दुर्गा टंडन, अभिषेक गुप्ता, आशीष, अंशुल वार्ष्णेय ,मुकुल शर्मा, बृजबाला वार्ष्णेय, संध्या, मानवी, शिवानी, बृजेश, डौली आदि उपस्थित रहे।

# जायन्टस ग्रुप ऑफ चंदौसी वेस्ट का 38 वाँ अधिष्ठापन समारोह का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी। जायन्टस ग्रुप ऑफ चंदौसी वेस्ट का 38 वाँ अधिष्ठापन समारोह स्पाइस फ्यूजन के सभागार में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी,सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉ सुधा चौधरी,पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष पदमा भार्गव एवं पूर्व अध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर सभा का शुभारंभ किया।



जायन्टस प्रार्थना के पश्चात संगठन के नव निर्वाचित सदस्यों को संगठन की शपथ दिलाई गई.

यूनिट डायरेक्टर ने नव निर्वाचित अध्यक्षा संगीता भार्गव और उनके बोर्ड मेंबर नीरा एरन, डॉ गिरिराज किशोर ,डॉ श्याम गोआनी सक्सेना, डॉ सलिल दीक्षित, डॉ जीतेंद्र ,सुनील अग्रवाल ,विवेक गुप्ता, विष्णु एरन, अनुराग भार्गव, मुनीश जिंदल,मुकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल को पद एवं संगठन की शपथ दिलाई।

नव निर्वाचित अध्यक्ष संगीता भार्गव ने कहा कि जायन्टस ग्रुप समाज सेवा में अग्रणी है उन्होंने रक्तदान करने पर जोर दिया.

पूर्व अध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें व सभी ग्रुप सदस्यों को स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट किये। डीओए 2025 कृष्ण औतार गुप्ता ने पिछले वर्ष किये गये कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की.

डीओए 2026 नीरा एरन ने आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा की जानकारी दी। सभा का संचालन रितु गोयल ने किया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफिसर सुभाष रस्तोगी, सीमा चौधरी,अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल,शिखा शर्मा, अनिल कागजी,डॉ मनीष गुप्ता ,डॉ राम वार्ष्णेय, अजय कांत नागर, भुवनेश वार्ष्णेय, संजीव गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, डॉ अशोक अग्रवाल, मोहित वार्ष्णेय, संजय गोयल, संतोष वार्ष्णेय, डॉ सर्वेश सक्सेना, पी सी राय, वीनेश वार्ष्णेय, नीलम राय, डॉ मोनिका, कमलेश अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रेखा गुप्ता, नीरू किशोर, अनुभा गुप्ता,रानू वार्ष्णेय, डॉ वंदना सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# आगामी त्योहारों एवं कानून/शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा की गयी पैदल गस्त

**समाज जागरण**

संभल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा कस्बा संभल क्षेत्रान्तर्गत आगामी त्यौहारों होली, एकादशी एवं एकादशी पर निकलने वाले जुलूस के मार्गो का भ्रमण एवं जायजा लिया गया तथा मुख्य बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों में



पुलिस बल के साथ अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत पैदल गस्त कर आमजन से संवाद स्थापित किया गया व जनता में सुरक्षा की भावना जागृत की गयी तथा क्षेत्रवासियों से सद्भावपूर्ण व आपसी भाईचारे से आगामी त्यौहारों को मनाने एवं भ्रामक अफवाह तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने यादव जी की लव स्टोरी का किया कड़ा विरोध

**समाज जागरण**

चंदौसी। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने यादव जी की लव स्टोरी नाम से फिल्म का कड़ा विरोध करते हुए तीन मांगें रख रही है । राष्ट्रीय अध्यक्ष जस्टिस रवींद्र सिंह यादव ने कार्रवाई नहीं होने पर देशव्यापी आंदोलन की बात कही है। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जनपद संभल राष्ट्रीय अध्यक्ष जस्टिस रवींद्र सिंह यादव, राष्ट्रीय महासचिव एवं कोर्डिनेटर सी.शेखर एवं प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय चौधरी कप्तान सिंह यादव जी के नेतृत्व में हर आंदोलन के लिए तैयार है।

यादव समाज को षड्यंत्र के तहत बदनाम करने की साज़िश को कामयाब नहीं होने देंगे। जनपद संभल के सभी सम्मानित साथियों से अनुरोध है कि जैसे ही शीर्ष नेतृत्व से निर्देश प्राप्त हो सभी आंदोलन के लिए तैयार रहें।

# तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास एसडीएम ने रुकवाया

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नांगल सोती में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया गया, जिसे उप जिलाधिकारी (एसडीएम) नजीबाबाद शैलेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया। कब्जा करने वाले लोग अपनी भूमि होने का कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। नांगल के खसरा संख्या 60 में लगभग साढ़े दस बीघा भूमि पर तालाब दर्ज है। दशकों पहले इस तालाब की भूमि पर गांव के तीन लोगों को पट्टे आवंटित किए गए थे, लेकिन बाद में शासन ने ये सभी पट्टे खारिज कर दिए। पट्टे खारिज होने के बाद से यह तालाब भूमि करीब 20 वर्षों से खाली पड़ी थी। मंगलवार को राजवीर और धीर सिंह नामक व्यक्तियों ने जेसीबी की मदद से तालाब की भूमि की खुदाई शुरू कर दी। इसकी शिकायत कुछ ग्रामीणों ने एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र प्रताप सिंह से की। शिकायत मिलने पर हल्का लेखपाल लेशवंत सिंह मौके पर पहुंचे, उन्होंने तालाब की भूमि की पैमाइश की और जेसीबी द्वारा किए जा रहे खुदाई के कार्य को देर शाम तत्काल बंद करवा दिया। खुदाई कर रहे धीर सिंह ने बताया कि यह पट्टा उनके दादा मनहोरी सिंह के नाम था और उनकी मृत्यु के बाद वारिसों के नाम फर्द में दर्ज हैं। उन्होंने दावा किया कि पट्टा खारिज होने के बाद वे न्यायालय गए थे और मुकदमा उनके पक्ष में आया है। हालांकि, धीर सिंह लेखपाल को मुकदमे से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। इसके बाद लेखपाल ने कार्य को पूरी तरह बंद करा दिया और उन्हें भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद ही कोई कार्य करने की हिदायत दी। यह तालाब काफी पुराना है और बीते वर्षों में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना के तहत इसकी कई बार खुदाई कर चारों ओर पालट बाउंड्री का निर्माण कराया गया था। जेसीबी से की गई खुदाई के दौरान मनरेगा के तहत हुए इस कार्य कों भी खुर्दबुर्द कर दिया गया।



# सीएम योगी से मिले प्रवीण गंभीर, श्रीराम गंभीर कस्तूरी लाल अब्बी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज का मामला उठाया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। श्रीराम गंभीर कस्तूरी लाल अब्बी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ग्राम बल्दिया में कथित वित्तीय अनियमितताओं और अवैध कब्जे के मामले को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नगर के एक प्रमुख व्यवसायी प्रवीण गंभीर ने पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर श्रीराम गंभीर कस्तूरी लाल अब्बी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज से जुड़े कथित अनियमितताओं के प्रकरण से अवगत कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर में कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर संस्थान के संचालन में हस्तक्षेप किया जा रहा है, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रवीण गंभीर ने मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया कि कॉलेज प्रबंधन से जुड़े कुछ लोगों पर प्रवेश प्रक्रिया में अनियमितता बरतने तथा विभिन्न मदों में करोड़ों रुपये की कथित वित्तीय गड़बड़ी के आरोप हैं। उनका कहना है कि इन मामलों को लेकर पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि मामले में न्यायालय द्वारा दिए गए निदेशों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई न होने से असंतोष की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण की जांच कराने का आश्वासन दिया और कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता सिद्ध होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में कॉलेज की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा तेज हो गई है और अब सभी की निगाहें प्रशासनिक जांच पर टिकी हैं।



# सघन वाहन चैकिंग अभियान, नियम तोड़ने वालों को दी सख्त चेतावनी

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट नगर में पुलिस अधीक्षक बिजनौर के दिशा-निर्देशन में थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले तथा नशे का सेवन कर वाहन चलाने वाले - चालकों के विरुद्ध सख्त



कार्रवाई की गई। रात्रि लगभग आठ बजे नगर के - टेम्पू स्टैंड चौराहे पर चलाए गए इस विशेष चेकिंग अभियान में दोपहिया व चारपहिया वाहनों की गहन जांच की - गई। पुलिस टीम ने बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, व नशे मे वाहन चालने वाले - तथा कागजात अधूरे होने व संदिग्ध स्थिति में वाहन चलाने वालों को रोककर पूछताछ की। कई वाहन चालकों के चालान भी किए गए। थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल स्वयं के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने तथा नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

# बिजनौर में उद्योग, रोजगार और विकास को नई रफ्तार–जनपद में योजनाओं का असर दिखने लगा

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। जनपद में औद्योगिक विकास, स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर माहौल तेजी से सकारात्मक होता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में जिला उद्योग अधिकारी अमित चौधरी और अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एडवोकेट के बीच हुई महत्वपूर्ण मुलाकात ने विकास को नई दिशा देने का संदेश दिया।




बैठक के दौरान शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहकर हर जरूरतमंद तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि ह्लउद्योग ही रोजगार की कुंजी हैह्व और जनपद बिजनौर में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा की कि योजनाओं में पारदर्शिता और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता का विश्वास और मजबूत हो।

इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष बिजनौर किशोर कुमार, मंडल अध्यक्ष जकी-उल-नासिर एवं सुशील कुमार भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जनपद के विकास के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय बेहद आवश्यक है। जिला उद्योग अधिकारी अमित चौधरी ने स्पष्ट किया कि जनपद बिजनौर में हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए विभाग पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर पैरामीटर पर पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कार्य हो रहा है और उद्योगों का विस्तार उनकी प्राथमिकता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने आगे बताया कि नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने, आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। इसका सीधा लाभ जनपद की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास पर दिखाई दे रहा है। बैठक में यह भी उभरकर सामने आया कि अपना दल (एस) की बढ़ती सक्रियता और जमीनी पकड़ के कारण योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक तेजी से पहुँच रही है, जिससे लोगों को समय पर लाभ मिल रहा है।

जनपद बिजनौर में विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता की यह पहल आने वाले समय में एक मजबूत और समृद्ध भविष्य की नींव रखती नजर आ रही है।

# खो बैराज में कूदे योगेश सैनी का पांचवें दिन भी नहीं लगा सुराग, लगातार सर्च अभियान जारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट खो बैराज में कूदे धामपुर निवासी योगेश सैनी का पांचवें दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका है। रोजान पिता बेटे की तलाश मे आते है। घटना के बाद से परिजन गहरे सदमे में हैं, जबकि प्रशासन और पुलिस द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। तेज बहाव और गहराई के चलते रेस्क्यू टीम को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार धामपुर निवासी योगेश सैनी ने पांच दिन पूर्व खो बैराज में छलांग लगा दी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और तलाश शुरू कर दी गई। खोजबीन के लिए पीएसी की टीम को भी लगाया। गया है। गोताखोरों द्वारा बैराज के आसपास के क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। पिता दिनेश सैनी नेह बताया कि उसके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार का कहना है कि - जब तक योगेश का कोई पता नहीं चलता, तब तक उन्हें चौन नहीं मिलेगा।



सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने उठाए गंभीर सवाल, प्रशासन से मांगी जवाबदेही स्थानीय लोगों की भीड़ प्रतिदिन बैराज पर एकत्र हो रही है और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रही है। इसी बीच सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि घटना के इतने दिन बाद भी कोई ठोस परिणाम सामने न आना चिंताजनक है। उन्होंने सर्च अभियान को और तेज करने, अतिरिक्त गोताखोरों की व्यवस्था करने तथा आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने की मांग की है।

# मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ ही करेंगे अब पोस्टमार्टम

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। जनपद में पोस्टमार्टम को अधिक सटीक और विशेषज्ञतापूर्ण बनाने के लिए शासन ने महत्वपूर्ण बदलाव किया है। नए आदेश के अनुसार, अब मेडिकल कॉलेज के फॉरेंसिक विशेषज्ञ के निर्देशन में जूनियर डॉक्टर पोस्टमार्टम करेंगे। यह जिम्मेदारी पहले जिला अस्पताल या पीएचसी-सीएचसी के चिकित्सकों पर होती थी। शासन के इस निर्णय से पोस्टमार्टम रिपोर्ट की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है। साथ ही, कानूनी साक्ष्यों की सटीकता भी बढ़ेगी अब तक जिला अस्पताल के डॉक्टर या मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीन आने वाले चिकित्सक रोटेशन पर ड्यूटी करते थे, लेकिन अब यह जिम्मेदारी पूरी तरह मेडिकल कॉलेज को हस्तांतरित हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज में तैनात असिस्टेंट प्रोफेसर फॉरेंसिक मेडिसिन अरिंदम चटर्जी इस प्रक्रिया का निर्देशन करेंगे। सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने आदेश आने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ के निर्देशन में जूनियर डॉक्टर पोस्टमार्टम करेंगे।

# भाईचारे के साथ मनाएं होली और ईद झ्र एम.आर. पाशा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। होली के रंग और ईद की मिठास तभी सार्थक हैं, जब वे दिलों को जोड़ने का कार्य करें। इन पावन पर्वों को आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाकर ही हम समाज और देश को मजबूत बना सकते हैं। यह बात बिजनौर राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.आर. पाशा ने नगरवासियों से अपील करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि रमजान, होली और ईद जैसे त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव के प्रतीक हैं। ये पर्व हमें यह संदेश देते हैं कि विविधताओं के बावजूद हम सब एक हैं। ऐसे अवसरों पर प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह कानून-व्यवस्था का पालन करे और समाज में शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करे।

एम.आर. पाशा ने विशेष रूप से युवाओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश या असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आएं। यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने का प्रयास करे तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। हमारी सजगता और एकजुटता ही शांति की सबसे बड़ी गारंटी है।

उन्होंने कहा कि भारत की गंगा-जमुनी तहजीब विश्व में मिसाल मानी जाती है। यहां हर धर्म और समुदाय के लोग एक-दूसरे के पर्वों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यही परंपरा हमारी सांस्कृतिक शक्ति है, जिसे बनाए रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

उन्होंने आगे कहा कि त्योहारों की असली खुशी तब बढ़ती है, जब हम अपने आसपास के जरूरतमंदों, बुजुर्गों और वंचित वर्ग के लोगों को भी अपनी खुशियों में शामिल करते हैं। इससे समाज में विश्वास, प्रेम और सहयोग की भावना और अधिक प्रगाढ़ होती है। अंत में एम.आर. पाशा ने सभी नगरवासियों से आह्वान किया कि गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाएं, शुभकामनाएं दें और होली व ईद का पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाकर पूरे जनपद में सकारात्मक संदेश फैलाएं।

# स्योहारा ब्लॉक के गेंदाजुड़ में राशन डीलर पर फिर गरजे ग्रामीण, कार्रवाई की मांग तेज

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरोः शमीम सिद्दीकी**

जनपदः बिजनौर स्योहारा ब्लॉक के ग्राम गेंदाजुड़ में एक बार फिर राशन डीलर अनिल कुमार को लेकर विवाद गरमा गया है। ग्रामीणों ने राशन वितरण में लगातार अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग तेज कर दी है।




ग्रामीणों का आरोप है कि डीलर द्वारा तय मात्रा से कम राशन दिया जाता है, समय से वितरण नहीं किया जाता और ई-पॉस मशीन खराब होने का हवाला देकर कार्डधारकों को वापस भेज दिया जाता है। उनका कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था और विभागीय जांच का आश्वासन दिया गया था, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है।

**ग्रामीणों के प्रमुख आरोप**

कई बार पूरी यूनिट का राशन नहीं दिया जाता।

दुकान पर स्टॉक और रेट सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं की जाती।

ई-पॉस मशीन में बार-बार तकनीकी खराबी बताई जाती है।

शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं होती।

कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गरीब परिवार सरकारी राशन पर निर्भर हैं और यदि उन्हें उनका हक नहीं मिलता तो यह गंभीर विषय है।

ग्रामीणों ने जिला पूर्ति विभाग से निष्पक्ष जांच, स्टॉक मिलान और नियमित निगरानी की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

वहीं, पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि ग्रामीण एसडीएम कार्यालय में प्रार्थना पत्र दें, जिसके बाद जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अब देखना यह है कि स्योहारा ब्लॉक एवं तहसील प्रशासन इस मामले में क्या सख्त कदम उठाता है और क्या ग्रामीणों को राहत मिल पाती है।

# आर्य सुगंध संस्थान में आए दो नए मेहमान

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद आर्य सुगंध संस्थान मंडावली में संध्या गोपी झारखंड से हीरा मुखर्जी बंगाल से आई संध्या गोपी इनका एक भाई था उसको किसी ने मार दिया पिछले 10 वर्षों से इधर-उधर भटक रही थी उनकी उम्र 75 वर्ष है हीरा मुखर्जी बंगाल की रहने वाली है इनकी उम्र 68 वर्ष है



इनकी एक बेटी है जो बंगाल में रहती है उनके साथ रह रही थी उनके दामाद ने इनको बहुत परेशान किया आखिरकार घर से भी निकाल दिया कई वर्षों से भटकती हुई ये दोनों मिल गई और साथ साथ आज संस्थान में आई और यह संस्थान में आकर बहुत खुश हुई सभी बुजुर्गों से बच्चों से मिलकर यह रो पड़ी और इन्होंने प्रबंधिका कमलेश आर्य जी से मिलकर अपना सारा दुख अपनी आपबीती सुनाई इसके बाद उन्हें बहुत समझाया सांत्वना दी , दोनों महिलाएं बीमार हैं एक चलने में भी असक्षम है संस्थान सदस्यों ने महसूस कराया कि आप अभी भी अपने घर जैसे माहौल में ही हैं दोनों महिलाएं आश्रम परिवार से मिलकर अपने आप को सुरक्षित महसूस करने लगी दोनों बुजुर्ग महिलाओं ने आश्रम परिवार को बहुत आशीर्वाद दिया इस अवसर पर प्रबंधिका कमलेश आर्या जी,अध्यक्ष श्री सुंदर गोयल जी उपाध्यक्ष वैद्य ओमप्रकाश जी , गर्जना आर्या सभी से मिलकर बहुत खुश हुई , प्रबंधिका जी ने दोनों महिलाओं को ससम्मान आश्रम में प्रवेश कराया।

# धारदार हथियार से हमला कर किया घायल,पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल ने चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी कल्लू ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके भाई सोनू के साथ मारपीट की थी। उस समय गांव के गणमान्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन तभी से आरोपी पक्ष पीड़ित परिवार से रंजिश मानकर चल रहा था।आरोप है कि मंगलवार की शाम पीड़ित युवक गली में खड़ा था, तभी



आरोपी ने अचानक धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया।परिजनों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर आरोपी के के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल व उसके परिवार को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# वांछित वारंटियों की धरपकड़ अभियान में एक आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपदभर में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कांधला पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद से थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी सुभाष पुलिस गिरफ्त से बचता फिर रहा है। बुधवार को पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर




लिया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि कहना है कि वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# सत्य की ही सदैव विजय होती है, जैन मुनि

**समाज जागरण**
शामली। शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में श्री 108 प्रतीक सागर मुनिराज ने सत्यमेव जयते के अर्थ और उसके जीवन में महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सत्यमेव जयते वाक्य मुण्डक उप निषद से लिया गया है, जिसका अर्थ है सत्य की ही सदैव विजय होती है। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला सिद्धांत है। सत्य को अपनाने के लिए मन का भयमुक्त होना आवश्यक है। जब तक व्यक्ति डर के अधीन रहता है, वह सत्य के मार्ग पर दृढ़ता से नहीं चल सकता।

मुनिराज ने कहा कि भय का प्रभाव शरीर से अधिक मन पर पड़ता है। बाहरी खतरा जीवन को एक बार समाप्त कर सकता है, लेकिन मन में



बैठा डर व्यक्ति को प्रतिदिन भीतर से कमजोर करता रहता है। जो व्यक्ति भयभीत है, वह निर्भीक होकर सत्य नहीं बोल सकता। इसलिए सत्य का मार्ग निडरता की मांग करता है। उन्होंने कहा कि जीवन में आलोचना और प्रशंसा साथ-साथ चलती हैं। घोड़े और बाप-बेटे की प्रसिद्ध कथा का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि संसार हर परिस्थिति में टिप्पणी करता है। सभी को खुश करना संभव नहीं है। घर के चार लोगों को संतुष्ट रखना कठिन है, तो पूरे समाज को प्रसन्न करना असंभव है। अंत में उन्होंने कहा कि सत्यमेव जयते जीवन का सार है। भयमुक्त होकर सत्य के मार्ग पर चलना, आलोचना से अप्रभावित रहना और अपनी अंतरात्मा की आवाज पर अडिग रहना ही सच्ची विजय है।

## फरुर्खाबाद में व्यापारियों पर दर्ज मुकदमों के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदा धिकारियों ने फरुर्खाबाद में व्यापारियों पर दर्ज मुकदमों के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जनपद फरुर्खाबाद के थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र की चौकी बजरिया के चौकी इंचार्ज पर स्थानीय व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने, फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर धन उगाही करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। प्रदेश युवा उपाध्यक्ष एवं नगर युवा अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव ने 28 जनवरी को व्यापारियों के साथ पुलिस अधीक्षक फरुर्खाबाद को ज्ञापन सौंपकर



संबंधित चौकी इंचार्ज के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। कार्रवाई न होने से नाराज व्यापारियों ने 1 फरवरी को शांतिपूर्ण मशाल जुलूस निकाला। व्यापार मंडल का आरोप है कि शांतिपूर्ण जुलूस के बावजूद अंकुर श्रीवास्तव सहित 15 व्यापारियों को नामजद करते हुए तथा 7 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एफआईआर में बाजार में अव्यवस्था और अशांति फैलाने का आरोप लगाया गया, जबकि संगठन का कहना है कि जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण था और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। इस दौरान युवा जिला अध्यक्ष मानव गुप्ता, जिला ध्यक्ष विशाल गुप्ता, संजीव मलिक, कुणाल, आशीष कुमार मौजूद रहे।

# वेतन न मिलने से संविदाकर्मियों का धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
विकासखंड क्षेत्र के जसाला बिजली घर उपकेंद्र पर तैनात एक संवि दाकर्मी को एक माह का वेतन न मिलने पर कर्मचारियों में रोष फैल गया। आक्रोशित संविदाकर्मियों ने बिजलीघर परिसर में कंपनी के खिलाफ सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर नाराजगी जताई और समय पर वेतन भुगतान की मांग उठाई। विकासखंड क्षेत्र के जसाला बिजली घर उपकेंद्र पर तैनात संविदाकर्मी अमजद का एक माह का वेतन लंबित है। वेतन न मिलने से क्षुब्ध अन्य संविदाकर्मी




भी एकजुट हो गए और धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना था कि कंपनी द्वारा समय पर भुगतान न किए जाने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अधिकांश कर्मचारी अपने मासिक वेतन पर ही आश्रित हैं।धरने की सूचना मिलते ही मैहर इंटरप्राइज कंपनी के सुपरवाइजर मोहित कुमार, व अवर अभियंता राजीव कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्या को सुना और आश्वासन दिया कि बकाया वेतन आगामी माह की तीन तारीख तक दे दिया जाएगा।सुपरवाइजर के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया, हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी कर्मचारी का वेतन समय पर नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा।धरने का नेतृत्व कर रहे रामकुमार ने कहा कि कंपनी को कर्मचारियों की मेहनत का सम्मान करते हुए समय पर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए। इस दौरान रविंद्र कुमार, अजय कुमार, सत्येंद्र, अंकुश, आरिफ, अंकित, मनोज कुमार, रवि कुमार, आदित्य सहित अन्य संविदाकर्मी मौजूद रहे।धरना समाप्ति के दौरान कर्मचारियों ने आपसी सहयोग की भावना से आर्थिक सहायता भी एकत्र की। धरना समाप्त के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

# छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**समाज जागरण**
कैराना। विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयो जित रोवर्स-रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. हरेंद्र सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. योगेंद्र पाल सिंह व बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया।

रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीतू त्यागी एवं रोवर्स प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार के नेतृत्व में चल रहे शिविर में जिला संगठन आयुक्त गीता रानी व जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें छात्र-छात्राओं ने
उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। द्वितीय



दिवस पर प्रतिभागियों को विपदा में अवसर तलाशने विषय पर प्रशिक्षण दिया गया तथा विभिन्न प्रकार की गांठों का अभ्यास कराया गया। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रदेशों की झांकियों को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं, हिंदी विभाग के डॉ. रमेश यादव ने शिविरार्थियों को आपदा की परिस्थितियों में अवसर खोजने के लिए प्रेरित किया, जबकि राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. उत्तम कुमार ने रोवर्स-रेंजर्स के लक्ष्य वाक्य हमेशा तैयार रहो से अवगत कराया।

# भक्ति और उल्लास के साथ महायज्ञ का समापन

**समाज जागरण**
कैराना। नगर में आर्य समाज मंदिर आयोजित चतुर्थ वेद पारायण महायज्ञ एवं संगीतमय वैदिक रामकथा का अष्टम एवं अंतिम दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गया।

प्रातःकाल विद्वान पंडित विजय भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। वेदमंत्रों की पवित्र ध्वनि से वातावरण आध्यात्मिक भाव से ओतप्रोत हो उठा। समापन दिवस के यजमान के रूप में डॉ. अजय अग्रवाल, अमन अग्रवाल, गौरव सिंघल, सोनू तंवर, दीपक बंसल, गौरव गोयल, राजीव बंसल एवं राजीव वर्मा ने सपत्नीक आहुति देकर विश्व शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भजनोपदेशक संदीप गिल आर्य ने रामायण के राम-



रावण युद्ध प्रसंग का संगीतमय एवं प्रभावशाली वर्णन किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। वहीं, कार्यक्रम के दौरान अब तक के सभी यजमानों को पुस्तक, फोटो एवं कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधान कुलदीप सिंघल ने सभी का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अमन रूहेला,विजेंद्र आर्य, नरेश, अभिषेक आर्य, संजय राजवंशी, कमल सिंघल, सोनू बंसल, श्याम लाल, अंकित जिंदल आदि मौजूद रहे।

## 11 फैक्ट्रियों के उद्यमियों ने विद्युत विच्छेदन लिए मांगा 15 मार्च तक का समय

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग)उत्तर प्रदेश पर्यावरण निगम एवं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 11 फैक्ट्रियों के विरुद्ध क्लोजर आदेश जारी किए जाने तथा विद्युत निगम मेरठ के प्रबंध निदेशक द्वारा विद्युत विच्छेदन के निर्देश दिए जाने के बाद उद्यमियों को 15 मार्च तक का समय मिल गया है।

बुधवार को साईंमां के चेयरमैन एवं लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल के नेतृत्व में दर्जनों उद्यमियों ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान से मुलाकात की। बताया कि यदि फैक्ट्रियां बंद हो जाती हैं तो हजारों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। साथ ही मशीनें खराब होने, श्रमिकों के दोबारा न मिलने और भविष्य में इकाइयों के पुनः संचालन में भारी कठिनाइयों की आशंका जताई गई थी। जिलाधिकारी ने उद्योगों की



समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए 15 मार्च तक सभी संबंधित फैक्ट्रियों में आवश्यक प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने का समय प्रदान कर दिया है। इसे उद्योग जगत के लिए राहत भरा निर्णय बताया गया।अंकित गोयल ने कहा कि प्रदेश में क्लोजर आदेश के बाद फैक्ट्रियों को दोबारा संचालन का अवसर कम ही मिल पाता है, ऐसे में यह निर्णय एक मिसाल है। उन्होंने इसे प्रशासन के सकारात्मक रवैये का परिणाम बताया। जनपद मुजफ्फरनगर में भी 40 से अधिक फैक्ट्रियों की बिजली काटी जा चुकी है और कई इकाइयों पर सील भी लगाई गई है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आलोक जैन, संरक्षक अशोक बंसल, निर्मल जैन, अमर जैन, मनोज अग्रवाल, शिखर मित्तल, नवीन अग्रवाल, विशाल गुप्ता, गौरव गोयल, शरद बंसल, गगन गर्ग उपस्थित रहे।

# अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ मुकदमे की निष्पक्ष जांच को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज प्राथमिकी के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि न्यायालय के आदेश पर दर्ज की गई प्राथमिकी के समय और परिस्थितियों को लेकर



समाज में संदेह की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रकरण की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग की गई है, ताकि जांच प्रक्रिया बिना किसी पक्षपात के संपन्न हो सके। निवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में महाकुंभ मेले की भगदड़ को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा राज्य सरकार की व्यवस्थाओं पर सार्वजनिक सवाल उठाए गए थे, जिसके बाद से उनके साथ कथित रूप से प्रतिकूल व्यवहार किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि किसी भी धर्मगुरु पर लगे ऐसे गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, वहीं यदि किसी निर्दोष को दुर्भावनावश फंसाया जा रहा हो तो यह भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होने लोक तांत्रिक व्यवस्था में असहमति के सम्मान और धार्मिक भावनाओं के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए स्वतंत्र जांच समिति गठित कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा, पंडित प्रेमकिशोर कोठारी, वैभव गर्ग, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, पंडित सहदेव शर्मा, रविन्द्र आर्य, पंडित दीपक जोशी, शेखर पाल, पंडित ज्योति प्रसाद शर्मा, विजेन्द्र पाल वर्मा, पंडित नरेश कुमार, सोहिल धीमान, पंडित धीरज शास्त्री, पंडित विनोद कुमार अत्री, डॉ. श्रीपाल सिंह, पंडित हरीश, अमित डिंपल शर्मा, पंडित उमाशंकर शास्त्री, बाबूखान, पंडित आयुष शर्मा, सागर खण्डेलवाल, पंडित संजय शर्मा, मास्टर नरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# सीडीओ ने कैराना क्षेत्र के तीन विद्यालयो का किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) बुधवार को सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने को बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु प्रेरणा निरीक्षण ऐप के माध्यम से विकास खंड कैराना के तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय जंधेड़ी में निरीक्षण के समय एकमात्र नियुक्त अध्यापक उपस्थित मिले। विद्यालय



में 84 नामांकित छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 50 उपस्थित पाए गए। सीडीओ ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया और पुस्तक पढ़वाकर शैक्षणिक स्तर परखा, जो संतोषजनक नहीं मिला। कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक विद्यालय में केवल एक शिक्षक होने पर बीएसए को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्राथमिक विद्यालय जंधेड़ी में छह में से पांच शिक्षक उपस्थित मिले, जबकि एक अध्यापिका आकस्मिक अवकाश पर थीं। 136 नामांकित छात्रों में से 108 उपस्थित मिले। परिसर में दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित मिले, जिनका नया भवन निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है। जर्जर कमरों में बच्चों को न बैठाने के निर्देश देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विद्यालय के बाहर अत्यधिक कूड़ा पाए जाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय भूरा नंबर-3 में छह में से चार शिक्षक उपस्थित मिले, दो अवकाश पर थे। 205 नामांकित छात्रों में से 112 उपस्थित पाए गए। यहां भी शिक्षा स्तर संतोषजनक नहीं मिला। कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने सभी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, उपस्थिति बढ़ाने और मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## ग्राम समाज की भूमि पर निर्माण ध्वस्त

**समाज जागरण**
कैराना। ग्राम समाज की भूमि पर किए गए निर्माण को राजस्व टीम ने ध्वस्त करा दिया। गांव जहानपुरा में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा और नींव भरने की शिकायतें प्रशासन को मिली थी। प्रशासन ने राजस्व टीम गठित




की। बुधवार को आरआई विनोद कुमार राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने भूमि की पैमाइश की। इस दौरान मौके पर नगरपालिका से जेसीबी मशीन लेकर आपरेटर बिलाल अहमद भी पहुंचे। टीम ने ग्राम समाज की भूमि पर किए गए निर्माण को ध्वस्त करा दिया। साथ ही, पुनः कब्जा व निर्माण कराने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस दौरान लेखपाल लेखपाल अंकित, विजित, संदीप आदि मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मोहल्ला खैलकलां निवासी आबिद करीब दस दिन पूर्व मोहल्ला आलखुर्द में भूरा चुंगी पर नाई की दुकान पर जा रहा था। तभी कुछ युवकों ने उसकी बाइक गिराकर लाठी–डंडों से मारपीट कर दी थी, जिस कारण वह घायल हो गया। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले में पुलिस की ओर से अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। बुधवार को पुलिस ने मुकदमे में भोल्लर उर्फ मुदस्सिर निवासी मोहल्ला इकबालपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम विवेचना के दौरान प्रकाश में आया था। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

## मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

**समाज जागरण**
कैराना। घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करने के मामले में चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। नगर के मोहल्ला इकबालपुर निवासी रिमशा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि गत शनिवार की दोपहर करीब दो बजे वह अपने घर थी। आरोप है कि तभी रंजिशन मोहल्ला अफगानान निवासी कय्यूम, शकील, सादमा व साबिर घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में वह घायल हो गई। शोर–शराबा होने पर परिवार के सदस्यों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सेवानिवृत्त एवं पेंशनधारकों की समस्यायों के निस्तारण को लेकर बैठक आयोजित

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अकेन्द्रीयत सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनधारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर मंगलवार को नगर पालिका परिषद शामली के ऊपरी हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद शामली की सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों



के सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से नगर पालिका अकेन्द्रीयत कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन/यूनियन का गठन किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और हितों की रक्षा के लिए प्रत्येक माह की 25 तारीख को नियमित बैठक आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के गठन के दौरान पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें राजीव मलिक को संरक्षक बनाया गया। ओमप्रकाश शर्मा को अध्यक्ष, अनिल कुमार मित्तल को उपाध्यक्ष, सोमदत्त गहलोत को सचिव, प्रमोद कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा मीर सिंह को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त ओमप्रकाश शर्मा कांधला, माधोराम, गजराज, बीर सिंह और सुरेशचंद शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में निरंजन सिंह, कलीराम सैनी, अजीमुदीन, महेंद्र सिंह, महेशचंद, अशोक कुमार, अख्तर मौजूद रहे।

## आग के प्रकार व बचाव के बारे में दी जानकारी

**समाज जागरण**
शामली। शहर के वीवीपीजी कॉलेज में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ अंकित गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कनौजिया, द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अर्शी खान तथा तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी नारायण सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत भाषण अर्शी खान ने प्रस्तुत किया। अतिथि अंकित गुप्ता ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न प्रकारों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से अग्निशमन विभाग की कार्यप्रणाली, आग के प्रकार, बचाव के उपाय और टोल फ्री नंबरों की जानकारी स्वयंसेवकों को दी। साथ ही अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग का प्रायोगिक प्रदर्शन कर छात्रों को प्रशिक्षण दिया। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपदा से बचाव के महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए। द्वितीय सत्र में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. नीना छोकरा एवं डॉ. छवि शामिल रहीं। प्रतियोगिता में गुंजन ने प्रथम, रिजवाना ने द्वितीय तथा जिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर में महाविद्यालय के स्टाफ में हिंदी विभागाध्यक्ष गिरीश नारायण यादव, पॉलिटिकल साइंस विभाग से निर्भय, डॉ. अनुप्रीता, रिचा, कौशल अत्री, गीता, सोनिया आदि मौजूद रहे।

## जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिवस का आयोजन।

**बागपत।**
जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिवस का आयोजन कार्यक्रम अधि कारी डा सरिता द्वारा उत्साह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदा की वंदना से हुआ।



प्रथम सत्र - पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं सड़क सुरक्षा रैली प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन तथा जागरूकता से संबंधित आकर्षक एवं संदेशात्मक पोस्टर तैयार किए। सभी प्रतिभागियों ने रचनात्मकता एवं सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा रैली निकालकर आमजन को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग तथा सावधानीपूर्वक वाहन चलाने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

द्वितीय सत्र - नई शिक्षा नीति (NEP) पर व्याख्यान का आयोजन किया गया ।सत्र में प्रोफेसर सविता तोमर द्वारा नई शिक्षा नीति (NEP) पाठ्यक्रम पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को NEP के मुख्य बिंदुओं, बहु विषयक शिक्षा, कौशल विकास, लचीली पाठ्यक्रम प्रणाली तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उनका व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा ।डॉ. गीता रानी काउंसलर 1090 ने बताया कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न कानूनी प्रावधानों, हेल्पलाइन नंबर (जैसे 1090, 181)तथा आपात कालीन परि स्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डा नीलम राणा एवं अदिति चौधरी ने कौशल विकास के लिए जागरूक किया।

## नए विकसित औद्योगिक उत्तर प्रदेश का सिंगापुर के बाद जापान में डंका. वाह योगी सरकार:-अभिमन्यु गुप्ता।

**समाज जागरण बागपत।**
उत्तर प्रदेश अपराध और अराजकता से निकल कर नया औद्योगिक प्रदेश बन रहा है। ड ऊड ढ के माध्यम से प्रत्येक जिले के घरेलू उद्योग बढ़ने के साथ विकास की पटकथा अब विदेशी पूंजीनिवेश के अनुबंधों से लिखी जा रही।



मुख्यमंत्री माननीय योगी जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी एवं उद्योग विकास मंत्री नन्द गोपाल नंदी जी का सिंगापुर के बाद आज जापान दौरे में संभावित 1 लाख करोड़ निवेश का अनुबंध प्रदेश के ग्लोबल विकास एवं प्रयास की नई कहानी लिखेगा। प्रदेश में संसाधन है सुरक्षा एवं सुशासन है। तकनीकी युक्त युवा शक्ति है। कृषि एवं व्यापार के क्षेत्र में असीम सृजन शक्ति है।
प्रदेश का भविष्य मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार में सुरक्षित है। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की पटकथा लिखी जा रही है। आर्थिक महाशक्ति भारत में प्रदेश का योगदान उल्लेखनीय होगा।

## एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन मौलिक अधिकारों पर हुआ मंथन

### -बस्तियों में चलाया जागरूकता अभियान

**समाज जागरण खेकड़ा।**
महामना मालवीय महाविद्यालय, खेकड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 एवं 2 के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



शिविर के प्रथम सत्र में मौलिक अधिकारविषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण सहभागिता होती है। प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और संघर्ष क्षमता को विकसित करती हैं, जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है।स्वयंसेविका याशिका मलिक ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार ही हमारे जीवन के मौलिक अधिकार हैं, जो प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने की गारंटी देते हैं। उन्होंने अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्राप्त स्वतंत्रताओं को लोकतंत्र की आधारशिला बताया। प्रतियोगिता में याशिका मलिक ने प्रथम स्थान, कशिश ने द्वितीय तथा प्रतीक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. देवेश शुक्ल एवं डॉ. शिखेंद्र मिश्र शामिल रहे। इसके उपरांत संविधान विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें टीम-ए ने प्रथम, टीम-डी ने द्वितीय तथा टीम-बी ने तृतीय स्थान हासिल किया। क्विज के निर्णायक मंडल में डॉ. राजेश एवं डॉ. विवेक उपस्थित रहे।दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने मलिन बस्ती कमलानगर एवं विजय नगर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान घर-घर संपर्क कर लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा बस्ती की समस्याओं का सर्वे भी किया गया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदय भान द्विवेदी एवं डॉ. गुंजन सिंह के निर्देशन में आयोजित शिविर में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर सौरभ कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## होलिका दहन स्थल को लेकर दो समुदायों में हुए विवाद को पुलिस ने किया शांत

**समाज जागरण बागपत/बिनौली।**
होली के पर्व को लेकर पिछोकरा गांव में होलिका दहन के स्थल को लेकर दो समुदायों मे विवाद उत्पन्न हो गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुची और दोनो पक्षों को शांत किया।



पिचौकरा गांव में प्राइमरी स्कूल के सामने पंचायती कुँवा स्थित है, वही उसके आंगन में जब से गांव बसा है तब से होलिका दहन उसी अगन में होता चला आ रहा है। जबकि उस जगह के पास महोरम स्थल का गेट भी है। उस स्थल को दोनो पक्ष अपना अपना बताते है। होली के पर्व को लेकर बुधवार को एक पक्ष के लोगों होली स्थल पर मिट्टी डाल कर साफ सफाई करनी शुरू कर दी। जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध करते हुए एसडीम बड़ौत को एक प्राथना पत्र दिया। दोनो पक्षों के तनाव को देखते हुए पुलिस व तहसील की टीम मौके पर पहुची। पुलिस ने दोनो समुदाय के लोगों की बात सुनी और गांव के दोनो पक्षो को समझा बुझाकर कर होली का पर्व शान्ति पूर्वक मनाने की अपील की। इंस्पेक्टर बिनौली राकेश शर्मा का कहना है कि दोनो पक्षों को समझा दिया गया है, अब कोई विवाद नही है। मौके पर सतेंद्र उर्फ छोटन चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष बिनोली अमरवीर कश्यप,तिलकराम चौधरी,सुखमाल, राजकुमार, पंकज, ओमबीर सिंह, श्यामू जगशोरण, ओमपाल, मुंतजिम हैदर अली हैदर, सिब्ते महंदी काजमी, मोहीसन आदि मौजूद रहे।

## ज्योतिष आचार्य प्रो बख्शीश सिंह बावा बोले पंजाब सरकार हर मोर्चे पर विफल

**समाज जागरण बागपत।**
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के मोहाली जिला अध्यक्ष ज्योतिष आचार्य प्रो सरदार बख्शीश सिंह बावा ने पंजाब सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता आज कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी, नशे की समस्या, किसान संकट, बिजली कटौती और खराब बुनियादी ढांचे से परेशान है, जबकि सरकार जमीनी कार्यों की बजाय दावों तक सीमित नजर आ रही है।
प्रो बावा ने कहा कि राज्य में अपराध, गैंगवार और दिन-दहाड़े चोरी की घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। विशेषकर जीरकपुर क्षेत्र में रिहायशी सोसाइटियों में चोरी तथा महिलाओं से चेन स्नैचिंग जैसी वारदातों ने आमजन में भय का माहौल पैदा किया है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ सख्ती के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात पूरी तरह नियंत्रण में दिखाई नहीं दे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, सरकारी भर्तियों में देरी हो रही है और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। पढ़े-लिखे युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। एनसीपी जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसानों को फसलों का समय पर भुगतान और उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। कर्ज राहत और फसल बीमा जैसे मुद्दों पर स्पष्ट नीति का अभाव है। वहीं व्यापारी वर्ग महंगाई, टैक्स के दबाव और घटती बिक्री से जूझ रहा है। बिजली कटौती को लेकर उन्होंने कहा कि प्रदेश में बार-बार बिजली कट लगने से आम जनता, किसान और उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। परीक्षा काल और गर्मी के मौसम में बिजली बाधित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई और किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली की घोषणा तभी सार्थक है जब नियमित और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो। प्रो बावा ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति और बढ़ते कर्ज पर गंभीर चिंतन की आवश यकता है। यदि सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जन आंदोलन तेज करेगी।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएं और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाएं।

## न्यू तहसील बार एसोसिएशन की आमसभा में दयानंद शर्मा बने चुनाव अधिकारी

**समाज जागरण खेकड़ा।**

न्यू तहसील बार एसोसिएशन, खेकड़ा जनपद बागपत की आमसभा की बैठक मंगलवार को बार हाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष नवीन त्यागी एडवोकेट ने की, जबकि संचालन महासचिव हरिओम शर्मा एडवोकेट द्वारा किया गया।



बैठक में वर्ष 2026-27 के वार्षिक चुनाव संपन्न कराने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता दयानंद शर्मा एडवोकेट को चुनाव अधिकारी नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया। आमसभा ने निर्णय लिया कि वर्ष 2026-27 के चुनाव निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी चुनाव अधिकारी दयानंद शर्मा के नेतृत्व में संपन्न कराई जाएगी ।बैठक में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने भाग लेकर संगठनात्मक एकता पर बल दिया तथा आगामी चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया। जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस) की चतुर्थ इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन सेवा, स्वच्छता एवं जनजागरूकता की भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल स्वयंसेविकाओं द्वारा शिविर स्थल की स्वच्छता से की गई। तत्पश्चात सभी ने एक स्वर में एनएसएस गीत गाकर राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। इसके बाद शांतिनगर, पट्टी चौधारन स्थित शिव मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेविकाओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## भाकियू संघर्ष मोर्चा का ऐलान 11 मार्च को एसपी ऑफिस पर करेंगे पंचायत,

### गाजियाबाद समेत 5 जिलों के किसान होंगे शामिल

**समाज जागरण बागपत।**

बागपत। शहर कोतवाली क्षेत्र के सरुरपुर गांव में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी पहुंचे थे जहां उन्होंने भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीटू नैन उर्फ बोकका भाई के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने ऐलान किया कि 11मार्च को बागपत एसपी ऑफिस पर महापंचायत कर घेराव किया जाएगा। यह माहपंचायत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीटू नैन उर्फ बोक्का भाई के साथ रंगदारी और मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने और पुलिस के विरोध में की जाएगी ।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने कहा कि 11 मार्च को एसपी ऑफिस पर होने वाली महापंचायत में पांच जनपदो के किसान शामिल होंगे अखिलेश चौधरी ने कहा कि सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में भय मुक्त राज हो गरीब जनता का शोषण ना हो मुख्यमंत्री इस तरह का शासन चाहते हैं लेकिन बागपत जिले के अंदर खुलेआम गुंडागर्दी और मारपीट हो रही है इसको हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। बैठक में जनपद बड़ौत के किन्नर भी शामिल हुए बड़ौत के किन्नरो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी से मिलकर ज्ञापन सोफा किन्नरो ने कहा कि उनके साथ-मारपीट की गई है और उनकी चोटी काटी गई है लेकिन पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने कहा कि 11 मार्च को होने वाली महापंचायत में सभी मामले उठाये जाएंगे और यह पंचायत तब तक नहीं उठेगी जब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होंगी।



## निशानेबाजी में ऋषभ चौधरी ने जीता स्वर्ण, जनपद का नाम रोशन

**समाज जागरण**
शामली। गत 21 से 24 फरवरी तक तिरंगा शूटिंग एकेडमी, गंगानगर मेरठ में आयोजित तिरंगा शूटिंग चैंपियनशिप में शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाज ऋषभ चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया। ऋषभ चौधरी ने एयर पिस्टल आईएसएसएफ यूथ वर्ग में 577/600 का शानदार स्कोर बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा एयर



पिस्टल आईएसएसएफ वर्ग के फाइनल मुकाबले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा उन्हें मेडल, ट्रॉफी एवं 5100 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ग में प्रथम स्थान अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मनदीप चौहान मेरठ ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता से लौटने पर पदक विजेता खिलाड़ियों का शामली राइफल क्लब में स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्लब कोच मुकेश चौधरी, अभिनव निर्वाल, जतिन निर्वाल, वंश चौधरी, सुधीर सैनी, अक्षय खाटीयान, कनक सैनी, शौर्य शर्मा, विशेष कुमार, रौनक तोमर, सौरभ कुमार मौजूद रहे।

## दोपहर सत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

**समाज जागरण बागपत।**
स्वयंसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा विषय पर रचनात्मक एवं आकर्षक पोस्टर तैयार किए। इसके उपरांत वे स्थानीय चौराहे पर पहुँचीं और आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सड़क सुरक्षा विषय पर प्रस्तुत किया गया प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक रहा। नाटक के माध्यम से सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं के कारणों एवं उनसे बचाव के उपायों को भावपूर्ण और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। उपस्थित नागरिकों ने स्वयंसेविकाओं के इस प्रयास की सराहना की।



इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु ने कहा कि युवा शक्ति जब सेवा और जागरूकता का संकल्प लेती है, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आता है। इस प्रकार एन.एस.एस चतुर्थ इकाई, जनता वैदिक कॉलेज ने समाज सेवा एवं जनजागरूकता का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों में कोहराम

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) देर रात्रि विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड गई है। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जनपद बागपत क्षेत्र के गांव असारा थाना रमाला निवासी 28 वर्षीय नगमा पत्नी सददाम की 9 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। बताया जाता है कि गत मंगलवार देर शाम रोजा इफ्तियारी के बाद अचानक महिला की हालत बिगड गया। जिसके बाद पास के ही चिकित्सक से दवा दिलाकर पति सददाम नमाज पढने के लिए चला गया। बताया जाता है कि जब वह देर रात करीब साढे 10 बजे घर लौटा तो विवाहिता बेसुध हालत में पडी थी, जिसको अनन फानन में शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। बुधवार को सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और विवाहिता के गले पर चोट के निशान पाये जाने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता अपने पीछे तीन बच्चे छोड गई है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



## केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान ने असम के माजुली में एक पेड़ माँ के नाम नामक वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया

गुबिनपुर मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र और गुबिनपुर एल.पी. स्कूल में अभिभावकों, शिक्षकों और आंगन वाड़ी कार्यकताओं के साथ किया संवाद गरामुर के सभागार में "विकसित भारत - रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन - ग्रामीण (VB-G RAM-G)" विषय पर आयोजित एक सेमिनार में भाग लिया केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान ने 25 फरवरी, 2026 को माजुली जिले के अपने आधिकारिक दौरे के दौरान विभिन्न विकासात्मक और जन-संपर्क कार्यक्रमों में भाग लिया।
श्री कमलेश पासवान ने गरामुर स्थित कोर्ट फील्ड के समीप "एक पेड़ माँ के नाम" नामक वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इसके पश्चात, श्री पासवान ने गुबिनपुर मॉडल आंगन वाड़ी केंद्र (AWC)
और गुबिनपुर एल.पी. स्कूल का दौरा किया, जहाँ उन्होंने छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों
और आंगनवाड़ी कार्यकताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने वहाँ उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया, बच्चों को
शैक्षणिक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया और जमीनी स्तर पर शिक्षा एवं बाल कल्याण सेवाओं को मजबूत करने में अभिभावकों और फ्रंटलाइन कार्यकताओं की भूमिका की सराहना की। उन्होंने आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल, पोषण और बुनियादी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद श्री पासवान ने एकीकृत उपायुक्त कार्यालय( Integrated DC Office, गरामुर के सभागार में "विकसित भारत - रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन - ग्रामीण (VB-G RAM-G)" विषय पर आयोजित एक सेमिनार में भाग लिया ।

## श्री वी. सोमन्ना ने कर्नाटक भारत गौरव ट्रेन: एक हजार तीर्थों की यात्रा नामक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया

### यह पुस्तक भारतीय रेलवे की सबसे प्रभावशाली सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन पहलों में से एक समर्पित समृद्ध दृश्य और कथात्मक श्रद्धांजलि है : श्री वी सोमन्ना

केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना ने 23 फरवरी 2026 को रेल भवन में "कर्नाटक भारत गौरव ट्रेनः एक हजार तीर्थों की यात्रा" नामक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।
श्री सोमन्ना ने कहा कि यह पुस्तक भारतीय रेलवे की सबसे प्रभावशाली सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन पहलों में से एक समृद्ध दृश्य और कथात्मक श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि पुस्तक उस अग्रणी मॉडल के पीछे की भावना, दृष्टिकोण और सामूहिक प्रयास को खूबसूरती से दशार्ती है जो आस्था, संस्कृति, विरासत और आधुनिक रेल अवसंरचना को सहजता से एकीकृत करता है। इस उल्लेखनीय पहल की परिकल्पना और संचालन डॉ. अनुप दयानंद,आईआरटीएस(सेवा निवृत्त) द्वारा किया गया था।



श्री सोमन्ना ने कहा कि यह ऐतिहासिक है कि भारत गौरव योजना के तहत कर्नाटक के 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किफायती लागत पर काशी और अन्य पवित्र स्थलों की यात्रा करने के अपने जीवन भर के सपने को पूरा किया है। यह पुस्तक ट्रेन को "भारत की चलती-फिरती गैलरी" के रूप में जीवंत रूप से प्रस्तुत करती है, जिसमें इसके सुविचारित डिब्बों, ट्रेन में उपलब्ध सुविधाओं, सुनियोजित आध्यात्मिक यात्राओं और यात्रियों के संपूर्ण अनुभव का विस्तृत वर्णन किया गया है। इसमें इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया है कि कैसे आराम, सुगमता और वहनीयता को प्राथमिकता दी गई, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और पहली बार तीर्थयात्रा करने वाले यात्रियों के लिए नीतिगत समर्थन और राज्य सब्सिडी के माध्यम से। मूल रूप से, यह पुस्तक भारत गौरव नीति के तहत कर्नाटक भारत गौरव ट्रेन की परिकल्पना, विकास और सफल कार्यान्वयन का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करती है।

कर्नाटक भारत गौरव ट्रेन

कर्नाटक भारत गौरव ट्रेन भारतीय रेलवे की भारत गौरव नीति के अंतर्गत एक प्रमुख तीर्थयात्रा पर्यटन पहल का प्रतिनिधित्व करती है। यह रेलवे को केवल परिवहन साधन से बदलकर पर्यटन, संस्कृति और आध्यात्मिक जुड़ाव को बढ़ावा देने वाले एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में स्थापित करती है। यह पहल "देखो अपना देश" और "एक भारत श्रेष्ठ भारत" जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अनुरूप है, जो साझा आध्यात्मिक अनुभवों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देती है।

काशी दर्शन, ज्योतिर्लिंग दर्शन, शक्ति पीठ यात्रा, दक्षिणा यात्रा, द्वारका यात्रा और पुरी जगन्नाथ यात्रा जैसी थीम आधारित यात्राओं के माध्यम से, यह ट्रेन कर्नाटक के तीर्थयात्रियों को भारत भर के प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों से जोड़ती है। सर्व-समावेशी पैकेजों में रेल यात्रा, शाकाहारी भोजन, आवास, स्थानीय परिवहन, टूर गाइड और दर्शनीय स्थल शामिल हैं, जो एक सहज और गरिमापूर्ण अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 46 यात्राएं सफलतापूर्वक संचालित की गई हैं जिनमें 28,786 तीर्थयात्रियों ने यात्रा की है, जिससे भारतीय रेलवे को लगभग 25.57 करोड़ रुपये की आय हुई है और साथ ही समावेशी तीर्थयात्रा पर्यटन के व्यापक उद्देश्य को आगे बढ़ाया गया है।

# विधायक पूर्णिमा साहू का प्रयास लाया रंग, मोहरदा जलापूर्ति फेज-3 को सरकार ने दी तकनीकी स्वीकृति, साकची से एग्रिको फ्लाईओवर को मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**दैनिक समाज जागरण 25.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर पूर्वी के लिए राहत भरी खबर है। मोहरदा जलापूर्ति योजना के फेज-3 के अंतर्गत डब्ल्यूटीपी की क्षमता बढ़ाने हेतु 50 एमएलडी क्षमता के नए इंटेक वेल के निर्माण को झारखंड सरकार ने 67,3 6,42,900 रुपये की प्राक्कलित राशि पर तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। राशि निर्गत होते ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान उनके द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शीघ्र कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है। विधायक पूर्णिमा साहू ने खुशी जताते हुए कहा कि इस योजना से शहर की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

गौरतलब है कि मोहरदा जलापूर्ति योजना के पुनर्जीविकरण, जीर्णोद्धार, संचालन व रख-रखाव का कार्य पीपीपी मोड में किया जा रहा है। इसमें 60 प्रतिशत व्यय की मंजूरी जुस्को लिमिटेड (अब टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील लिमिटेड) द्वारा दी गई है, जबकि शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी।

**साकची-एग्रिको फ्लाईओवर को भी मिली मंजूरी**

इसी क्रम में, शहर को जाम की समस्या से राहत दिलाने की दिशा में साकची से एग्रिको तक फ्लाईओवर निर्माण को सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। विधायक पूर्णिमा साहू के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि टाटा स्टील लिमिटेड से एनओसी प्राप्त होते ही प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी। इसके साथ ही, अन्य फ्लाईओवर के निर्माण के लिए भी प्रक्रियाएं चल रही है।

विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि साकची जमशेदपुर की हृदयस्थली है, जहां बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साथ भारी वाहनों का आवागमन भी होता है, जिससे आए दिन जाम की समस्या बनी रहती

है। फ्लाईओवर निर्माण से यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस महत्वपूर्ण निर्णय पर बधाई दी। इन दोनों परियोजनाओं की स्वीकृति से स्वच्छ जलापूर्ति और बेहतर यातायात व्यवस्था की दिशा में जमशेदपुर को बड़ी सौगात मिली है।

# विधायक संजीव सरदार ने जादूगोड़ा स्थित सीआरपीएफ समूह केंद्र के ऊपर से गुजर रही 132 केवी लाइन के स्थानांतरित की मांग की

**दैनिक समाज जागरण 25.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**




विधानसभा में विधायक संजीव सरदार ने जवानों व आम नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर जल्द हस्तक्षेप की माँग रखी

पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधानसभा में पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत जादूगोड़ा स्थित ग्राम स्वासपुर में अवस्थित (Central Reserve Police Force) सीआरपीएफ समूह केंद्र के ऊपर से गुजर रही 132 केवी हाई टेंशन विद्युत लाइन का मामला प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने सदन में बताया कि लगभग 165 एकड़ क्षेत्र में फैले इस केंद्र परिसर में जवानों एवं उनके परिवारों के लिए आवासीय भवन व बैरक निर्मित हैं तथा कई भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ऐसे में परिसर के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है।

**जवानों की ड्यूटी और दैनिक कार्य प्रभावित**

विधायक ने सदन को अवगत कराया कि उक्त विद्युत लाइन के कारण जवानों के दैनिक कार्यों एवं ड्यूटी के दौरान संभावित दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के आवासीय व कार्यस्थल परिसर में इस प्रकार की उच्च वोल्टेज लाइन का होना अत्यंत चिंताजनक है और इसे प्राथमिकता के आधार पर देखा जाना चाहिए।

**आसपास के गांवों और पुलिस केंद्र पर भी खतरा**

विधायक ने यह भी उल्लेख किया कि उक्त परिसर के
आसपास झारखंड पुलिस का सीटीसी मुसाबनी केंद्र तथा ग्राम गोपालपुर, स्वासपुर एवं बड़पहार स्थित हैं। इससे आम नागरिकों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल सीआरपीएफ परिसर का मुद्दा नहीं, बल्कि व्यापक जनसुरक्षा से जुड़ा विषय है। सदन के माध्यम से विधायक संजीव सरदार ने सरकार से मांग की कि उक्त 132 केवी हाई टेंशन विद्युत लाइन को शीघ्र अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता एवं जवानों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# 27 फरवरी को निकलेगी विशाल भव्य श्री श्याम निशान यात्रा, लगभग 5000 श्रद्धालु होंगे शामिल

**दैनिक समाज जागरण 25.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर नगर की प्रसिद्ध धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री श्याम रात्रि ग्यारस निशान यात्रा समिति के तत्वावधान में निरंतर 171 महीनों से आयोजित की जा रही श्री
श्याम निशान यात्रा का 172वां भव्य आयोजन आगामी 27 फरवरी (शुक्रवार) को सायं 7 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी समिति के पदाधिकारियों अनिल मोदी, विमल अग्रवाल एवं अनिल खंडेलवाल ने बिष्टुपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह शुक्ल पक्ष की एकादशी को आयोजित होने वाली यह पावन यात्रा इस बार भी पूरे श्रद्धा, भक्ति एवं भव्यता के साथ निकाली जाएगी।

साकची से जुगसलाई तक निकलेगी यात्रा यह निशान यात्रा साकची शिव मंदिर से प्रारंभ होकर साकची एवं बिष्टुपुर की मुख्य सड़कों से गुजरते हुए जुगसलाई वैकुंठधाम मंदिर में संपन्न होगी। यात्रा से पूर्व पुरोहितों द्वारा समस्त निशानों की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी।

3000 से अधिक श्रद्धालु निशान लेकर होंगे शामिल समिति ने बताया कि इस भव्य यात्रा में लगभग 3000 महिला एवं पुरुष श्रद्धालु अपने हाथों में पवित्र निशान लेकर बाबा श्याम के जयकारों के साथ शामिल होंगे, जबकि उनके साथ हजारों भक्त परिवार सहित पदयात्रा करेंगे। अनुमान है कि कुल मिलाकर करीब 5000 श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

आकर्षण का केंद्र रहेगा चलंत दरबार यात्रा की विशेष पहचान बाबा श्याम का चलंत विशेष दरबार होगा, जिसे आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। इसके साथ एक चलंत वाहन भी रहेगा, जिसमें श्याम भजन गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे और पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे।

छप्पन भोग एवं फूलों से होली यात्रा के दौरान बाबा श्याम को छप्पन भोग एवं 36 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। बाद में इसे प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। श्याम भक्त पूरे मार्ग में बाबा श्याम से फूलों एवं इत्र से होली खेलते हुए भक्ति भाव प्रकट करेंगे।

खाटू श्याम धाम की अनुभूति समिति ने बताया कि फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी दिन राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में विशाल मेले का आयोजन होता है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। जो भक्त खाटू धाम नहीं जा पाते, उनके लिए यह निशान यात्रा बाबा श्याम की आराधना का अनुपम अवसर प्रदान करती है।

निशान कूपन वितरण केंद्र
श्याम भक्तों की सुविधा हेतु निशान कूपन वितरण केंद्र निम्न स्थानों पर बनाए गए हैं जितेंद्र फैन्सी स्टोर (जुगसलाई)रुचिका स्टोर (जुगस लाई चौक बाजार)बाबा कलेक्शन (साकची चुना लाइन)पी.एन. चौधरी जरी वाला (साकची झंडा चौक)
खंडेलवाल कंप्यूटर (जुगसलाई)
जोशी बर्तन भंडार (मानगो)
मुरारी मिष्टान्न भंडार (बाराद्वारी)
सिंघानिया इंटीरियर्स (स्टेट माइल रोड, साकची) गिरधारी लाल खेमका (साकची शिव मंदिर के सामने) 26 फरवरी को मेहंदी उत्सव निशान यात्रा से एक दिन पूर्व 26 फरवरी को जुगसलाई शिव मंदिर में मंडल की महिलाओं द्वारा मेहंदी उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलाएं अपने हाथों में बाबा श्याम के नाम की मेहंदी रचाकर अपनी श्रद्धा प्रकट करेंगी।

श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील
समिति ने जमशेदपुर के समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे इस भव्य श्री श्याम निशान यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

इस आयोजन में मुख्य रूप से अनिल मोदी, विमल अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, रतन मैंगोतिया, गौरव खंडेलवाल, नितेश अग्रवाल, हैप्पी धानुका, विष्णु जगनानी, हितेश पारीक, सुनील खंडेलवाल, संदीप अग्रवाल, पंकज चौधरी, अमित संघी, रोहित खंडेलवाल, मनोज मोदी, मनीष कसेरा, अरविंद मोदी, अनित अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, संकटा सिंह, मोहन पटवारी, विक्की अग्रवाल, नीरज भूत, अमित पोहार, अनिल गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# वैज्ञानिक नदी प्रबंधन के माध्यम से गंगा नदी में स्वदेशी मछली भंडारों का पुनर्स्थापन

**नमामि गंगा कार्यक्रम के अंतर्गत साक्ष्य-आधारित उपायों का एक दशक**

2017 से 2025 के बीच 169 नदी पालन कार्यक्रमों के माध्यम से 205 .5 लाख स्वदेशी मछली के बीज छोड़े गए। एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, आईसीएआर-केंद्रीय अंतदेर्शीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सीआईएफआरआई) ने प्रमुख नदियों में वार्षिक मछली पकड़ का अनुमान लगाया है, जिसमें महानदी में 15,134 टन और कृष्णा में 18,902 टन मछली पकड़ी गई है। गंगा और उसकी सहायक नदियों के पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पशुपालन किया जाता है। देशी प्रजातियों के संरक्षण, आनुवंशिक अखंडता और टिकाऊ नदी मत्स्य पालन पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। आईसीएआर-केंद्रीय अंतदेर्शीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान द्वारा नमामि गंगा कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यान्वित वैज्ञानिक उपाय।

**पृष्ठभूमि और औचित्य**

पिछली शताब्दी के अधिकांश समय तक गंगा नदी में केवल जल ही नहीं प्रवाहित हुआ है। इसने आजीविका में सहायता की है, समुदायों को भोजन प्रदान किया है और अपने मार्ग में जैव विविधता की एक बड़ी श्रृंखला को सहारा दिया है। यद्यपि, हाल के दशकों में, पयार्वास के क्षरण, प्रवाह के बदलते स्वरूप, प्रदूषण और निरंतर, अक्सर अनि यंत्रित मछली पकड़ने के दबाव के कारण नदी की मूल मछलियों की संख्या में कमी आई है।

पिछले 10 वर्षों से, इस गिरावट को रोकने के लिए प्रयास जारी है। भारत सरकार के नमामि गंगा कार्यक्रम के तहत, आईसीएआर-केंद्रीय अंत देर्शीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सीआईएफआरआई) ने वैज्ञानिक नदी प्रबंधन का एक व्यापक कार्यक्रम चलाया है - यह एक ऐसा उपाय है जिसे न केवल नदी में मछलियों की संख्या बढ़ाने के लिए, बल्कि इसके पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने के लिए भी डिजाइन किया गया है।

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनर्जीवन की पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री उमा भारती द्वारा 26 मई 2017 को बैरकपुर में नदी प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन।

**उपायों की श्रृंखला**

2017 से 2025 के बीच, आईसीएआर-सीआईएफआरआई ने गंगा और उसकी सहायक नदियों के पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 169 नदी प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवधि में, चयनित नदियों में स्वदेशी मछली प्रजातियों के 205.5 लाख बीज छोड़े गए। देशी प्रजातियों के संरक्षण, आनुवंशिक अखंडता के संरक्षण और नदी मत्स्य पालन की दीर्घकालिक स्थिरता पर विशेष बल दिया गया है।

**मछली पालन कार्यक्रमों का प्रभाव**

इस कार्यक्रम में स्वदेशी प्रजातियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल की गई है, जिनमें निम्नलिखित शाम्मिलित हैं: भारतीय मेजर कार्प (आईएमसी) महसीर देशी कैटफि श चितला मीठे पानी के स्कैम्पी छोड़े जाने के बाद जीवित रहने की दर में सुधार लाने के लिए, संस्थान ने नदी में 10-15 सेंटीमीटर लंबाई और 100-120 ग्राम औसत वजन वाली छोटी मछलियां और बड़ी मछलियां डालीं। ये सामान्य हैचरी में पाली गई मछलियां नहीं थीं। इन मछलियों को गंगा से सीधे एकत्रित जंगली मछलियों से कृत्रिम रूप से पाला गया था, जिसका उद्देश्य देशी आनुवंशिक वंशों की रक्षा करना था। छोड़े जाने से पहले, मछलियों को नियंत्रित हैचरी और नर्सरी परिस्थितियों में पाला गया ताकि प्राकृतिक जल में उनकी अनुकूलन क्षमता बढ़ाई जा सके।

**एक लक्षित भौगोलिक कार्यनीति**

इन प्रयासों का स्थानिक वितरण एक सुनियोजित रणनीति को दशार्ता है। मछलीपालन उन क्षेत्रों में केंद्रित था जहां पारिस्थितिक मूल्य और आजीविका पर निर्भरता सबसे प्रभावी रूप से क्रिया करती हैं। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान किए गए 169 उपायों का राज्यवार वितरण इस प्रकार है: पश्चिम बंगाल: 68 प्रतिशत बिहार: 17 प्रतिशत उत्तर प्रदेश: 9 प्रतिशत झारखंड: 5 प्रतिशत उत्तराखंड: 1 प्रतिशत पश्चिम बंगाल में मछलियों की सघनता इसकी नदी के हिस्सों के पारिस्थितिक महत्व और बेसिन के निचले इलाकों में मछली पकड़ने की गतिविधि की तीव्रता दोनों को दशार्ती है।

**माप योग्य लाभ**

हालांकि पारिस्थितिक बहाली का आकलन अक्सर कई पीढ़ियों के आधार पर किया जाता है, लेकिन शुरूआती परिणाम ठोस लाभ दशार्ते हैं। प्रमुख नदी केंद्रों पर भारतीय मेजर कार्प मछली की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो एक महत्वपूर्ण संकेतक प्रजाति समूह है। प्रयागराज में 24.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई वाराणसी में 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

इन सुधारों का अत्यधिक श्रेय नामामी गंगा कार्यक्रम के तहत लागू किए गए निरंतर मत्स्यपालन उपायों और संबंधित संरक्षण कार्यों को दिया जाता है । संख्यात्मक वृद्धि के अतिरिक्त, इस पहल ने देशी मछली आबादी के पुनर्निर्माण, नदी इकोसिस्टम की गतिशीलता को सुदृढ़ करने और मछली पकड़ने वाले समुदायों की आजीविका को सहारा देने में मदद की है। इसने खुले जल मत्स्य पालन के प्रबंधन में विज्ञान-आधारित प्रबंधन की भूमिका को भी सुदृढ़ किया है। आईसीएआर-सीआईएफआरआई ने 2025 में हुगली मुहाना से एकत्रित क्रायोप्रिजर्व्ड स्पर्म और ब्रूड मादाओं के साथ हिलसा के कृत्रिम प्रजनन की तकनीक विकसित की है।

कुल 3.82 लाख वयस्क हिल्सा मछलियों को फरक्का बैराज के अपस्ट्रीम में गंगा नदी में छोड़ा गया। इनमें से 6031 मछलियों को टैग किया गया। हिल्सा की प्राकृतिक आबादी में सुधार के लिए 54.91 लाख निषेचित हिल्सा अंडे और 8.06 लाख हिल्सा स्पॉन छोड़े गए। संस्थान के प्रयासों के परिणाम स्वरूप भारत अंतदेर्शीय जल में पकड़ी जाने वाली मछलियों का विश्व का शीर्ष उत्पादक बन गया है, जिसका वार्षिक उत्पादन 1.89 मिलियन टन है और इसने चीन को पीछे छोड़ दिया है।

एक ऐतिहासिक पहल में, संस्थान ने प्रमुख नदियों में वार्षिक मछली पकड़ का अनुमान लगाया, जिसमें महानदी में 15,134 टन और कृष्णा में 18,902 टन मछली पकड़ी गई।

हुगली-मटलाह, रुशिकुल्या, मांडोवी -जुआरी और नेत्रावती-गुरुपुर जैसी चार प्रमुख नदियों के मुहानों और तीन खारे पानी की झीलों के लिए सतत प्रबंधन प्रोटोकॉल विकसित किए गए, जिससे इन पारिस्थितिक तंत्रों के विज्ञान-आधारित शासन को मजबूती मिली।

क्या आप जानते हैं? जलाशय मत्स्य पालन प्रबंधन दिशानिदेर्शों से औसत उत्पादकता 20 से बढ़कर 150 किलोग्राम/हेक्टेयर/वर्ष हो गई, जबकि आर्द्रभूमि उत्पादकता 600 से बढ़कर 1,600 किलोग्राम/हेक्टेयर/वर्ष हो गई। इन प्रयासों के फलस्वरूप 2025 में राष्ट्रीय जलाशय मत्स्य पालन प्रबंधन नीति दिशानिदेर्शों का निर्माण हुआ।

**नेतृत्व, दृश्यता और सार्वजनिक सहभागिता**

कई मछली पालन कार्यक्रम वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों और नीति निमार्ताओं की उपस्थिति में आयोजित किए गए, जो नदी-तटीय जैव विविधता के पुनर्स्थापन को दिए जाने वाले राष्ट्रीय महत्व का संकेत है। इन कार्यक्रमों से निम्नलिखित में बढोतरी हुई: सार्वजनिक जागरूकता हितधारकों की सहभागिता गंगा बेसिन में सतत मत्स्य पालन कार्यप्रणालियों में वृद्धि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा 8 नवंबर, 2019 को प्रयागराज में मछली पालन का कार्यक्रम। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग राज्य मंत्री श्री शांतनु ठाकुर द्वारा 24 अप्रैल 2023 को झारखंड के साहिबगंज में मत्स्य पालन का आयोजन। लंबे समय से कार्यरत संस्था मार्च 1947 में पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में स्थापित, आईसीए आर-सीआईएफआरआई भारत में अंतदेर्शीय मत्स्य अनुसंधान के विकास में लंबे समय से केंद्रीय भूमिका निभा रहा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते वीर सोरेन की कुल्लू में मौत, परिवार में शोक की लहर

**दैनिक समाज जागरण 25.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते एवं बाबूलाल सोरेन के बड़े पुत्र वीर सोरेन (21 वर्ष) का हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली में असामयिक निधन हो गया। इस दुखद घटना की खबर मिलते ही सोरेन परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वीर सोरेन अपने दोस्तों के साथ कुल्लू-मनाली घूमने गए थे। बताया जाता है कि वह कुल्लू में अपने दोस्तों के साथ बर्फ में खेलने गए थे, जहां उन्होंने स्कीइंग भी की। इसके बाद वह होटल लौटे, लेकिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे अचेत हो गए।

साथ मौजूद दोस्तों द्वारा उन्हें तत्काल पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना देर शाम पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं बाबूलाल सोरेन को दी गई, जिसके बाद परिवार के सदस्य तुरंत कुल्लू के लिए रवाना हो गए हैं।

परिजनों ने फिलहाल किसी भी तरह की पुष्टि करने से इनकार किया है। उनका कहना है कि वहां पहुंचने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि आखिर वीर सोरेन की मौत किन कारणों से हुई। अभी परिजन सदमे में हैं और कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं।

बताया जाता है कि बाबूलाल सोरेन के दो पुत्र हैं, जिनमें वीर सोरेन बड़े बेटे थे। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना को लेकर फिलहाल हिमाचल प्रदेश पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रशासनिक स्तर पर मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वीर सोरेन के निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक
, सामाजिक एवं पारिवारिक स्तर पर शोक संदेशों का सिलसिला शुरू हो गया है। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

# दलमा की अस्मिता बचाने को माकुलाकोचा में उमड़ा जनसैलाब, ऐतिहासिक महा जन सम्मेलन सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**



ईचागढ़,चाण्डिल : अनुमंडल क्षेत्र के दलमा की पहचान, संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा के मुद्दे पर बुधवार को माकुलाकोचा फुटबॉल मैदान में विशाल महा जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में दलमा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, महिलाएं और ग्राम सभा प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि दलमा की पहाड़ियां केवल प्राकृतिक धरोहर नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, आजीविका और सामूहिक अस्मिता की जीवंत पहचान हैं। जल-जंगल-जमीन पर स्थानीय ग्राम सभाओं का पहला और अंतिम अधिकार है, जिसे किसी भी परिस्थिति में छीना नहीं जा सकता।

सभा में दलमा क्षेत्र के बंटवारे और कथित अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद की गई। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यह लड़ाई केवल विरोध की नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण और सहभागी विकास की है। अब चुप रहने का समय समाप्त हो चुका है और दलमा की जनता अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित रहेगी।

कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए प्रतिनिधियों ने एक स्वर में ग्राम सभा की ताकत को मजबूत करने और अपने भविष्य का निर्णय स्वयं लेने का संकल्प दोहराया।

इस सम्मेलन का आयोजन दलमा क्षेत्र ग्राम सभा सुरक्षा मंच (कोल्हान प्रमंडल) द्वारा किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ और अंत में क्षेत्र की एकता व अधिकार संरक्षण के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा ली

## रमजान और होली पर्व को लेकर मेहरमा थाना में शांति समिति की बैठक हुई

**समाज जागरण गोड्डा**



मेहरमा में रमजान और रंगों का त्योहार होली को लेकर बुधवार को स्थानीय थाना में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ अभिनव कुमार ने किया। इस दौरान रमजान पर्व को देखते हुए होली को विशेष सावधानी और सतर्कता के साथ मनाने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान डीजे पर प्रतिबंध तथा किसी भी परिस्थिति में फुहड़ और भड़काऊ गीत नहीं बजाने की चेतावनी दी गई। बीडीओ ने कहा कि पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई जाए।असमाजिक सामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर ने कहा कि कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही।कहा की गश्ती वाहन भी घूमते रहेंगे। पुलिस की नजर सभी असामाजिक तत्वों पर रहेगी। सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रमुख गांवों में दंडाधिकारी और पुलिस बल को तैनात किए जाएंगे। इस अवसर पर अंचल कार्यालय की ओर से प्रतिनियुक्त राजस्व कर्मचारी सत्येंद्र ठाकुर के अलावा मुखिया मृत्युंजय सिंह उर्फ चुन्ना सिंह, नरेंद्र शेखर आजाद, अश्विनी कुमार मिश्र, संजय कुमार साह, उमेश पासवान सहित दर्जनों पंचायत प्रतिनिधि और गणमान्य मारने मौजूद थे।

# मौजूदा सरपंच के घर के सामने बिजली का पोल गिरने की कागार पर:- विभाग मौंन

**समाज जागरण**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) वर्त मान में अजैब सिंह सरपंच कालां वाली के घर के सामने बिजली विभाग के द्वारा काफी लम्बे समय से ट्रांस्फार्म लगा हुआ है। यह ट्रांस्फार्म पहले जमीन से निम्न स्तर पर लगा हुआ था। समाचार पत्र में कई बार खबरें प्रकाशित कि गई और विभाग के द्वारा ट्रांस्फार्म को ऊंचाई पर स्थित किया गया। ग्रामीणों ने पहले भी विभाग को अवगत करवाया गया कि यह बिजली का पोल कमजोर है और झूका हुआ है, लेकिन विभाग ने केवल ट्रांस्फार्म को ऊंचाई पर कर दिया जबकि मुख्य समस्या अभी भी बनी हुई है। अजैब सिंह सरपंच ने बताया ग्राम पंचायत के माध्यम से भी अवगत करवाया हुआ है लेकिन विभाग अपने कार्य में वयस्त होने के बाद कुछ दिनो का समय देकर टामटोल कर देते है। जिससे समस्या जयौ कि तयौं बनी हुई है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग कि है कि इस बिजली के पोल को बदलकर नया पोल लगाया जाऐ अन्यथा कोई अप्रिय घटना घटित होने कि संभावना हो सकती है। इस मौके पर अजैब सिंह सरपंच अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ने जैव-आधारित यौगिक का संश्लेषण किया है जो सौंदर्य प्रसाधन उद्योग में लुब्रीकेंट का विकल्प बन सकता है

पूर्वोत्तर में स्थित विज्ञान एवं प्रौद्यो गिकी विभाग (डीएसटी) के एक संस्थान ने प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग करके एक नवीन बायोसर फैक्टेंट संश्लेषित किया है, जिसमें आशाजनक जीवाणुरोधी और सफाई गुण हैं।

यह यौगिक त्वचा और घाव के संक्रमण के लिए जिम्मेदार जीवाणु स्टैफिलोकोकस ऑरियस के विरुद्ध प्रभावी पाया गया है, और व्यावसायिक फेस वॉश में मिलाने पर दाग-धब्बे हटाने की क्षमता में वृद्धि दशार्ता है।

इसका उपयोग सौंदर्य प्रसाधनों और औषधियों में किया जा सकता है और यह कृत्रिम सरफैक्टेंट का विकल्प हो सकता है।

कई उद्योगों में सरफैक्टेंट को लुब्रीकेन्ट्स, फैलाने वाले पदार्थ और इमल्सीफायर के रूप में व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाता है। फिर भी, कृत्रिम सरफैक्टेंट के समान पदार्थों की विषाक्तता और गैर-बायोडिग्रे डेबिलिटी को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण जैव-आधारित विकल्पों की तत्काल आवश्यकता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उन्नत अध्ययन संस्थान (आईएएसएसटी) के निदेशक प्रोफेसर आशीष के. मुखर्जी और उनके सहयोगियों प्रोफेसर एम.आर. खान और सुश्री अनुश्री रॉय, एसआरएफ के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में, सर्वव्यापी और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक दूध उत्पाद घी को एक नए, वसा-समृद्ध सब्सट्रेट के रूप में उपयोग करते हुए, प्रोबायोटिक लैक्टोबैसिलस प्लांटारम जेबीसी5 का उपयोग करके बायोसरफैक्टेंट का संश्लेषण किया गया। चित्र: घी को वसायुक्त सब्सट्रेट के रूप में उपयोग करके लैक्टोबैसिलस प्लांटारम जेबीसी5 से बायोसरफैक्टेंट उत्पादन का योजना बद्ध निरूपण

जिसमें प्रक्रिया अनुकूलन, लक्षण वर्णन और अनुप्रयोग शामिल हैं बायोसरफैक्टेंट का इष्टतम उत्पादन रिस्पॉन्स सरफेस स्टैटिस्टिकल एनालिसिस नामक तकनीक द्वारा प्राप्त किया गया। लिपोपेप्टाइड बायोसरफैक्टेंट ने खाद्य तेलों के लिए 60 प्रतिशत का अधिकतम इमल्सीफिकेशन इंडेक्स हासिल किया और अन्य सरफैक्टेंट के समान सतह तनाव कम करने वाले गुण प्रदर्शित किए। इसने उच्च तापमान (276 डिग्री सेल्सियस तक) और विभिन्न पीएच स्तरों पर असाधारण स्थिरता दिखाई।

# शहडोल में पिता ने कोल्ड ड्रिंक में मिलाया जहर, बेटी की मौत, अब अस्पताल में खुद पत्नी संग लड़ रहे जिंदगी की जंग

**समाज जागरण**



शहडोल। संभागीय मुख्यालय में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती निवासी शंकर लाल गुप्ता (40) ने कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर खुद पी लिया और अपनी पत्नी राजकुमारी गुप्ता (34) एवं पुत्री स्वाति गुप्ता (16) को पिलाकर एक साथ आत्महत्या करने का प्रयास किया। यह घटना मंगलवार को देर रात हुई है, जिसमें इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में पुत्री स्वाति गुप्ता की मौत हो गई है और शंकर गुप्ता एवं पत्नी राजकुमारी गुप्ता का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार शंकर लाल गुप्ता ऑनलाइन गेम खेलता था और इसी दौरान साइबर फ्रॉड में फंस कर आर्थिक नुकसान किया है। लगातार गेम में फंसता गया और कर्ज में इतना डूब गया कि परिवार में कलह होने लगा। गेम की लत और कर्ज के कारण आए दिन घर में भी विवाद करता था। इसी कारण से मंगलवार की रात में पूरे परिवार के साथ आत्महत्या करने का प्रयास किया। रात में जब तीनों की तबीयत एक साथ बिगड़ी तो आस-पड़ोस के लोगों ने कोतवाली को सूचना दी और तीनों को जिला अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज देने के बाद रात में ही मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रात में 2.00 बजे के आसपास पुत्री की मौत हो गई और माता-पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि शंकर गुप्ता ऑनलाइन गेम या किसी साइबर फ्रॉड के जाल में फंस गए थे, जिसके कारण उन्हें बड़ी आर्थिक क्षति हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी मानसिक दबाव और आर्थिक नुकसान के चलते उन्होंने यह खतरनाक कदम उठाया।

**पुलिस कर रही परिजनों से पूछताछ-:**

कोतवाली पुलिस ने परिजनों तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साइबर एंगल को भी ध्यान में रखते हुए जांच हो रही है। इस घटना ने एक बार फिर ऑन लाइन गेमिंग और साइबर फ्रॉड के खतरों को सामने लाया है।
कोतवाली थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि घटना हुई है और लड़की की मौत हो गई है, जबकि माता-माता इलाज ले रहे हैं। प्रारंभिक जांच में ऑनलाइन गेम व साइबर फ्रॉड की बात सामने आ रही है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बहनें लाती थीं हिंदू लड़कियां और भाई करता था दुष्कर्म, भोपाल के स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था धर्मांतरण का खेल

**समाज जागरण**

भोपाल। बागसेवनिया में मुस्लिम बहनों द्वारा रोजगार के लालच में हिंदू युवतियों से दुष्कर्म और फिर मता तरण के मामले ने अब एक बड़े नेटवर्क की आशंका खड़ी कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दो बहनें स्पा सेंटर में नौकरी की आड़ में हिंदू युवतियों को फंसाती और फिर उन्हें न सिर्फ अपने भाई और प्रेमियों को नशा मिलाकर सौंप देतीं, बल्कि उन्हें जिस्मफरोशी के दलदल में धकेल देती थीं। मामला भोपाल के बागसेवनिया थाने में दर्ज हुआ है, जिसके तार अब अहमदाबाद तक जुड़ गए हैं।
नौकरी का भरोसा देकर जाल में फंसाती थीं अमरीन और आफरीन-:पुलिस सूत्रों के अनुसार, बड़ी बहन अमरीन और छोटी बहन आफरीन पिछले करीब दस वर्षों से शहर के अलग-अलग स्पा सेंटरों में काम कर रही थीं। पहले वे दस नंबर क्षेत्र के एक स्पा से जुड़ी रहीं और बाद में आशिमा मॉल स्थित स्पा सेंटर में सक्रिय थीं। आरोप है कि यहां आने वाली जरूरतमंद युवतियों से वे दोस्ती बढ़ातीं, उन्हें बेहतर वेतन और सुरक्षित नौकरी का भरोसा दिलातीं और फिर धीरे-धीरे अपने जाल में फंसा लेतीं।

**नशा देकर दुष्कर्म और धर्मांतरण का दबाव-:**

शिकायतकर्ता महिला व युवती का आरोप है कि भरोसा जीतने के बाद उन्हें अमरीन अपने सागर रॉयल विला कॉलोनी स्थित फ्लैट में ही रखती और फिर पहले अपने प्रेमी चंदन के सामने परोस देती, जहां चंदन नशा मिलाकर उससे गलत काम करता। इसके बाद अमरीन अपने भाई बिलाल, चानू और फिर अहमदाबाद में मंगेतर यासिर को सौंप देती। इतना ही नहीं अमरीन और आफरीन पर उन्हें बड़े क्लाइंटों के सामने परोसने की बात भी कही जा रही है। हिंदू युवतियों को इस दलदल में फंसाने के बाद दोनों बहनें उन्हें कुरान पढ़ने, नमाज अदा करने और बुर्का पहनने का भी दबाव बनाती थीं। साथ ही मुस्लिम युवकों से शादी और विधवा महिला के पुनर्विवाह का आश्वासन भी दिया।

**आलीशान जीवनशैली और पुलिस की कार्रवाई-:**

जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों बहनें लंबे समय से आलीशान जीवनशैली जी रही थीं। महंगे फ्लैट में रहना, ब्रांडेड कपड़े और पार्टियों में नियमित मौजूदगी, इन सबके पीछे पुलिस अब कथित अवैध कमाई की पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों अपने पतियों से अलग रह रही थीं और अपने करीबी साथियों के साथ मिलकर यह नेटवर्क संचालित कर रही थीं। पुलिस ने अब तक अमरीन, आफरीन और अमरीन के प्रेमी चंदन यादव (मुस्लिम युवक) को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य तीन आरोपितों की तलाश जारी है। बागसेवनिया पुलिस की एक टीम अहमदाबाद के लिए रवाना हुई है। मंगलवार को कोर्ट में पीड़िताओं के बयान दर्ज करवाए गए हैं।

# मऊगंज में गोकशी का सनसनीखेज खुलासाः कमरे में टुकड़ों में मिला गोवंश, आरोपी मोहम्मद शरीफ गिरफ्तार

**समाज जागरण**

मध्य प्रदेश के मऊगंज थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ के घूरेहटा वार्ड नंबर 12 में पुलिस ने छापा मारकर गोकशी के काले कारोबार का भंडाफोड़ किया है। आरोपी ने न केवल गोवंश की हत्या की, बल्कि उसे क्रूरता पूर्वक टुकड़ों में काटकर बेचने की तैयारी में था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है मऊगंज का घूरेहटा इलाका उस वक्त सनन्न रह गया, जब पुलिस की एक टीम ने वार्ड नंबर 12 में दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखते ही आरोपी मोहम्मद शरीफ ने कमरे को ताला लगाया और वहां से रफूचक्कर होने की कोशिश की। लेकिन पुलिस की सूझबूझ और मुस्तैदी के आगे उसकी एक न चली। जब पुलिस ने बंद कमरे का ताला तोड़ा, तो अंदर का नजारा खौफनाक था। कमरे के अंदर गोवंश को कई टुकड़ों में काटकर रखा गया था। दरिंदगी का आलम यह था कि शरीर के अंगों को अलग-अलग कर दिया गया था। मौके से पुलिस ने गोकशी में इस्तेमाल होने वाला गड़ासा और अन्य धारदार हथियार भी बरामद किए हैं।
शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी मोहम्मद गोवंश का मांस बेचने और स्वयं के इस्तेमाल के लिए रखा हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 325, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(i) और मध्य प्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 5/9 के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल, पुलिस ने जब्त किए गए मांस को जांच के लिए पशु चिकित्सालय भेज दिया है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है और उससे पूछताछ जारी है ताकि इस गिरोह के अन्य नेटवर्क का भी पता लगाया जा सके।

# छतरपुर में संपत्ति के लिए बेटे ने पार की हदें, जीवित मां और बहन को इंटरनेट पर दी 'श्रद्धांजलि'

**समाज जागरण**



छतरपुर। बमीठा थाना के घूरा गांव में एक युवक ने पारिवारिक विवाद के बाद इंटरनेट मीडिया पर मां और बहन को मृत लिखकर श्रद्धांजलि दे दी। इतना ही नहीं बेटे ने अपना सिर भी मुंडवा लिया। इस पर मां ने पिता और पुत्र के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की शिकायत पर जांच कर रही है।

**चेक बाउंस और संपत्ति बेचने के विवाद से उपजा मामला-:**

जानकारी के अनुसार घूरा निवासी वृंदावन शिवहरे को चेक बाउंस के मामले में न्यायालय ने एक माह में 6 लाख रुपए जुमार्ना और जुमार्ना न भरने पर 27 माह की सजा का आदेश दिया है। इस पर बेटे भरत शिवहरे ने संपत्ति बेचने की बात मां पुष्पा शिवहरे और बहन सोनम शिवहरे से की। बहन शादी के बाद तलाक होने से मां के साथ अलग रहती है, उन्होंने इससे इंकार कर दिया।
नाराज बेटे ने मुंडवाया सिर, मां ने पति और पुत्र पर दर्ज कराई शिकायत-:इससे नाराज भरत शिवहरे ने सिर मुंडवाकर इंटरनेट मीडिया पर मां और बहन को श्रद्धांजलि दे दी। इस पर मां पुष्पा शिवहरे ने थाने में अपने पति वृंदावन शिवहरे और पुत्र भरत शिवहरे पर मारपीट के आरोप लगाने की शिकायत थाने में दर्ज करवाई है।

पुलिस मामले में संबंधित लोगों के बयान लेकर जांच कर रही है।

# कानपुर में छात्र की मौत के बाद पीएसआईटी कॉलेज में जमकर बवाल, लाठीचार्ज में कई छात्र घायल

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। कल मंगलवार जेसीबी से टकराकर हुई छात्र की मौत के मामले में प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उत्तेजित छात्रों ने आज बुधवार को पनकी स्थित पीएस आईटी कॉलेज में बवाल के साथ जमकर तोड़फोड़ भी की। इस बीच पुलिस ने भी जमकर लाठीचार्ज किया ,जिसमें कई छात्र घायल भी हो गए। यहां हालातों पर मुश्किल से नियंत्रण के बाद तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया।
साथी छात्र की मौत से आक्रोशित हजारों छात्रों ने पहले कैंपस में शांति मार्च निकाला, जिसके बाद देखते ही देखते उनका प्रदर्शन उग्र हो गया। इस बीच गुस्साए छात्रों ने कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने कैंपस के शीशे तोड़ दिए, गमले फेंक दिए और फर्नीचर को भी तहस नहस कर डाला।
जिसकी सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जब छात्र समझाने के बाद भी नहीं माने तो उसने छात्रों पर लाठी चार्ज कर दिया ,जिसमें कई छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

छात्रों ने इस दौरान यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। जिसकी वजह से ही रतनलाल नगर निवासी बीसीए अंतिम वर्ष के छात्र प्रखर सिंह असमय ही मौत का शिकार हो गया। छात्रों ने मांग उठाई है कि सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक, जब कक्षाएं संचालित होती हैं। उस दौरान किसी भी तरह का निर्माण कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। इस हंगामे के दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। वहीं इसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और कई घंटे की संघर्ष के बादछात्रों को शांत करने में सफलता प्राप्त की लेकिनतनाव लगातार बरकरार है ,जिसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि तोड़फोड़ करने वाले छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके भी कार्रवाई की जाएगी।

# निगोहां के विद्यालय में स्वास्थ्य क्रांति की पहल 175 बच्चों को मिली निरोग्यम किट  जागरूकता से गूंजा परिसर

**समाज जागरण**
**संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर एक सशक्त पहल के तहत यजत फाउंडेशन, लखनऊ के सहयोग से पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय, निगोहां में भव्य ह्यनिरोग्यम किट वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमह्व का आयोजन किया गया। इस प्रभाव शाली कार्यक्रम के अंतर्गत 175 छात्र-छात्राओं को निरोग्यम किटें वितरित कर स्वस्थ जीवन की दिशा में एक मजबूत संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी प्रभावशाली बना दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य का संतुलन ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। ग्राम पंचायत बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियो ने कहा कि इस तरह के जनहितकारी प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं और आगे भी पंचायत ऐसे कार्यक्रमों में पूरी सहभागिता निभाएगी।
कार्यक्रम में असीम अंसारी सीनियर सीएसआर मैनेजर, गेल इंडिया की प्रेरणादायी उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या ही स्वस्थ जीवन की नींव है। उन्होंने बच्चों को रोजमर्रा की आदतों में सुधार लाकर बीमारियों से दूर रहने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हाथ धोने की वैज्ञानिक विधि, मौसमी बीमारियों से बचाव और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए स्वच्छता अपनाने का संकल्प लिया, जिससे विद्यालय

परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। संस्था के अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने गेल इंडिया लिमिटेड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण मदद मिली है।विद्यालय के शिक्षकों और प्रशासन ने इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, लेकिन इसके माध्यम से दिया गया स्वास्थ्य और स्वच्छता का संदेश बच्चों के जीवन में लंबे समय तक प्रेरणा देता रहेगा।

# महामहिम मा0 राज्यपाल महोदया का जनपद भ्रमण कार्यक्रम 26 फरवरी को

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। महामहिम राज्यपाल महोदया आनंदीबेन पटेल जी का आगमन 26 फरवरी,2026 को पुलिस लाइन चुर्क हेलीपैड पर होगा, मा0 राज्यपाल महोदया कलेक्ट्रेट भवन में सरदार बल्लभ भाई पटेल वाटिका का लोकपर्ण एवं वित्तीय समावेशन जागरूकता शिविर का शुभारम्भ करेंगी, इसके पश्चात महामहिम द्वारा केलेक्ट्रट सभागार में समीक्षा बैठक करेगी, इसके पश्चात जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर में विभिन्न विभागों योजनाओं पर लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोन करेगी और एच0पी0वी0 टीकारण कार्यक्रम में सम्मलित होगीं, आदिवासियों को पट्टा वितरण, आगनबाड़ी किट और अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण करेंगी।

# शिक्षा से ही जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है - राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल

## जनजातीय व गरीब परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य प्राथमिकता से करें - राज्यपाल

धरती आबा ग्राम सलैया के कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

**समाज जागरण**




मऊगंज। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। पढ़-लिख कर ही आगे बढ़ा जा सकता है। इसलिए शिक्षा के महत्व को समझते हुए प्रत्येक बच्चे को शिक्षा मुहैया कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ जनजातीय व गरीब वर्ग के लोगों को प्राथमिकता से दिलाने का कार्य किया जाना चाहिए ताकि वह देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर भागीदार बन सकें। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल मऊगंज जिले के हनुमना जनपद अंतर्गत दूरस्थ जनजातीय धरती आबा ग्राम सलैया खास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।
राज्यपाल ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अल्प आयु में ही देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना आदि वासियों के उत्थान के लिए वरदान साबित होगी। इस योजना के तहत 18 विभागों द्वारा उनकी योजनाओं का लाभ जनजातीय परिवारों को मिलेगा। राज्यपाल जी ने आदिवासी युवाओं का आह्वान किया कि वह शिक्षित होकर अपने समाज के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करें क्योंकि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के लिए इस योजना से लाभ लेकर बराबरी का दर्जा प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूह के माध्यम से महिलाएं विकास की राह पकड़ चुकी हैं। उनमें आत्म विश्वास तो बढ़ा ही है साथ ही महिला सशक्तिकरण का भी उदाहरण प्रस्तुत हुआ है। श्री पटेल ने कहा कि यह उनका मऊगंज जिले का प्रथम प्रवास है। यहां जनजातीय समुदाय के बड़ी संख्या में लोग निवास कर रहे हैं। उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्री पटेल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को साधुवाद दिया जिनके प्रयासों से देश में सिकल सेल उन्मूलन के लिए 15 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सिकल सेल की जांच की जाकर तथा जनजातीय समाज में जागरूकता फैलाकर इसके उन्मूलन के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र योजना से टीवी पीड़ित मरीज को पोषण किट का वितरण किया गया है जिससे वह नियमित दवाई तथा पौष्टिक आहार लेकर टीवी रोग से मुक्ति पा सकेंगे। राजपाल जी ने कहा कि उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ समाज के गरीब वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों से आह्वान किया कि जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाने में कृत संकल्पित रहे।
इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल देश के ऐसे प्रथम व्यक्ति हैं जिन्होंने सिकल सेल बीमारी की पहचान व उसकी जांच के लिए कार्य प्रारंभ किया। वह इसके उन्मूलन के लिए पूरे मनोयोग से जुटे हुए हैं। उनके मार्गदर्शन से इस अनुवांशिक बीमारी को 2047 तक जड़ से खत्म करने में मदद मिलेगी। श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में करोड़ों आदिवासियों की जिंदगी को बचाने का कार्य देश में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मऊगंज जिले की एक-एक इंच भूमि संचित होगी। नलजल योजना से हर घर को स्वच्छ जल मिलेगा। पीएम आवास का हर पात्र व्यक्ति को लाभ मिलेगा और सभी के समन्वित प्रयास से यह जिला आदर्श जिले के तौर पर स्थापित होगा। सांसद श्री मिश्र ने सलैया आदि सेवा केंद्र तक की सड़क निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने कहा कि मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड में बड़ी संख्या में जनजातीय लोग निवास करते हैं। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना से जोड़कर हनुमना जनपद को आकांक्षी विकासखंड बनाया गया है। धरती आबा के 144 ग्रामों में शासन की योजनाओं का लाभ दूरस्थ गांव के लोगों को मिलेगा और वह समाज की मुख्य धारा में जुड़ सकेंगे।
कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का जनजातीय पारंपरिक नृत्य शैला एवं कर्मा से स्वागत हुआ। भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण व उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राखी द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान की राज्यपाल जी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा कहा कि सभी विद्यालयों में राखी द्वारा वंदे मातरम गीत प्रस्तुतीकरण कराएं ताकि बच्चे इसे कंठस्थ कर सकें। राज्यपाल ने जिला पंचायत सदस्य उर्मिला सिंह का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में कुलगुरु राजेंद्र कुमार कुड़रिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, समाजसेवी डॉ. राजेंद्र मिश्र, सरपंच सलैया इंदरनिया कोल, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, अन्य जन प्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण, हितग्राही व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। राज्यपाल महोदय को जिला प्रशासन द्वारा सुपारी से बने गणेश जी तथा बहुती प्रपात का चित्र भेंट किया गया। आभार प्रदर्शन अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने किया।

# अपहरण के दोषी मनोज प्रजापति को 4 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। करीब साढ़े 7 वर्ष पूर्व 14 वर्ष 4 माह की नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी मनोज प्रजापति को 4 बर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 7 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 5 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।
अभियोजन पक्ष के मुताबिक कोन थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने कोन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 4 अक्तूबर 2018 को सुबह 9 बजे जब वह स्कूल पढ़ने जा रही थी तभी उसकी  नाबालिग बेटी का अपहरण कर मनोज प्रजापति पुत्र रामविलास निवासी खेमपुर टोला धौरहरा, थाना कोन, जिला सोनभद्र अपने घर के बक्से में बंद करके रखा था। जब घर के लोग मनोज प्रजापति के घर गए तो लड़की बक्से के अंदर से बेहोशी हाल में मिली। इस तहरीर पर कोन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी मनोज प्रजापति (32) वर्ष को 4 वर्ष का कठोर कारावास  एवं 7 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 5 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह  ने बहस की।

# राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

छात्र वर्ग में अजय एवं छात्रा वर्ग में सुमन व गुंजा ने ओवर आल चैम्पियन का  लहराया परचम।

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। नगर स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में  दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन 25 फरवरी बुधवार को सम्पन्न हुआ। क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार नें छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल सर्वांगीण विकास भाई चारे और अनुशासन का आधार हैं।उन्होंने हार जीत से ऊपर उठकर ईमानदारी से खेलने, हार से सिखने और जीत में विनम्र रहने की प्रेरणा दी। एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुभाष राम नें पढ़ाई के साथ खेल में निरंतर अभ्यास करने का संदेश दिया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर राधा कांत पाण्डेय नें किया एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ राजेश प्रसाद नें आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष कुमार सैनी ने किया।  वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन महाविद्यालय में तीन हजार मीटर,दो सौ मीटर की दौड़, ट्रिपल जम्प,रिले रेस सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गयी।जिसमें छात्रा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुंजा बीए पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान आरती यादव बीकॉम पंचम सेमेस्टर, तृतीय स्थान तंशिका गुप्ता बीए पंचम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। वही तीन हजार मीटर छात्र दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यश अवस्थी बीकॉम प्रथम  सेमेस्टर, द्वितीय स्थान अवनीश कुमार बीएससी तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान सूजल कुमार बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। छात्र ट्रिपल जम्प प्रतियोगिता में अजय प्रथम स्थान, विष्णु यादव द्वितीय स्थान, अंकित यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही छात्रा ट्रिपल जम्प प्रतियोगिता में अर्चना कुमारी नें प्रथम स्थान, हर्षिता प्रजापति ने द्वितीय स्थान,प्रिया यादव नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में ओवर आल चैम्पियन का परचम अजय कुमार बीए पंचम सेमेस्टर ने लहराया वही छात्रा वर्ग में सुमन व गुंजा बीए पंचम सेमेस्टर नें ओवर आल चैम्पियन का परचम लहराया।प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रुप में आर एन सिंह, अनील सिंह व सुनील सिंह उपस्थित रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ विकास कुमार,डॉ विनोद बहादुर सिंह, डॉ अलोक यादव, डॉ विभा पाण्डेय, डॉ वैशाली शुक्ला,डॉ सचिन कुमार, डॉ संघ मित्रा, डॉ अंजलि मिश्रा एवं कार्यालय अधीक्षक राजेश्वर रंजन, धर्मेंद्र कुमार, महेश पाण्डेय, अभिषेक कुमार, अरुण कुमार सैफुद्दीन साहित तमाम महाविद्यालय के छात्र- छात्रा उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता समारोह सम्पन्न

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर स्थित बीआरडी राजकीय पीजी कॉलेज दुद्धी में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा बुधवार को सम्पन्न हो गया। क्रीड़ा प्रभारी राजेश भारती ने बताया कि दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह में आज दूसरे दिन 500 मीटर दौड़ में मनीष, अमित और रविंद्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि गोला प्रक्षेप छात्र वर्ग में आशीष, समशाद तथा प्रियांशु रहे। गोला प्रक्षेप छात्रा वर्ग में आकृति, प्रकृति और दिव्यांका, भाला फेंक में खुशी, आकृति तथा संध्या ने स्थान प्राप्त किया। इसी तरह रस्सा -कस्सी,लम्बी कूद, उच्ची कूद का आयोजित किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि दुद्धी बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा, नव निर्वाचित सचिव दिनेश कुमार शामिल रहे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ रामसेवक सिंह यादव, डॉ अजय कुमार, डॉ मिथलेश गौतम, डॉ विवेकानंद, डॉ सचिन, डॉ बृजेश यादव, डॉ राकेश कन्नौजिया, डॉ दिनेश चंद, डॉ गीता सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की व्यापक समीक्षा

2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य हेतु समयबद्ध व प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय पर आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मा० प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल द्वारा विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सदर विधायक श्री भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी०एन० सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री नंदलाल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० पंकज राय सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निमार्णाधीन सड़कों को मार्च माह तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने, विद्युत आपूर्ति निर्धारित समयानुसार बनाए रखने तथा ट्रांसफार्मर मरम्मत कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में बाउंड्री वॉल, शौचालय, पेयजल एवं विद्युत जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग से संबंधित बिंदुओं पर भी विस्तार से समीक्षा की गई। दिनांक 01.01.2026 से 15.02.2026 तक भा.दं.वि. के तीन वर्षीय तुलनात्मक अपराध आँकड़ों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। निरोधात्मक कार्यवाही, गोवध से संबंधित प्रकरणों में की गई कार्रवाई, पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध अभियान, खनन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही, उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों की प्रगति, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। मा० प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु प्रभावी, समयबद्ध एवं कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को समन्वय एवं नवाचार के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## विद्यालय प्रबंध समिति का प्रशिक्षण संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। ब्लॉक संसाधन केंद्र आराजीलाइन में विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के सचिव एवं अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी आराजीलाइन शशिकांत श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।
अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी ने एसएमसी के कार्यों एवं दायित्वों से प्रतिभागियों को अवगत कराया तथा विद्यालय के सुचारु संचालन हेतु उनकी सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय संचालन में सामाजिक सहभागिता बढ़ने से शिक्षा की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं में सकारात्मक सुधार संभव है। प्रशिक्षण में विकासखंड के 157 विद्यालयों के विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव एवं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता के रूप में सुरेश सिंह, रामदुलार, संतोष कुमार, विवेक यादव एवं राम मूरत विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक के एआरपी रितेश कुमार, श्रीमती शिवबाला, श्रीमती श्वेता सिंह, श्रीमती सुनीता सिंह एवं श्रीमती नेहा द्विवेदी सहित ब्लॉक के समस्त नोडल शिक्षक संकुल भी उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## चौखंडी में जनसुनवाई का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। आराजी लाइन विकास खंड के चौखंडी स्थित बारात घर में दोपहर 12 बजे जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सजोई, कल्लीपुर, महमदपुर, भाऊपुर और गणेशपुर सहित विभिन्न गांवों से पहुंचे नट, धरकार एवं बनवासी समुदाय के लोगों ने भाग लेकर अपनी



समस्याएं मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार दीपाली मौर्य के समक्ष रखीं।
जनसुनवाई के दौरान पेयजल, शौचालय, बिजली, आवास, स्ट्रीट लाइट तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं।
समाज उत्थान सेवा समिति द्वारा डीएनटी समुदाय को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था पिछले दस वर्षों से नट, धरकार और बनवासी समुदाय को मूलभूत सुविधाएं एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।
वहीं विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल ने भी समुदाय के लोगों की समस्याएं सुनीं और 7 मार्च के बाद संबंधित गांवों में जन चौपाल लगाकर सभी समस्याओं के समाधान कराने का आश्वासन दिया।
इस अवसर पर ग्राम प्रधान रामबाबू, अनिल कुमार, प्रीति देवी, रूपा, रवि, रूपेश, अनूप कुमार, महेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## अमरावती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में गृह विज्ञान महोत्सव का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकास खंड के हरिहरपुर स्थित अमरावती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को गृह विज्ञान महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक (एनजीओ प्रकोष्ठ) विपिन पाठक एवं संस्थान के प्रबंध निदेशक राजेश मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण तथा फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माया मिश्रा ने की।
मुख्य अतिथि विपिन पाठक ने अपने संबोधन में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि गृह विज्ञान का विशेष महत्व महिलाओं के लिए है, क्योंकि यह उन्हें गृह प्रबंधन, पोषण, स्वास्थ्य, बाल विकास तथा पारिवारिक संसाधनों के समुचित उपयोग में दक्ष बनाता है। उन्होंने कहा कि यह विषय आत्मनिर्भरता और जीवन कौशल को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
अध्यक्षता कर रही माया मिश्रा ने कहा कि गृह विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि नारी के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से पारिवारिक परिस्थितियों में सुधार लाकर परिवार को समृद्ध बनाया जा सकता है। गृह विज्ञान महोत्सव में छात्राओं ने देश भक्ति गीत पर अपनी प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर संयोजक प्रीति सिंह, दीक्षा सिंह, प्रियंका पाण्डेय, स्वाति सिंह, अंबुज मिश्र, जय प्रताप मिश्र, सत्य प्रकाश दुबे, चंदन मिश्र, अजय मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आज पैदल मार्च कर जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपेंगे ज्ञापन सनत कुमार सिंह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। 26फरवरी को बी एस ए कार्यालय पर आहूत धरना के उपरांत भारी संख्या में शिक्षकों द्वारा पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से शाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह ने कहा कि टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट यानि शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता टेट लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर थोपना घोर अन्याय है। टेट लागू होने से पूर्व में ही नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से सम्बन्धित प्रावधान वापस किया जाना आवश्यक है। उक्त के विरोध में 23,24 एवं 25 फरवरी को काली पट्टी बाँधकर हजारों शिक्षकों ने



विरोध जताया। उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक कैलाश नाथ यादव,जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष अमृता सिंह व रविंद्र सिंह, रविंद्र यादव,सनत कुमार सिंह,संजय सिंह,अनूप कुमार सिंह,सान्तेश्वर मिश्र, मनोज कुमार,राजेश सिंह, संजय राय,दरोगा सिंह, श्रीपादबल्लभ वक्षी, राजेन्द्र राय, शैलेंद्र सहाय,संतोष शर्मा, राज कुमार, मिथिलेश राय,डॉ प्रमोद पांडेय,डॉ सरोज पांडेय, प्रदीप यादव,संदीप गौतम,संतोष सिंह, रामसमुझ पटेल,आलोक सिंह,सुशील पांडेय,रीना सिंह, उषा सिंह,अपर्णा श्रीवास्तव आदि सहित हजारों शिक्षक 25 को भी काली पट्टी बांधकर विरोध में शामिल हुए।

## बाराचंवर चट्टी पर मां समेत दो बेटियों को टेलर ने कुचल दिया

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचंवर चटटी पर स्थित देशी शराब की दुकान के बगल मे परसा तिराहीपुर मार्ग पर मुहम्मदाबाद कोतवाली अन्तर्गत आबादान ऊर्फ बैरान निवासी रणजीत चौरसिया अपनी पत्नी कुसुम देवी 35 वर्ष , अनन्या 8 वर्ष एवं कृति 6 वर्ष को बाईक पर बैठाकर अपनी बहन के घर रसड़ा शादी मे जा रहा था।बाराचवर चटटी स्थित




देशी शराब की दुकान के बगल मे परसा तिराहीपुर मार्ग पर बाईक में टक्कर के कारण टेलर के नीचे चला गया।जिसमे उसकी पत्नी कुसुम देवी,दोनो पुत्रियो की मौके पर ही मौत हो गयी है।इस दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणो ने चक्का जाम कर दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर को अपने कब्जा मे ले लिया है।

## गाय का दूध अमृत के समान जो शरीर के विकार को दूर कर देती है ताकत: सुरेंद्र पटेल पूर्व मंत्री

### - वक्ताओं ने सहजन को महाफूड तो गिलोय को महाऔषधि बताया।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। भारतीय पशुपालक संघ के छठवीं वर्षगाठ पर तरया गाँव स्थित केंद्रीय कार्यालय पर बड़े ही धूम धाम से वर्ष गाठ मनाया गया। वर्षगाठ के अवसर पर "दुग्ध विकास में सहयोग की आवश्यकता " विषयक संगोष्ठी आयोजित की गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल ने कहा कि गाय का दूध अमृत के समान है जो शरीर के विकार को दूर कर ताकत देती है। पहले गाय का दूध पीकर पूर्वज सैकड़ो वर्ष जीवित रहते थे। लेकिन आज सिंथेटिक्स दूध ने जीवन को बेजान कर दिया है।

उन्होंने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार गाय के नाम पर सरकार तो बना ली लेकिन गाय को राज्य का दर्जा नही दे पाई जो दुर्भाग्य पूर्ण है।

गोष्ठी में वक्ताओं ने नई नई जानकारी साझा करते हुए कहा कि सहजन की पत्ती सुपर फूड है। इसे इंसान के साथ पशुओ को भी खिलाएं। जिससे पशु स्वस्थ्य रहेंगी और दूध में पौष्टिकता बढ़ेगी।

ओमप्रकाश मास्टर ने कहा कि कोरोना काल के बाद गिलोय विश्व की महाऔषधि बन गयी है। गिलोय को पशुओ को भी दे सकते है। इसे देने से 'डीवार्मिंग' करने की आवश्यता नही होगी। साथ ही पशु रोग मुक्त रहेगी।

विशिष्ट अतिथि एमएलसी आसुतोष सिन्हा ने कहा कि गोशाला में छुट्टा पशु के बारे में सदन में पुछा तो बताया गया कि तीस रुपये प्रति पशु दी जाती है, सदन में बात उठाने पर प्रति पशु 60 रुपये किया गया।

भारतीय पशुपालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर यादव ने संघ की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। और प्रमुख बिंदुओं न्याय पंचायत स्तर पर निःशुल्क पशु चिकित्सालय , पशु आश्रय शाला, एम्बुलेंस सेवा, पशुपालक को चिकित्सा हेतु आयुष्मान कार्ड की व्यवस्था, पशुओं के लिए निःशुल्क बिजली व निःशुल्क बीमा, मृत पशुओं के अंतिम संस्कार की निःशुल्क व्यवस्था सहित प्रत्येक ग्राम पंचायत में पशु चिकित्सा मित्र का चयन सरकार द्वारा किया जाना पशुपालकों के हित मे होगा।

इस अवसर पर संध्या भूषण, राजकुमार मिश्रा, आर0 डी0 यादव, उमेश प्रधान, सुबाष मास्टर, हर्ष यादव उर्फ भोलू , मनोज यादव, प्रेमप्रकाश यादव (वकील), बाबूलाल यादव (विधान सभा अध्यक्ष अजगरा), महेंद्र उर्फ पिंटू पाल, अवधेश कुमार, सत्यप्रकाश सोनकर, ईश्वर चंद्र पटेल, दयाराम यादव, आनंद मोहन यादव उर्फ गुड्डू यादव ने विचार व्यक्त किया। भारत भूषण यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन दिनेश यादव ने किया।

## एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास




वाराणसी। बुधवार को रोहनिया विधानसभा के ककरमत्ता वार्ड के पहाड़ी, वाराणसी में पूर्वांचल विकास निधि योजना के अंतर्गत बीएलडब्लू पानी टंकी संख्या 8 आई आई टी से भोले नगर कॉलोनी तक रोड निर्माण कार्य का सदस्य विधान परिषद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने शिलान्यास किया।

शिलान्यास अवसर पर समस्त पार्षद प्रतिनिधि अजय बिंद, गोपाल पटेल, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल, विपिन पाल, बाबू विश्वकर्मा, अमित पटेल,जितेंद्र केशरी, राजू प्रजापति एल, अजय विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जैविक किसान मेले का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



मिर्जापुर।। नमामि गंगे योजना से जुड़े बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मिजार्पुर जिले के छानबे विकासखंड के नदिनी गांव में जैविक किसान मेले का आयोजित किया गया। जैविक कृषि मेला में किसानों से जैविक खेती करने का आह्वान करते हुए उन्हें जैविक खेती करने पर जोड़ दिया गया। विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने कम लागत में अधिक उत्पादन के तौर-तरीके बताए। रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से उपजाऊ भूमि के बदलते स्वभाव एवं लगातार हो रही कार्बन की कमी को लेकर किसानों को आगाह किया। किसानों से पशुपालन कर पशुओं के गोबर से तैयार खाद का प्रयोग करने की अपील किया। कौशल सिंह ने किसानों को प्रकृति में जो भी उपलब्ध है , उसका समावेश करके खेती में प्रयोग कर अपनी उपज को बढ़ाने के बारे में बताया साथ सरकार द्वारा चलाए जा रहे किसानों के योजनों के बारे में बताया। कार्यक्रम में छब्बू पटेल, ब्रम्हदीन यादव, अन्नू व मुकेश सिंह आदि सहित सैकड़ों किसानो ने मेले में आ कर कृषि संबंधित जानकारी ली।

## बीएचयू वाराणसी में अखिल भारतीय सारस्वत सम्मान से सम्मानित हुए स्वतंत्र पत्रकार ब्रजभूषण दुबे

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

अखिल भारतीय सारस्वत सम्मान से नवाजे गए समग्र विकास इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं स्वतंत्र पत्रकार ब्रजभूषण दूबे!
काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैदिक विज्ञान केंद्र में तीन कुलपतियों एवं संस्थान के पदाधिकारी ने ब्रजभूषण दूबे को सरस्वती का चित्र सम्मान पत्र अंग वस्त्रम गीता एवं बाबा विश्वनाथ को समर्पित रुद्राक्ष की माला देकर अलंकृत किया!
सोमवार 23 फरवरी को देश विदेश की कई नामचीन हस्तियों की उपस्थिति में जैसे ही उद्घोषक ने ब्रजभूषण दूबे के नाम के साथ यह उल्लेख किया कि सामाजिक कार्यकर्ता स्वतंत्र पत्रकार के साथ-साथ महामना की बगिया (बीएचयू) में उनके माता लीलावती देवी की आहुति दी गई है अर्थात जनवरी 2020 में दिवंगत होने के उपरांत उनके पार्थिव शरीर का देहदान किया गया और श्री दुबे के पिताजी का



मृत्योपरांत देहदान गाजीपुर के मेडिकल कॉलेज में किया गया है, वैसे ही तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूंज उठा!
यह भी बताया गया कि देश का पहला परिवार ऐसा है जहां पति-पत्नी दोनों के देहदान का संकल्प न केवल भरा गया बल्कि मृत्यु के पश्चात उसे पूरा भी किया गया जिसकी आज मेडिकल के बच्चों के लिए महती आवश्यकता है! देहदान के अभाव में अब मेडिकल के बच्चों की पढ़ाई प्रायोगिक रूप से नहीं हो पा रही है!
संस्था के संयोजक प्रोफेसर विवेकानंद तिवारी ने ब्रजभूषण दूबे द्वारा कराए गए कई देहदान एवं दर्जनों नेत्रदान पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय योगदान पर भी चर्चा किया!
श्री दुबे को सम्मानित करने वाले तीन कुलपतियों में प्रोफेसर मनोज दीक्षित महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान, प्रोफेसर महावीर सिंह हिमांचल विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, प्रोफेसर आलोक चग्रवाल गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ प्रमुख थे!
वैसे तो गाजीपुर जनपद स्थित मनिहारी विकासखंड के यूसुफपुर ग्राम निवासी पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख पूर्व जिला पंचायत सदस्य ब्रजभूषण दूबे को स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए यह सम्मान दिया गया किंतु यह भी उल्लेख किया गया कि सामाजिक, राजनीतिक, आंदोलनात्मक, मानव अधिकार एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उनके द्वारा जो बड़ी लकीर खींची गई है ऐसे में चयन समिति द्वारा यह समझ पाना मुश्किल हो रहा था कि उन्हें किस क्षेत्र में विशेष उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाए!
अखिल भारतीय सारस्वत सम्मान से विभूषित किये जाने के बाद ब्रजभूषण दूबे ने कहा कि जिस महामना की बगिया में हमारी पूजनीया माँ लीलावती देवी का देहदान जनवरी 2020 में हुआ उस भारत रत्न के पवित्र शिक्षा संकुल में सम्मानित होना हमारे लिए गौरव की बात है!
श्री दुबे के सम्मान से हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर के प्रबंधक फादर पी विक्टर, नर्वदेश्वर राय पूर्व प्रधानाचार्य जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर, डाक्टर सानंद सिंह प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर, मृत्युंजय द्विवेदी उर्फ बड़े बाबा,इंजिनियर राकेश कुमार राय, पत्रकार यशवंत सिंह, डाक्टर मसूद अहमद डायरेक्टर ताज पब्लिक स्कूल ताजपुर नेहाल अहमद खां डायरेक्टर एके इण्टर नेशनल स्कूल मुहम्मदाबाद,हर्ष राय डायरेक्टर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर,कुंभनाथ जायसवाल, कैप्टन योगेंद्र यादव, शिवम उपाध्याय, समग्र विकास इंडिया के व्याख्याता गुल्लू सिंह यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश यादव, शिवानंद उपाध्याय, बंसराज यादव, हसन अब्दुल्ला, डॉ राजेश पांडेय, आलोक राय, शशिकांत प्रजापति, संतोष कुशवाहा, मोहम्मद साद शेख, रमेश चौबे, मनीष भारद्वाज, अभिषेक यादव, एवं हनुमान बिंद समेत ढेर सारे लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## BS Manthan 2026: मैन्युफैक्चरिंग के मौके का उठाएं लाभ, अमेरिका को लेकर रहें शांत- अमिताभ कांत

**दैनिक समाज जागरण**

नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी शुल्कों को लेकर भारत को जल्दबादी में प्रतिक्रिया देने से बचने की जरूरत है



नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी शुल्कों को लेकर भारत को जल्दबादी में प्रतिक्रिया देने से बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक बदलावों और हलचलों के दौर का इस्तेमाल विनिर्माण क्षेत्र को विस्तार देने में करना चाहिए। बीएस मंथन में निवेदिता मुखर्जी के साथ बातचीत में कांत ने कहा, अमेरिका का नीतिगत माहौल अस्थिर और अप्रत्याशित बन गया है। उन्होंने कहा, अमेरिका अपनी नीतियों में बहुत अप्रत्याशित और असंगत हो गया है। वे आज जो नीति अपनाते हैं, उसमें कल फेरबदल हो सकता है। उन्होंने कहा कि फैसले निरंतर बातचीत का मसला हैं और तुरंत बदल सकते हैं।
उनकी सलाह स्पष्ट हैः ह्यइसलिए मेरा मानना है कि हमें अपनी राह पर बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को लंबे समय की संभावना देखनी चाहिए और इस समय जल्दबाजी नहीं करना चाहिए। अमेरिका को लेकर भारत की नीतियों पर उन्होंने कहा, ह्यअभी जल्दबाजी न करें। देखें और इंतजार करें। उन्होंने कहा कि बाहरी मामलों में धैर्य जरूरी है और आंतरिक मामलों में तत्परता महत्त्वपूर्ण है।
कांत ने मौजूदा दौर को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बना ऐसा दौर बताया, जिसने वैश्विक व्यापार के विस्तार को आधार दिया लेकिन जो अब टूट रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोप और पश्चिम एशिया के बीच टकराव और टूटती वैश्विक मूल्य श्रृंखला ढांचागत बदलाव का प्रतीक है। चार दशकों के दौरान वैश्विक श्रृंखला के एकीकरण से एशिया में लाखों लोग गरीबी से बाहर निकले। जापान निर्यात के माध्यम से आगे बढ़ा। दक्षिण कोरिया ने वैश्विक बाजारों में प्रवेश किया। चीन 1990 और 2020 के बीच तेजी से बढ़ा, जिसे विनिर्माण मूल्य श्रृंखला में व्यापक जुड़ाव का लाभ मिला।
उन्होंने कहा कि वह प्रणाली अब पुनर्गठन के दौर से गुजर रही है। कांत ने कहा, ह्यव्यवधान होने और वैश्विक मूल्य श्रृंखला के टूटने से भारत को कभी-कभार वाला अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि जो हो रहा है वह डीग्लोबलाइजेशन नहीं है, बल्कि री-ग्लोबलाइजेशन है। भरोसा, मजबूती और पहले से अनुमान लगा पाने की स्थिति से व्यापार संबंधों को आकार देने में सहूलियत होती है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए सीधे तौर पर विनिर्माण में सफलता निहित है। उन्होंने कहा, ह्यआपको मात्रा बढ़ाने और प्रतिस्पर्धी होने की जरूरत है।ह्वआकार और पैमाने के बगैर भारत वैश्विक बाजारों में बेहतर तरीके से प्रवेश नहीं कर सकता।

### लागत में प्रतिस्पर्धा

कांत ने तर्क दिया कि विनिर्माण क्षेत्र में चीन के आगे बढ़ने को भारत को बेंचमार्क बनाने की जरूरत है, उसके मॉडल को दोहराने के लिए नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के आकार को समझने के लिए। उन्होंने कहा,अपने लिए यह मानक बनाएं कि चीन विनिर्माण वाला देश कैसे बना। उन्होंने कहा कि चीन की सफलता समन्वित कार्रवाई पर आधारित थी। कम लागत पर लंबी अवधि के लिए पट्टे पर जमीन दी गई, किफायती और भरोसेमंद बिजली, सस्ता कर्ज और श्रम को तेजी से औद्योगिक उत्पादन के काम में लगाया गया।
लाखों श्रमिक विनिर्माण क्षेत्र में आए और निर्यात की क्षमता में उछाल आई। उन्होंने कहा कि भारत जीवंत लोकतंत्र है और उसे अपनी राह पर चलना है। लेकिन सबक साफ है कि लागत प्रतिस्पर्धी होने से वैश्विक व्यापार में जगह बनती है। उन्होंने कहा, ह्ययह सिर्फ कारोबारी सुगमता का मसला नहीं है, जिसकी लागत भारत में अधिक है। उन्होंने कहा, ह्यकारोबार करने की लागत अधिक है, क्योंकि भारत में ऋण पर ब्याज अधिक है। उन्होंने कहा कि वैधानिक तलरता जरूरतें वैश्विक मानकों की तुलना में बहुत ज्यादा हैं और धीरे धीरे इसे कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ह्यऋण की दर भारत में निश्चित रूप से कम होनी चाहिए, यह बहुत महत्त्वपूर्ण है।ह्व बिजली दरें, जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया और लॉजिस्टिक्स लागत भी निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता के अनुकूल होनी चाहिए।

### एआई और उत्पादकता

अगर भू-राजनीति विखंडन के संकेत दे रही है तो तकनीक रफ्तार के संकेत दे रही है। कांत ने मौजूदा दौर को आर्टीफिशल इंटेलिजेंस से संचालित असाधारण उत्पादकता की क्षमता वाले दौर के रूप में बताया।

## BS Manthan में बोलीं सीतारमण: द्विपक्षीय जरूरतों के हिसाब से बीआईटी मॉडल में बदलाव

**दैनिक समाज जागरण**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अब निवेश सुरक्षा समझौते पर बातचीत द्विपक्षीय जरूरतों के हिसाब से हो रही है और इसके मुताबिक कई देशों के साथ समझौते हुए हैं
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत अपनी आदर्श द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) की रूपरेखा से आगे निकल गया है और अब निवेश सुरक्षा समझौते पर बातचीत बहुत प्रगतिशील हो गई है। उन्होंने कहा कि अब भारत द्विपक्षीय जरूरतों की मांग के हिसाब से रूपरेखा में बदलाव करता है। बिजनेस स्टैंडर्ड मंथन कार्यक्रम में सीतारमण ने एके भट्टाचार्य के साथ बातचीत में कहा कि भारत अभी भी खुद को 2016 मॉडल पर ही मानता है, लेकिन ऐसे बदलाव पारदर्शी तरीके से किए गए थे और इन्हें कैबिनेट की मंजूरी मिली थी। इसकी वजह से भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब से निवेश समझौते कर पाया।
वित्त मंत्री ने कहा कि आज की तारीख में बीआईटी उस तरह निर्णायक नहीं हैं, जैसी पहले थीं। उन्होंने कहा कि कुछ देश बीआईटी की मांग किए बगैर भारत में निवेश कर रहे हैं, वहीं भारतीय फर्में भी ऐसे देशों में निवेश कर रही हैं, जिनके साथ कोई समझौता नहीं है। उन्होंने कहा बीआईटी के बगैर भी देशों में निवेश आ रहा है और वे तरक्की कर रहे हैं।
उन्होंने कहा, ह्यमैं जल्दबादी में नहीं कह सकती कि सबके साथ बीआईटी होगी और यह भी नहीं कह सकती कि बीआईटी की बिल्कुल जरूरत नहीं है। आज दुनिया ज्यादा गतिशील है। सीतारमण ने जोर दिया कि पिछली संधियों से जुड़े विवादों से सरकार के रुख का पता चलता है। जिन मामलों में विदेशी निवेशकों ने कराधान के मामलों में संधि पंचाट का सहारा लिया, या उच्चतम न्यायालय के स्तर पर मामला लंबित रहने के बावजूद भारतीय न्याय व्यवस्था की उपेक्षा की गई, ऐसे मामले चिंता का विषय बने हुए हैं।
उन्होंने आगे कहा, ऐसी कई चीजें हैं जो संधि में व्यवधान बन जाती हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को प्रेस नोट 3 पर फिर से विचार करने की जरूरत है, जिसकी वजह से भारत की जमीनी सीमा को छूने वाले देशों, खासकर चीन से निवेश के मामले में जांच सख्त कर दी गई है, सीतारमण ने कहा कि लाभदायक मालिकाना को लेकर चिंता सिर्फ चीन से जुड़ी हुई नहीं है, बल्कि सभी अधिकार क्षेत्रों पर लागू होती है।
उन्होंने कहा, ह्यमैं कई गैर कारोबारी वजहों से लाभ उठाने वाले आखिरी मालिक के बारे में चिंतित रहूंगी। यह चिंता हो सकती है कि किस तरह का पैसा आ रहा है। मैं खास तौर पर चीन की बात नहीं कर रही हूं। मैं इन नजरियों से निवेश को लेकर चिंतित हूं, भले ही ऐसा न हो। उन्होंने कहा कि ऐसे पैसे को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) और वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के नियमों के मुताबिक होना चाहिए।
उन्होंने कहा, ह्यहालांकि यह (एफडीआई) ऑटोमेटिक रूट से आता है, लेकिन कुछ मामलों में आप सोचना शुरू कर देते हैं, जब शेयरधारिता बढ़ती है। उस समय यह सोचना शुरू होता है कि कौन है, कौन निवेश कर रहा है? क्या वह एक ब्लॉक है, जो कंपनी पर पकड़ बनाने जा रहा है? दबाव में आई कंपनियां, जो किसी व्यक्तिगत वजह से नहीं हैं, बल्कि अलग वजहों से समस्या है, उन्हें गंवाया नहीं जा सकता है।
मंत्री ने कर्नाटक के कॉफी बागानों में विदेशी खरीदारों द्वारा डिजिटल बोली लगाए जाने को लेकर भी चिंता जताई है। उन्होंने कहा, ह्यहो सकता है कि इसमें कुछ भी गलत न हो। लेकिन यह अनोखी भारतीय संपदा है। तमाम सवाल हैं, जिन पर हमें विराम लगाने की जरूरत है और फिर आगे बढ़ना है।
शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की आवक सुस्त रहने के मसले पर सीतारमण ने कहा, हम नीतिगत स्थिरता और कर स्थिरता मुहैया करा सकते हैं, इसके अलावा भी वैश्विक पूंजी की गति को प्रभावित करने वाली वजहें हैं। इसलिए हमें अनिश्चितता के दौर में इंतजार करने की जरूरत है।
सीतारमण ने वैश्विक अनिश्चितताओं को सबसे बड़ी नीतिगत चुनौती करार दिया। उन्होंने कहा, ह्यसुबह अलग तरह की अनिश्चितता होती है, दोपहर बाद अनिश्चितता का स्तर दूसरा होता है। अगर शुल्क दरों के बारे में मैं अभी जवाब दूं तो शाम को वह अप्रासंगिक हो सकता है।
वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार हालात से निपटने के लिए सभी तैयारियां रखने की कोशिश कर रही है, लेकिन यह हमेशा मुमकिन नहीं होता और ह्यइसलिए आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मॉनसून को देश के लिए स्थायी जोखिम करार दिया। उन्होंने कहा, ह्यमैं चाहती हूं कि आने वाला मॉनसून हमारे लिए अच्छा हो। हम पर मेहरबान हो। न अति वृष्टि, न अनावृष्टि हो।
कृषि क्षेत्र के सुधारों पर सीतारमण ने एग्रीस्टैक जैसी कुछ पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, एग्रीस्टैक अनूठा प्रयोग है। मुझे लगता है कि अगली यूपीआई से जुड़ी बड़ी क्रांति एग्रीस्टैक से आएगी। अब हमारे सामने साफ तस्वीर होगी कि कितने उर्वरक की जरूरत है। अब कोई भंडारण नहीं होगा और किसानों को उर्वरक देने से मना भी नहीं किया जाएगा। अब हमें पता होगा कि कितनी खाद मिट्टी में जा रही है और कितनी अलग इस्तेमाल हो रही है।

# बिल्ली-मारकुंडी खनन क्षेत्र में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई, आधा दर्जन कारोबारियों के घर-ऑफिस पर की छापेमारी

**होली से पहले खनन क्षेत्र में मचा हड़कंप, दस्तावेज खंगालने में जुटी टीमें**

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**



सोनभद्र। जनपद के बिल्लीझ मारकुंडी खनन क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब आयकर विभाग की दर्जनों टीमों ने बुधवार को सुबह एक साथ आधा दर्जन से अधिक खनन कारोबारियों के घरों और कार्यालयों पर छापेमारी की। कार्रवाई सुबह तड़के शुरू हुई, जिससे पूरे खनन क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। होली पर्व से ठीक पहले हुई इस बड़ी कार्रवाई से कारोबारियों और संबंधित लोगों में सियापा छा गया है। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की टीमें स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंचीं और संबंधित कारोबारियों के आवास, दफ्तर तथा अन्य प्रतिष्ठानों को घेर लिया। इसके बाद टीमों ने अंदर प्रवेश कर जरूरी दस्तावेज, लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड, कंप्यूटर हार्ड डिस्क, मोबाइल फोन और बैंक खातों से संबंधित कागजातों की गहन जांच शुरू कर दी। कई स्थानों पर कर्मचारियों और परिजनों से पूछताछ भी की गई। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई खनन कारोबार में आय और व्यय के बीच कथित असमानता, टैक्स चोरी और बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के आधार पर की गई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर विभाग की ओर से विस्तृत जानकारी जारी नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि जांच कई महीनों से चल रही थी और पुख्ता इनपुट मिलने के बाद एक साथ छापेमारी की रणनीति बनाई गई। खनन क्षेत्र के व्यापारिक गतिविधियों पर इसका सीधा असर देखा गया। कई खनन साइटों पर कामकाज धीमा पड़ गया, वहीं परिवहन और लोडिंग गतिविधियों में भी कमी आई। कारोबारी वर्ग में चर्चा का बाजार गर्म है और लोग पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। उधर, आयकर विभाग की टीमें देर शाम तक दस्तावेजों की जांच और सीलिंग की कार्रवाई में जुटी रहीं। माना जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद विभाग की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया जा सकता है। फिलहाल, बिल्ली-मारकुंडी खनन क्षेत्र में होली की तैयारियों के बीच छापेमारी की इस कार्रवाई ने माहौल को गरमा दिया है और पूरे जनपद में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

# शासन की मंशा के अनूरूप सभी कार्य ससमय किये जाये पूर्ण- मा0 प्रभारी मंत्री

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। जनपद मुख्यालय पर आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में रविंद्र जायसवाल जी, प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में माननीय सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा नंदलाल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 पंकज राय सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मा0 प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि निमार्णाधीन सड़कों का कार्य मार्च माह तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस दौरान मा0 मंत्री जी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ह्यहर घर नल योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन स्थानों पर सड़कों को बिना अनुमति काटा गया है और मरम्मत कार्य लंबित है, संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध लोक निर्माण विभाग और नगर पंचायत विभाग प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होने अधिशासी अभियंता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समयानुसार जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, विशेषकर आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। इस दौरान उन्होनें प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिरौंजी, अर्जुन जैसे उपयोगी वृक्षों का व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हों। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को वृक्षारोपण की शपथ भी दिलाई।

विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत बाउंड्री वॉल, शौचालय, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण एवं आदर्श बनाने पर विशेष बल दिया। अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद सोनभद्र में विद्युत आपूर्ति निर्धारित समयावधि के अनुसार सुनिश्चित की जाए और किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होने कहा कि ट्रान्सफार्मर मरम्मत का कार्य निर्धारित समय अवधि में किया जाये, डीसी मनरेगा को जी-राम योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रमिकों को योजना का अधिकतम लाभ मिल सके। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण हेतु सभी विभाग समन्वय स्थापित कर नवाचार अपनाएं और जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# सांसद और राज्य मंत्री ने चोपन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किए धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस

**क्षेत्रीय विकास को मिलेगा नया आयाम**

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**





सोनभद्र। चोपन रेलवे स्टेशन पर आज भारतीय रेल की नई त्रि-साप्ताहिक धनबाद भोपाल एक्सप्रेस के शुभारंभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड एवं रॉबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद छोटेलाल खरवार बतौर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंडल यातायात प्रबंधक रंजीत कुमार ने अतिथियों को बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि यह नई ट्रेन क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी तथा क्षेत्रीय विकास को गति प्रदान करेगी। धनबाद- भोपाल एक्सप्रेस (11631) सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को भोपाल से शाम 8:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रातः 10:20 बजे चोपन पहुंचेगी तथा 10:50 बजे चोपन से धनबाद के लिए रवाना होगी। वहीं, 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार एवं रविवार को धनबाद से सुबह 7:20 बजे चलकर शाम 4:05 बजे चोपन पहुंचेगी तथा 4:25 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी। ट्रेन का रूट भोपाल-इटारसी-कटनी-सिंगरौली-चोपन-धनबाद तथा वापसी में धनबाद-चोपन-सिंगरौली-कटनी-इटारसी-भोपाल रहेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संजीव त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, भाजपा जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, विकास चौबे, नजमुद्दीन, सतीश कुमार, सचिव उमेश कुमार सिंह, मनोज कुमार पासवान, कपिल कुमार, राकेश चौरसिया, स्टेशन प्रबंधक चोपन धीरेंद्र कुमार सहित एच.आर. मिश्रा, कनक ओझा, वी.के. द्विवेदी, आर.बी. पाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक व मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्रवासियों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पुलिया के नीचे बाइक सहित मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**



सोनभद्र। जिले के म्योरपुर थाना क्षेत्र के किरबिल गांव में बुधवार सुबह करीब सात बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिया से लगभग 10 फीट नीचे झाड़ियों में एक युवक का शव उसकी बाइक के साथ पड़ा मिला। खेत-खलिहान की ओर जा रहे ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही म्योरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को झाड़ियों से निकलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर भिजवाया, जहां चिकित्सक डॉ. आराधना ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बृजराज किशोर (20 वर्ष) पुत्र आत्माराम निवासी चेतवा, थाना बीजपुर के रूप में हुई।

ग्रामीणों के अनुसार युवक पुलिया के नीचे बाइक समेत गिरा पड़ा था। प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, लेकिन घटनास्थल की परिस्थितियां संदिग्ध भी नजर आ रही हैं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा आवश्यक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

परिजनों ने बताया कि बृजराज तीन महीने पहले हैदराबाद काम करने गया था और तीन दिन पूर्व ही घर लौटा था। मंगलवार दोपहर वह घर से घूमने निकला था। शाम करीब आठ बजे उसने अपने दादा को फोन कर बताया कि वह इलाज के लिए वाराणसी जा रहा है, लेकिन वह किरबिल गांव कैसे पहुंच गया, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजन अस्पताल पहुंच गए।

थाना प्रभारी राम दरस राम ने बताया कि अस्पताल से मेमो मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध डायवर्जन करने वाले गिरोह की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक एवं नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम तथा अपराधियों/तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ 0सं0-1191/ 2025, धारा 318(4), 338, 336 (3), 340(2), 61 (2) (क) बीएनएस एवं धारा 27-ए, 29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अभियुक्त भोला प्रसाद पुत्र रामदयाल प्रसाद निवासी ए-9/24, कायस्थ टोला, प्रहलाद घाट, थाना आदमपुर, कमिश्नरेट वाराणसी तथा उसके पुत्र शुभम जायसवाल द्वारा सुनियोजित एवं संगठित आपराधिक षड्यंत्र के तहत कोडीन युक्त कफ सिरप न्यू फेन्साडिल की नशाखोरी हेतु तस्करी कर अवैध डायवर्जन किया जा रहा था। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा गठित आपराधिक नेटवर्क के माध्यम से उक्त कफ सिरप को भारी मात्रा में अवैध रूप से डायवर्ट कर सीमा पार बांग्लादेश तक विक्रय किया जाता था, जिससे अकूत अवैध धनराशि अर्जित की गई। अभियुक्त शुभम जायसवाल वर्तमान में विदेश पलायन कर चुका है। अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल को विदेश पलायन करते समय दिनांक 29.11.2025 की रात्रि में कोलकाता एयरपोर्ट पर रोककर गिरफ्तार किया गया था। एसआईटी, सोनभद्र पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई करते हुए अभियुक्तगण की अपराध से अर्जित चल-अचल संपत्तियों को चिन्हित किया गया। माननीय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट, सोनभद्र के आदेश दिनांक 22.01.2026 के अनुपालन में दिनांक 23.01.2026 को लगभग ₹28 करोड़ 50 लाख की संपत्ति जप्त/कुर्क की गई थी।

इसी क्रम में अभियुक्तगण एवं उनके परिजनों की अन्य चल-अचल संपत्तियों को चिन्हित करते हुए फ्रीजिंग आदेश पारित कर अनुमोदन हेतु सक्षम प्राधिकारी/प्रशासक SAFEMA कोर्ट, दिल्ली को प्रेषित किया गया। एसआईटी सोनभद्र द्वारा प्रस्तुत संतुष्टिपरक तथ्यों एवं प्रभावी पैरवी के आधार पर सक्षम प्राधिकारी / प्रशासक SAFEMA कोर्ट, दिल्ली द्वारा आदेश दिनांक 24.02.2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68F(2) के अंतर्गत अनुमोदन प्रदान करते हुए अभियुक्त भोला प्रसाद एवं उसके परिजनों की लगभग ₹4 करोड़ 50 लाख मूल्य की चल-अचल संपत्ति जप्त/कुर्क कर दी गई है।

# सोनांचल कप लखनऊ ने मुगलसराय रेलवे को 4 विकेट से दी मात , अमरेंद्र तिवारी बने मैन ऑफ द मैच

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय गांधी मैदान में खेल प्रेमियों का उत्साह सातवें आसमान पर है। यहाँ चल रहे प्रतिष्ठित 23वें सोनांचल कप के चौथे दिन लखनऊ और मुगलसराय रेलवे के बीच एक बेहद कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अंतत लखनऊ की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए मुगलसराय को पटखनी देकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। मैच की शुरूआत में मुगलसराय रेलवे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का साहसिक निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवरों के खेल में मुगलसराय की पूरी टीम 24.1 ओवर में 151 रन बनाकर सिमट गई। योगेश राणा 45 गेंदों पर 49 रन (4 चौके, 1 छक्का) बनाकर टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे। सिद्धांत पाठक 23 गेंदों पर तेज 28 रनों का योगदान दिया। लखनऊ की गेंदबाजी अमरेंद्र तिवारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि आकाश यादव ने 5 ओवर में महज 18 रन देकर 2 सफलताएं हासिल कीं। 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम ने सधी हुई शुरूआत की। हालांकि बीच में विकेट गिरे, लेकिन बल्लेबाजों ने धैर्य नहीं खोया और 24.1 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। अमित गुप्ता 51 गेंदों पर 48 रनों की सूझबूझ भरी पारी खेली। मुरारी 30 गेंदों पर महत्वपूर्ण 33 रन जोड़े। गेंदबाजी (मुगलसराय) विनोद कुमार और सिद्धांत पाठक ने 1-1 विकेट लिया, लेकिन वे लखनऊ को जीत से रोकने में नाकाम रहे।प्रतियोगिता के चौथे दिन मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी अभियंता (सिविल) ईड्ट सदानंद यादव मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना की प्रशंसा की। लखनऊ के ऑलराउंडर अमरेंद्र तिवारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नाइन स्टार ओबरा के सीनियर खिलाड़ियों द्वारा मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच को सुचारू रूप से संपन्न कराने में निर्णायक रोशन सिंह और सूर्यप्रकाश चौरसिया की अहम भूमिका रही। कमेंट्री के माध्यम से संकट मोचन झा और राजू यादव ने दर्शकों को बांधे रखा। इस अवसर पर अवर अभियंता ईड्ट शेषनाथ यादव, आयोजन सचिव संकट मोचन झा, उपाध्यक्ष राजू यादव सहित कलीम खान, अरविंद यादव गप्पू, और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के अगले चरण में कल सोनपुर रेलवे (बिहार) का सामना एनआर रेलवे ( वाराणसी) से होगा। यह मैच टूनामेंट के सबसे प्रतीक्षित मुकाबलों में से एक माना जा रहा है।

# न्याय चला जनता के द्वार, चकबंदी विभाग ने अवई में ग्राम चौपाल लगाकर सुनी किसानों की समस्या

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



गुरमा/ सोनभद्र। सदर विकास खण्ड क्षेत्र के मारकुंडी ग्राम पंचायत स्थित अवई कम्पोजिट विद्यालय के प्रागंण में चकबंदी विभाग के अधिकारी बरमेश्वर उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में ग्राम चौपाल लगाकर किसानों की भूमि विवादित समस्याओं को देखते हुए मौके पर ही निस्तारण किया गया।ऐसे भी भूमि विवादित मामले आये जो दो किसानों के बीच वर्षों से चली आ रही कोर्ट कचहरी के मामले को दोनो पक्षों के सहमति से सुलझाते निस्तारण कर दिया गया।

इस सम्बंध में चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मा. चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिलाधिकारी के मार्ग दर्शन पर यह कार्य सभी जगह चल रहे हैं।चकबंदी विभाग के ग्राम सभाओं में किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण से किसानों के चहरो पर खुशी देखी गई जो सभी क्षेत्र के किसानों ने इस कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर मुख्य रुप दिलीप कुमार मौर्य, कानूनगो रामलाल बर्मा, लेखपाल मो. असलम,

सत्यदेव पाण्डेय ,अरुण कुमार पाण्डेय,राजाराम पाठक,नारद भारती, सुख लाल पाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन शील्ड के तहत एसिड अटैक की रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**



सोनभद्र। जनपद पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद में व्यापक जागरूकता अभि यान संचालित किया गया।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के सरल उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा OTP साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में एसिड/तेजाब विक्रय करने वाली दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों को एसिड विक्रय से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा बिना वैध अभिलेख/पहचान पत्र के एसिड विक्रय न करने के निर्देश दिए गए। दुकानों के रजिस्टर, स्टॉक विवरण एवं सीसीटीवी व्यवस्था की जांच की गई। आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भविष्य में नियमों के उल्लंघन पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# थाना पन्नूगंज पुलिस ने 05 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ( मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल निर्देशन में थाना पन्नूगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 25.02.2026 को रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा बेलखुरी मोड़ से लगभग 100 मीटर पहले पुलिया के पास, ग्राम बेलखुरी क्षेत्र में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक बोरी में रखा लगभग 05 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को समय करीब 00:06 बजे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मु0 अ0सं0 36/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट अभियोग पंजीकृत करते हुए माननीय न्यायालय, सोनभद्र के समक्ष रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण - संजय डोम पुत्र स्व0 लालता प्रसाद डोम, निवासी वार्ड नं0 13 अम्बेडकर नगर थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र, हाल पता पेट्रोल पंप के सामने ग्राम चतरा थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 30 वर्ष।

# पुलिस ने अपहरण/बहला -फुसलाकर ले जाने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, पीड़िता सकुशल बरामद

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**



सोनभद्र। थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 142/2025 धारा 137 (2) बीएनएस में विवेचना के दौरान अपहत/पीड़िता की बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 87 बीएनएस की बढ़ोत्तरी पाई गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में दिनांक 25.02.2026 को थाना पन्नूगंज पुलिस को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमे से संबंधित अभियुक्त अभिषेक कुमार एवं पीड़िता पटना तिराहा बस स्टैण्ड के पास किसी वाहन का इंतजार कर रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मुखबिर द्वारा इशारा कर बताए जाने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। अभियुक्त अभिषेक कुमार पुत्र मनोज धांगर निवासी ग्राम करौदिया थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 19 वर्ष को मौके से समय करीब 06.35 बजे गिरफ्तार कर पीड़िता/ अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही प्रचिलत है। पूछताछ का विवरण- अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह पीड़िता को बहला-फुसलाकर शादी करने की नीयत से चेन्नई लेकर गया था तथा परिजनों द्वारा मुकदमा दर्ज कराए जाने की जानकारी होने पर वापस ला रहा था कि पुलिस के द्वारा पकड़ लिए गए।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा, थाना अनपरा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी श्री हर्ष पाण्डेय के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस को चोरी की घटना के अनावरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 40/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस एवं मु0अ0सं0 11/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस से संबंधित प्रकरणों में विवेचना के दौरान दिनांक 25.02.2026 को थाना अनपरा पुलिस को जरिए मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त चोरी के मुकदमों से संबंधित अभियुक्त ककरी वारफाल के पास चोरी के सामान के साथ मौजूद है तथा उसे बेचने की फिराक में है। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर अभियुक्त अमर पनिका पुत्र रामप्रसाद पनिका निवासी शिव मंदिर रेनूसागर थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया गया। उक्त कृत्य के आधार पर अभियुक्त को मु0अ0सं0 40/2026 व 11/2026 में धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस तथा बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस के अंतर्गत समय करीब 07:19 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त से पूछताछ का विवरण- अभियुक्त द्वारा दिनांक 22/23 फरवरी 2026 की रात्रि में एनसीएल कॉलोनी ककरी में चोरी करना स्वीकार किया गया। अभियुक्त द्वारा स्वीकार किया गया कि वह दिन में कॉलोनी में रेकी करता था तथा रात्रि में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। अन्य चोरी किए गए सामान को फेरीवालों को बेच देने तथा कुछ सामान रिहन्द डैम में फेंक देने की बात भी बताई।

# नही हुई शादी की रस्म पूरी, रातभर चलता रहा हंगामा

### डाल में जेवरात कम लाने को लेकर वर और कन्या पक्ष में विवाद

**समाज जागरण**

जरवलकस्बा/ बहराइच/। शादी में बारात पक्ष द्वारा जेवर लाने को लेकर बर पक्ष और कन्या पक्ष के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। रात भर हंगामा चलता रहा,इस बीच शादी का कार्यक्रम रुका रहा। सुबह मामला थाने पहुंचा,तो क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के बीच दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम रन्नी जतौरा निवासी भगवान दास ने अपनी पुत्री रिंकी की शादी रानीपुर थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी दीपू पुत्र बद्री प्रसाद के साथ तय की थी। 24 फरवरी को बारात जरवलरोड के रन्नी जतौरा आई। पूजा और जयमाला कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बारात पक्ष के द्वारा डाल में कम जेवरात लाने को लेकर कन्या पक्ष और बारात पक्ष के लोगों में आपस में विवाद उत्पन्न हो गया,जिसके चलते रातभर मान मनौवल और हंगामा होता रहा,जिससे शादी की रस्म पूरी नहीं हो पाई। सुबह मामला जरवलरोड थाने पर पहुंचा तो पुलिस हरकत में आ गई। संभ्रांत लोगों के बीच दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर बातचीत किया गया,जिसके बाद दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि डाल में कम जेवर लाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद था। संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के लोगों ने सुलह समझौता कर लिया है।

# श्री श्याम निशान पूजा व पद यात्रा की तैयारियां अन्तिम चरण में

**समाज जागरण**

नवाबगंज/ बहराइच/ कस्बे में आयोजित होने वाले श्री श्याम निशान पूजा व निशान पद यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन समिति की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य आयोजन किया जायेगा।कार्यक्रम से जुड़े लोगों ने बताया कि 26 फरवरी गुरुवार सुबह से उत्सव की शुरूआत हो जाएगी गुरुवार सायंकाल कस्बे के शिव शंकर धर्म शाला में निशान पूजा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे 27 फरवरी शुक्रवार को प्रातः छः बजे निशान यात्रा नानपारा धाम के लिए प्रस्थान करेगी। निशान झंडा लेकर महिला, पुरुष श्रद्धालु नवाबगंज शिव शंकर धर्म शाला से सोलहा किलोमीटर नानपारा श्याम खाटू मन्दिर तक पैदल पद यात्रा में शामिल होंगे आयोजक श्याम परिवार समिति ने बताया कि लगभग चार सौ श्रद्धालु निशान पद यात्रा में शामिल होंगे।आयोजन को सफल बनाने में श्याम परिवार से आयोजकों का विशेष सहयोग मिल रहा है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# स्मैक के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नवाबगंज/ बहराइच/ 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा की सीमा चौकी बलाईगांव तथा उत्तर प्रदेश पुलिस थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर बॉर्डर पिलर संख्या 665/1 के निकट संयुक्त नाका लगाया गया जिसपर एक संदिग्ध व्यक्ति भारत से नेपाल की ओर जाते हुए दिखाई दिया तभी संयुक्त टीम द्वारा उसे रुकने का संकेत दिया गया, किन्तु वह भागने का प्रयास करने लगा। तत्परता से कार्यवाही करते हुए टीम द्वारा उसे पकड़ लिया गया।पूछताछ में उसने अपना नाम अनिल सुनार, वार्ड संख्या आठ जिला बर्दिया, नेपाल बताया और नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध स्मैक बरामद की गई।प्रारम्भिक पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उक्त मादक पदार्थ उसने बलाईगांव क्षेत्र से किसी अज्ञात व्यक्ति से प्राप्त किया था, जिसे नेपाल में बेचने तथा स्वयं सेवन हेतु ले जा रहा था।अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी एवं गिरफ्तारी की कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत अभियुक्त एवं बरामद स्मैक को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया।

# शिविर के चौथे दिन किया गया श्रमदान।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। लोक राष्ट्रीय महाविद्यालय जसराना में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन की कार्यक्रम की शुरूआत एसएसएस गीत के साथ स्वयंसेवकों ने किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के परिसर में स्थित पार्क की सफाई और सुंदरीकरण हेतु श्रमदान



किया। फिर जलपान के पश्चात बच्चों ने प्राचार्य प्रोफेसर हरविलास के संरक्षण और कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में लोकगीत का आयोजन किया। लोकगीत में बच्चों ने ढोल और मजीरे के साथ शानदार प्रस्तुति दी और प्राचार्य प्रोफेसर हरविलास ने उनका उत्साहवर्धन करने के लिए स्वयं ही उनके साथ लोकगीत का गायन किया और कार्यक्रम का समापन संगीत के आचार्य मुनेश मिश्रा जी ने गीत गाकर किया। इस अवसर पर प्रोफेसर धर्मेंद्र भदोरिया, प्रोफेसर राकेश कुमार सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह एवं अन्य स्टाफ और शालिनी, अनीश गौतम, अमित ,खुशी ,अखिल, तरुण, आदित्य, लक्ष्मी आदि छात्राएं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विकलांग शौचालय का निर्माण दिखाकर निकाले 98 हजार 779 रुपये

### मुख्यमंत्री की जीरो टालरेंस नीति को लगा रहे पलीता

**समाज जागरण**

जरवलकस्बा /बहराइच/ मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस नीति की जरवल विकासखंड में खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। जरवल विकासखंड के भोपतपुर गांव में ग्राम पंचायत प्रधान ,सेक्रेटरी और तकनीकी सहायक ने मिलीभगत करके विकलांग शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण दिखाकर 98 हजार से अधिक रुपए मार्च 24 में निकाल लिया। शौचालय निर्माण न होने का आधिकारिक पत्राचार होने पर डीडीओ ने मामले में कार्यवाही करने के बजाय उस पत्र को रद्दी टोकरी में डाल दिया,जिससे उनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

जरवल विकासखंड के ग्राम पंचायत भोपतपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टालरेंस नीति के विपरीत विकलांग शौचालय निर्माण कार्य पूरा दिखाकर तत्कालीन ग्राम पंचायत प्रधान, सेकेट्री और तकनीकी सहायक ने मिलकर मैटेरियल और मजदूरी का 26 मार्च 2024 को 98,779 रुपए निकाल लिया। विकलांग शौचालय निर्माण किए बगैर पैसा निकालने की जानकारी होने पर ग्रामीणों की शिकायत पर जिला विकास अधिकारी को सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही के लिए पत्र लिखा गया, लेकिन डीडीओ ने उस पत्र पर कार्यवाही करने के बजाय रद्दी टोकरी में डाल दिया। बिना शौचालय बनवाए दो साल पहले पैसा निकालने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही न होने से मुख्यमंत्री की जीरो टालरेंस नीति जरवल ब्लाक में फेल नजर आ रही है।

**नही उठाते बीडीओ जरवल फोन**

बहराइच। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी जरवल आलोक कुमार वर्मा को सीयूजी नम्बर पर कई बार फोन मिलाया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

कराएंगे जांच-सीडीओ। इस सम्बंध में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि प्रकरण की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

ताजा मामला आज शाम 4.30 बजे का है गिरिजापुरी पेट्रोलपंप से सुजौली जाने वाले मुख्य मार्ग का है, जहां जमुनिहा मोड़ बदलू चौराहे के निकट जंगल के बीच सड़क पर टस्कर हाथी अचानक एक बाइक के सामने आ गया। बिछिया निवासी सुजीत निषाद अपने चाचा राजकुमार लाला के साथ बाइक से सुजौली की ओर जा रहे थे तभी बाइक के सामने अचानक टस्कर निकल पड़ा जिससे बाइकसवार दोनों व्यक्ति बाइक छोड़कर वहां से जान बचाकर भाग निकले। टस्कर करीब 10 मिनट तक बाइक के पास ही खड़ा रहा इस दौरान सड़क पर गन्ने के ट्रक से गिरे गन्ने को सूंड में लपेट कर खाने लगा। इस दौरान राहगीरों का भारी जाम लग गया। घटनास्थल से 100 मीटर पेट्रोलिंग पर मौजूद रेंजर कतर्नियाघाट आषीष गौंड व डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन व न्यूज संस्था के राजा हसन मौके पर बाइकसवार को बचाने के लिए दौड़ पड़े इस दौरान गाड़ी का सायरन बजाया और गोले पटाखे दागे गए जिसपर हाथी फौरन गन्ने को सूंड से लपेटकर जंगल में चला गया जिसके बाद आवागमन शुरू हुआ। मौके पर वन विभाग, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ व न्यूज संस्था की टीम तैनात है राहगीरों को सतर्क किया जा रहा है।

# तेंदुए की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**समाज जागरण**

नानपारा/बहराइच कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बितनिया के मजरा मंगलपुरवा में बुधवार को एक नर तेंदुए की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। करीब डेढ़ वर्ष का यह तेंदुआ रेस्क्यू के बाद वन विभाग रेंज कार्यालय नानपारा ले जाते समय रास्ते में मृत पाया गया।



ग्रामीणों ने बुधवार सुबह करीब 8 बजे तेंदुए को एक पेड़ पर चढ़ा देखा था। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए चारों ओर जाल बिछाया। करीब 11 बजे तेंदुआ जाल में फंस गया, जिसके बाद उसका सफल रेस्क्यू किया गया। हालांकि, गांव से वन विभाग रेंज नानपारा पहुंचने तक तेंदुए की मौत हो चुकी थी। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन मृत तेंदुए के मुंह से खून निकलता मिला, जिससे स्थिति संदिग्ध हो गई है। डीएफओ सुंदरेशा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर टीम ने तेंदुए का रेस्क्यू किया था। उन्होंने कहा कि अज्ञात कारणों से हुई मौत जांच का विषय है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट से सुनवाई से इनकार, यादव जी की लव स्टोरी को लेकर फिरोजाबाद में यादव समाज का उग्र विरोध, फूंका पुतला

**समाज जागरण – ब्रजमोहन ससिंह**

फिरोजाबाद। यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने साफ इनकार कर दिया। कि हम इस पर सुनवाई नहीं कर सकते जिसको लेकर फिरोजाबाद में यादव समाज के लोगों में नाराजगी देखी जा सकती है विश्व यादव परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल यादव के नेतृत्व में आज यादव समाज के लोगों ने एकत्रित होकर सेंसर बोर्ड और यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के कलाकारों का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की ज्यादा समाज के लोगों का कहना है जब घूसखोरी पंडित फिल्म आई थी जिसे कुछ लोगों ने विरोध किया तो उसे पर तो सुनवाई हो गई और रोक लग गई



लेकिन यादव समाज की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है हम लोग जगह-जगह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी मामला गया यादव समाज द्वारा याचिका दाखिल की गई जी पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिससे यादव समाज में नाराजगी देखी जा सकती है। यादव समाज के लोगों का कहना है कि अगर यह फिल्म 27 फरवरी को सिनेमा हॉल में लगाई गई तो हम इसे नहीं चलने देंगे किसी भी कीमत पर नहीं चल दे देंगे चाहे हमें इसके लिए कुछ भी करना पड़े।

# आदतन अपराधी को तीन महीने को किया जिला बदर

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जनपद पुलिस ने आदतन अपराधी के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस ने उसे जिला बार किया है। इस दौरान क्षेत्र में पाए जाने पर उसके पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने आदतन अपराधी हरी सिंह उर्फ हरिया पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम कोटकी थाना पचोखरा के खिलाफ कार्यवाही की है। उसे तीन महीने को जिला बदर किया गया है।



पुलिस का कहना है अभियुक्त ने अपने क्षेत्र में लोगों में दहशत कायम कर रखी है। उसके खिलाफ मारपीट, एनडीपीएस के कई मुकदमे दर्ज है। जिला बदर अवधि के दौरान जनपद की सीमा में पाये जाने पर उसके कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

एसएसपी के आदेश पर थाना पचोखरा पुलिस टीम ने जिलाबदर अभियुक्त हरी सिंह उर्फ हरिया को नोटिस तामील कराकर उसे जनपदीय सीमा बॉर्डर से बाहर जनपद आगरा की सीमा में छोड़ा है।

# नवाबगंज भाजपा को मिला नया नेतृत्व: हर्षित सिंह बने मंडल अध्यक्ष

**समाज जागरण**

नवाबगंज/ ।बहराइच/ भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भारतीय जनता पार्टी ने नवाबगंज मंडल का दायित्व युवा और सक्रिय कार्यकर्ता हर्षित सिंह को सौंपा है, उन्हें पार्टी का मंडल अध्यक्ष नवाबगंज नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति की घोषणा होते ही क्षेत्रीय कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों ने हर्षित सिंह को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। संगठन को मिलेगा नया जोश पार्टी सूत्रों के अनुसार, हर्षित सिंह लंबे समय से संगठन से जुड़े रहे हैं और विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। बूथ



स्तर पर कार्यकताओं को जोड़ने और जन-संपर्क बढ़ाने में उनकी विशेष पहचान रही है। नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता से करेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर आगामी कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। कार्यकताओं ने जताया भरोसा स्थानीय पदाधिकारियों का कहना है कि संगठन को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और विकास कार्यों को गति देने में हर्षित सिंह की भूमिका अहम रहेगी। उनके नेतृत्व में नवाबगंज मंडल में पार्टी की गतिविधियां और अधिक सक्रिय होने की उम्मीद जताई जा रही है, तथा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर पप्पू सिंह, बलवंत सिंह,दिवेश सिंह, धीरेन्द्र कुमार शर्मा, पिंटू गुप्ता राम चंदर चौधरी, तक्मस खान, आदि ने बधाई दी।

# सीमावर्ती क्षेत्र में चला चेकिंग अभियान

**समाज जागरण**
**नवाबगंज/ बहराइच/**

होली व रमजान पर्व को लेकर पुलिस सतर्कता बरतते हुए थाना नवाबगंज क्षेत्र के अन्तर्गत सीमावर्ती क्षेत्र की पुलिस चौकी संथालिया के चौराहों पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की गहन तलाशी ली गई ।इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान भी सत्यापित की गई चेकिंग के दौरान आधा दर्जन दो पहिया वाहनों का चालान काटा गया चालान से बचने के लिये वाहन चालक अन्य रास्तों से निकलते दिखे इस दौरान चौकी प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सोनकर ने वाहन चालको को



दिशा निर्देश दिये गये तथा मोटरसाइकिल चलाते समय कुछ विशेष बातों को ध्यान रखना जरूरी है जैसे टायरों की जांच रबड़ ब्रेक की जांच कर ले तभी वाहन चलाएं और धीमीगत से वाहन चलाएं इसके साथ ही ग्रामीणों क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षा का एहसास भी दिलाया। इस दौरान कांस्टेबल सतेंद्र सिंह , विनोद यादव, आदि मौजूद रहे

# दो से पांच मार्च तक भारत-नेपाल सीमा के सभी नाके रहेंगे बंद, आपातकालीन सेवाओं को छूट

**समाज जागरण**

रूपईडीहा (नेपाल)। नेपाल में होने वाले प्रतिनिधि सभा सदस्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर बांके जिला प्रशासन ने भारतझनेपाल सीमा पर स्थित सभी आवागमन नाकों को अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया है ।जिला प्रशासन कार्यालय, बांके द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, जिले से भारत की ओर जुड़े सभी सीमा नाके 2 मार्च 2026 (सोमवार) की रात 12 बजे से 5 मार्च 2026 (गुरुवार) की रात 12 बजे तक पूर्णतः बंद रहेंगे। इस अवधि में आम नागरिकों की सीमा पार आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी ।प्रशासन का कहना है कि यह कदम चुनाव प्रक्रिया को सुरक्षित,





पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उठाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या व्यवधान की आशंका को न्यूनतम किया जा सके।

हालांकि, आवश्यक सेवाओं को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। एम्बुलेंस, दमकल वाहन तथा अन्य आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को पूर्व समन्वय के आधार पर आवागमन की अनुमति रहेगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, व्यापारियों और यात्रियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों को ध्यान में रखते हुए अपने यात्रा कार्यक्रम पूर्व निर्धारित कर लें तथा सीमा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें, जिससे चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# नि:शुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर मैं 30 रोगियों को ऑपरेशन के लिए किया गया चिन्हित

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति द्वारा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों, जो विभिन्न नेत्र समस्याओं से पीड़ित हैं तथा आर्थिक कारणों से उपचार कराने में असमर्थ हैं, उनके लिए सी.वी. गेस्ट हाउस में निःशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।



शिविर में कुल 742 मरीजों का पंजीकरण कर उनका नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर विधायक मनीष आशीजा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सी.एम.ओ. डॉ. रामबदन राम की सहमति एवं मार्गदर्शन भी शिविर में प्राप्त रहा।

संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सीमा अग्रवाल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण, उचित परामर्श, दवाइयों, दवा वितरण एवं चश्मों का वितरण कराना तथा मोतियाबिंद जैसे नेत्र रोगों की समय पर पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना है।

शिविर में कुल 742 मरीजों की जाँच की गई, जिनमें से लगभग 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। चयनित मरीजों का ऑपरेशन महिला शक्ति सदस्यों की देखरेख में जिला चिकित्सालय में कराया जाएगा।

शिविर के दौरान 385 चश्मों का निःशुल्क वितरण किया गया तथा आवश्यकतानुसार मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। जिन मरीजों के चश्मे तत्काल उपलब्ध नहीं हो सके, उन्हें मार्च माह में ही सी.वी. गेस्ट हाउस में प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शिविर में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिससे जरूरतमंद परिवारों को भविष्य में सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। अनेक लाभार्थियों को आयुष्मान योजना की जानकारी देकर उनका पंजीकरण भी कराया गया, जिससे वे निशुल्क उपचार की सुविधा से जुड़ सकें।

नेत्र परीक्षण शिविर में डॉ. राकेश यादवेंदु एवं डॉ. अलका अग्रवाल द्वारा अपनी सेवाएँ प्रदान की गईं। साथ ही डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर की भी जाँच की गई तथा मरीजों को फल, बिस्कुट एवं दवाइयाँ वितरित की गईं।

प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर : अनु बंसल, कल्पना राजौरिया, मंजू फेडरेशन ऑफिसर : रश्मि बंसल, वर्तिका जैन यूनिट डायरेक्टर : प्राची अग्रवाल विशेष सहयोग : उपाध्यक्ष (Federation) सौम्या चौहान जी, रेनू अरोड़ा, मीनू अग्रवाल, मीना मित्तल, गौरिका एम. शर्मा, शीनू अग्रवाल एवं मोनिका गर्ग

शिविर के सफल आयोजन में समूह की सभी सदस्यों ने तन-मन-धन से सहयोग प्रदान किया।

अंत में डी.ओ.ए. डॉ. दीपाली अग्रवाल एवं डी.ओ.एफ. गौरी बंसल ने सभी डॉक्टरों, अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# शंकराचार्य के समर्थन में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन: एफआईआर की निष्पक्ष जांच की मांग, सरकार पर उत्पीड़न का आरोप

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जिला इकाई ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित यह ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वर्तमान सरकार आलोचना स्वीकार नहीं करती और असहमति रखने वालों को प्रताड़ित कर रही है।

ज्ञापन में बताया गया है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों को कुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर कथित तौर पर रोका गया था। इसके बाद उनके खिलाफ गोशोषण के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह कार्रवाई धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का हवाला देते हुए कहा कि धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक कार्यों के संचालन का अधिकार है। उन्होंने जोर दिया कि शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च धार्मिक पदों में से एक है, इसलिए उनके खिलाफ की गई कार्रवाई की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि एफआईआर दर्ज कराने वाले व्यक्ति की भूमिका और इसके पीछे के संभावित कारणों की निष्पक्ष जांच की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस प्रकरण को लेकर जिले में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। प्रशासन ने बताया है कि मामले की जांच नियमानुसार की जा रही है।

# दो दिवसीय कार्यक्रम को सुचारू भव्य एवं व्यवस्थिति रूप से पूर्ण करने हेतु मन्दिर कमेटी एवं पं० हर्ष कुमार तिवारी विचार मंच द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिद्धी क्षेत्र अति प्राचीन श्री महादेव मन्दिर श्री हनुमान टीला, यमुना किनारे, (सोफीपुर) पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम को सुचारू भव्य एवं व्यवस्थिति रूप से पूर्ण करने हेतु मन्दिर कमेटी एवं पं० हर्ष कुमार तिवारी विचार मंच द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन कान्हाजी रेस्टोरेंट पर किया गया। इस दौरान श्री हनुमान महोत्सव कार्यक्रम के वर्ष 2026 के अध्यक्ष शिवधृष्टि रावत को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इनके साथ ही कार्यक्रम के उपाध्यक्ष पं० अनिल मिश्रा (सदस्य क्षेत्र पंचायत), कोषाध्यक्ष आदित्य जैन, महासचिव दीपक राजौरिया , सचिव जितेन्द्र शर्मा , मेला संयोजक मंजू गौड , को दायित्व सौंपा गया है।

मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष श्री राकेश तिवारी जी द्वारा अवगत कराया गया है कि 01 अप्रैल, 2026 दिन बुधवार को अखण्ड रामायण पाठ प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ होगा। अखण्ड रामायण का विश्राम 02 अप्रैल 2026 दिन गुरूवार को रहेगा। तत्पश्चात हवन व भोग लगाया जायेगा एवं विशाला भण्डारा, फूल बंगला, सतसंग कीर्तन, छप्पन भोग का विशेष आयोजन रहेगा। समस्त भक्तजनों से निवेदन है कि धर्मलाभ लें एवं प्रसाद ग्रहण करें और हमें सेवा का अवसर प्रदान करें।

उपसभापति विजय शर्मा ने जिला एवं नगर प्रशासन से अनुरोध किया है कि व्यवस्थाओं को सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें जिससे आयोजन भव्यता को पूर्ण हो सके। विश्व हिन्दु परिषद के वरिष्ठ नेता दिनेश भारद्वाज ने सख्त लहजे में जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि सनातन धर्म की अलख जगाने के साथ ही धार्मिक स्थलों एवं उनके आस-पास जो भी नशे के व्यवसन आदि में लिप्त है उनको संज्ञान लेकर मुहिम चलाते हुए उक्त धार्मिक स्थलों को नशे से मुक्त करायें, यही हमारा संकल्प होगा। कार्यक्रम संरक्षिका श्रीमती अनुपमा शर्मा (वरिष्ठ भाजपा नेत्री) एवं श्रीमती योगेश दिवाकर (पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा) ने सभी महिला शक्ति से निवेदन किया





गया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें एवं धर्म का लाभलें।

दीपक शर्मा एवं सौरभ तिवारी ने कहा कि मोटर ट्रांसपोर्ट यूनियन फिरोजाबाद के समस्त चरण सेवकों द्वारा छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया जायेगा।

अखण्ड रामायण पाठ की व्यवस्थापक भगवताचार्य श्री अजय शास्त्री ने कहा कि मंदिर की साज सज्जा व श्री हनुमान सेवा विश्मरणीय रहेगी। मीडिया प्रभार की जिम्मेदारी लक्की शर्मा, सत्यदेव राजौरिया, प्रेमशंकर शर्मा को सौंपी गयी है। अतिथियों का स्वागत प्रशान्त तिवारी, अश्रुत शर्मा, शुभ शर्मा, मारूति शर्मा, हर्षित तिवारी, राघव, केशव, शिवांश एवं वंश शर्मा को दी गयी है।

नगर निगम प्रभारी का दायित्व विजय शर्मा, (उपसभापति / पार्षद) अनूप राजौरिया को सौंपी गयी है।

भण्डारा व्यवस्थापक पी०के० पाराशर, गुड्डा पहलवान (अध्यक्ष ब्राहम्ण महासभा फिरोजाबाद), पं० रवि शर्मा, श्री बसंत उपाध्याय, श्री सुभाष यादव, महेश उपाध्याय (पप्पू) ने कहा कि श्री हनुमान जी के आशीर्वाद से यमुना जी किनारे भक्ति मय वातावरण में भजन कीर्तन के साथ प्रसाद ग्रहण करने का आनन्द ही अलग होता है। अतः सभी चरण सेवकों ने हनुमान जयंती पर्व पर अति प्राचीन श्री महादेव मन्दिर, श्री हनुमान टीला पर अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का विनम्र अनुरोध किया।

कोषाध्यक्ष मयंक गोयल (बिट्टू) एवं धीरज अग्रवाल ने कहा कि श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यकम बड़ी धूमधाम के साथ इस सिद्धक्षेत्र में मनाया जायेगा।

बैठक में उपस्थिति अभिनव गुप्ता, दीपक शर्मा, सौरभ तिवारी (सोनू) शिव शर्मा, सूर्या ग्लास, अभिषेक उपाध्याय, संजय सिंघल, रोहित अग्रवाल, टीना, मयंक गोयल विट्टू हरिओम शर्मा रग्गी, राजीव शर्मा (महानगर अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद), किशन यादव, महेश उपाध्याय, सुभाष यादव, मुदित शर्मा, नीरू यादव, पंकज शर्मा पुजारी, तौरय शर्मा, सागर पाराशन, प्रशांत तिवारी, दिनेश भारद्वाज, अपूर्व भारद्वाज, अनिल भारद्वाज, अनुज भारद्वाज, सूजल शर्मा, योगेश दिवाकर, आयूष ठाकुर, कन्हैया अग्रवाल, राजू दीक्षित, टिल्लू पीन, अशोक शर्मा,यतिन शर्मा अंकुश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# ₹15 लाख से कम की योजनाएं भी अब ई-निविदा से होंगी, विभागीय आदेश रद्द

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने नगर निकायों में योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बड़ा फैसला लिया है। विभाग ने ₹15 लाख तक की लागत वाली योजनाओं को विभागीय स्तर पर कराए जाने संबंधी पूर्व आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। अब सभी योजनाओं का कार्यान्वयन अनिवार्य रूप से ई-निविदा (E-Tender) के माध्यम से ही किया जाएगा।



इस संबंध में विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार द्वारा जारी पत्र में सभी नगर निगमों के नगर आयुक्तों तथा नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी योजना का क्रियान्वयन बिना निविदा प्रक्रिया के न किया जाए।

विभाग द्वारा पूर्व में जारी ज्ञापांक 4322 दिनांक 24 अगस्त 2023 के तहत ₹15 लाख से कम लागत की योजनाओं को विभागीय रूप से कराने की अनुमति दी गई थी। नए आदेश के तहत उक्त व्यवस्था को समाप्त करते हुए स्पष्ट किया गया है कि पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए सभी योजनाएं ई-टेंडरिंग प्रक्रिया से ही कराई जाएंगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि 2 फरवरी 2026 तक किसी योजना का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, तो उसे विभागीय स्तर पर शुरू नहीं किया जाएगा और न ही उसके लिए कोई कार्यादेश जारी किया जाएगा।

यह आदेश पटना से जारी किया गया है तथा इसकी प्रतिलिपि सभी जिला पदाधिकारियों एवं अभियंता प्रमुख, आवास विभाग को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

सरकार के इस निर्णय को नगर निकायों में पारदर्शिता बढ़ाने और निविदा प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बना जरूरतमंद बच्चों के लिए आशा का आधार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

25 फरवरी। जन्मजात बीमारियों और शारीरिक विकृतियों से जूझ रहे बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आज केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर तबके के लिए जीवन बदलने वाली पहल बन चुका है। यह कार्यक्रम बच्चों की प्रारंभिक अवस्था में ही स्वास्थ्य जांच कर गंभीर बीमारियों की पहचान करता है और उन्हें महंगे इलाज के बोझ से मुक्त करते हुए निःशुल्क विशेषज्ञ उपचार तक पहुंचाता है।

गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए, जहां इलाज की लागत अक्सर असंभव हो जाती है, वहीं इस कार्यक्रम ने यह साबित किया है कि सही समय पर पहचान और सरकारी सहयोग से बच्चा विकलांगता से बचकर सामान्य जीवन की ओर लौट सकता है।




इसी कड़ी में क्लबफुट से पीड़ित दो बच्चों – रफिया नाज और सिदर फातमी–को सदर अस्पताल, किशनगंज से निःशुल्क इलाज के लिए Jawaharlal Nehru Medical College and Hospital,, भागलपुर भेजा गया। यह रेफरल पूरी प्रक्रिया के तहत किया गया, ताकि बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में समय पर उपचार मिल सके और भविष्य में किसी प्रकार की स्थायी परेशानी न हो।

क्लबफुट क्या है और इलाज में देरी क्यों खतरनाक?

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिसमें बच्चे के पैर अंदर की ओर मुड़े होते हैं। यदि शुरूआती महीनों में इसका उपचार न किया जाए, तो आगे चलकर बच्चे को चलने-फिरने, पढ़ाई और सामाजिक जीवन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, सही समय पर प्लास्टर चढ़ाने की विधि और पोंसेटी पद्धति से क्लबफुट को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है और बच्चा सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी सकता है।

समय पर इलाज से बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि क्लबफुट जैसी जन्मजात समस्या का यदि समय रहते इलाज हो जाए, तो बच्चा पूर्णतः सामान्य जीवन जी सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से आज दोनों बच्चों को भागलपुर स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, जहां उनका उपचार पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं और किसी भी असामान्यता की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें, ताकि समय रहते उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

जिले में कार्यक्रम की टीम गांव-गांव जाकर बच्चों की जांच कर रही है, ताकि क्लबफुट सहित अन्य जन्मजात बीमारियों की समय पर पहचान हो सके और कोई भी बच्चा केवल जानकारी या संसाधनों के अभाव में इलाज से वंचित न रह जाए।

# पटना में बन्द घर से 30 लाख के जेवरात ले उड़े चोर

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के देवनगर में बीमार पिता के इलाज के लिए परिवार के बाहर रहने के दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 30 लाख रुपये मूल्य के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित अमित कुमार, जो मकान डिमोलिशन का छोटा कारोबार करते हैं, ने बताया कि उनके पिता विनय सिंह बीमार थे और पाटलिपुत्र स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। पिता के इलाज के लिए पूरा परिवार अस्पताल में ही मौजूद था। इसी दौरान घर खाली पाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पड़ोसी ने फोन कर सूचना दी कि घर के मुख्य गेट का ताला और कुंडी टूटी हुई है। सूचना मिलते ही परिवार जब वापस लौटा तो देखा कि गेट का ताला तोड़कर बदमाश अंदर घुसे थे। कमरे में रखा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी, पेटी और बक्सा तोड़कर उसमें रखे करीब 30 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए



गए। घर में रखे 12 हजार रुपये नगद चोरों की नजर में नहीं आए और सुरक्षित रह गए। घटना की सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा चोरों की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और जल्द खुलासा करने की मांग की है।

# गजना महोत्सव की तैयारी जोरों पर, 19 और 20 मार्च को होगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) बुधवार को नबीनगर प्रखंड के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल गजना धाम में बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभागग एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से आयोजित होने वाले गजना महोत्सव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक गजना धाम परिसर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज ने की।संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने किया। बैठक में जानकारी देते हुए पप्पू राज ने बताया कि गजना महोत्सव 19 और 20 मार्च 2026 को गजना परिसर में आयोजित किया जाएगा ।19 मार्च को मुख्य कलाकार भाग्या पंडित (हिंदी बॉलीवुड अभिनेत्री) का



प्रस्तुति होगा और सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। 20 मार्च को क्षेत्रीय कलाकार और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख चित्रा कुमारी, आंचल अधिकारी निकहत प्रवीण, बीईओ राजनारयण राय,

कार्यक्रम पदा धिकारी मनरेगा कुमार नीरज, बीपीआरओ मुकेश कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्रीराम मिश्र, पीएचडी तकनीकी सहायक पिंटू कुमार, थानाध्यक्ष टंडवा अजय बहादुर सिंह, मुखिया जयप्रकाश सिंह, न्यास समिति के सदस्य भृगुनाथ सिंह, टूना सिंह, मिथलेश कुमार, अरुण कुमार, धुंधुआ महोत्सव के सचिव जगदीश चौधरी, पुनपुन महोत्सव के सचिव राजेश कुमार अग्रवाल सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# नबीनगर थाना में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार )नबीनगर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन करते हुए शांति समिति



के सदस्यों को सरकार के दिशा निर्देश से अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की ।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के लोग हर्षोउल्लास, शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में पर्व को मनाएं। उन्होंने कहा कि होली के दौरान शराब पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। असामाजिक तत्वों को पुलिस द्वारा चिन्हित कर कार्रवाई करने का काम किया जाएगा ।बैठक में पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन आपके सहयोग हेतु सदैव तत्पर है ।

# पटना में 27 फरवरी से 10 मार्च तक होगी इंटर परीक्षा की उतर पुस्तिका का मूल्यांकन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 27 फरवरी से शुरू होकर 10 मार्च तक चलेगा। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पटना अनुमंडल प्रशासन ने सभी मूल्यांकन केंद्रों के आसपास कड़े सुरक्षा प्रबंध लागू कर दिए हैं। प्रशासन ने पटना अनुमंडल मुख्यालय के अंतर्गत बनाए गए छह मूल्यांकन केंद्रों के 200 गज के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह कदम जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर उठाया गया है, ताकि मूल्यांकन कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, गड़बड़ी या असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कॉपियों की जांच प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। आदेश के अनुसार, 27 फरवरी से 10 मार्च तक मूल्यांकन केंद्रों के 200 गज के दायरे में एक साथ पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा इस क्षेत्र में अनधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही भी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि मूल्यांकन केंद्रों के आसपास किसी भी व्यक्ति को लाठी, भाला, गड़ासा या आग्नेयास्त्र जैसे घातक हथियार लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी, चाहे वह हथियार लाइसेंसी ही क्यों न हो। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह प्रतिबंध विशेष रूप से मूल्यांकन केंद्रों के आसपास शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लागू किया गया है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मूल्यांकन कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी केंद्रों पर दंडाधिकारियों की स्थायी प्रतिनियुक्ति की है। इसके साथ ही केंद्रों के आसपास निरोधात्मक कार्रवाई करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।

हालांकि प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह प्रतिबंध मूल्यांकन कार्य में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों, दंडाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। इसके अलावा शव यात्रा और ऐसे बुजुर्ग या दिव्यांग व्यक्ति, जिन्हें चलने के लिए लाठी की आवश्यकता होती है, उन्हें भी इस प्रतिबंध से छूट दी गई है।

# पटना के हॉस्टल में फंदे से लटकता मिला छात्र का शव, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना स्थित चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे विधि के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे विश्वविद्यालय परिसर और छात्र समुदाय में शोक और सनसनी का माहौल है। मृतक की पहचान झारखंड के रांची जिले के खलारी थाना क्षेत्र निवासी मयंक राज के रूप में हुई है, जो विश्वविद्यालय में विधि स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्र थे। वे विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहे थे। यह घटना मंगलवार को उस समय सामने आई, जब छात्रावास के कर्मचारियों ने मयंक राज को उनके कमरे में फंदे से झूलता हुआ पाया। जानकारी के अनुसार, मयंक का कमरा अंदर से बंद था और काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर कर्मचारियों को संदेह हुआ। जब दरवाजा खोला गया तो देखा गया कि मयंक खिड़की से लगाए गए फंदे से लटके हुए थे। यह दृश्य देखकर कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल उन्हें नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की गई। मयंक को तुरंत इलाज के लिए पटना के मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने उन्हें बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान दोपहर बाद उनकी मौत हो गई। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई और छात्र-छात्राओं में गहरा दुख और चिंता का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही जक्कनपुर थाना की पुलिस टीम फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम के साथ विश्वविद्यालय छात्रावास पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने कमरे से एक पत्र, मोबाइल फोन, टैबलेट, पहचान पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज बरामद किए हैं। इन सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और दस्तावेजों को जब्त कर जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। प्राथमिक जांच के दौरान बरामद पत्र में कथित तौर पर प्रेम प्रसंग का उल्लेख सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पत्र से संकेत मिलता है कि मयंक अपने व्यक्तिगत संबंधों को लेकर मानसिक रूप से

परेशान थे। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इसे आत्महत्या का मामला घोषित नहीं किया है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है।

## एनटीपीसी का छाई लदा ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार )नवीनगर में एनटीपीसी का छाई लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रिहायशी इलाके में पलट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त



हो गया।ट्रक नवीनगर से अंबा की ओर जा रहा था, जब नवीनगर रोड स्टेशन के पास रेलवे लाइन क्रॉस करने के बाद उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक ओवरलोड था और तेज रफ्तार में चल रहा था। हादसे के समय सड़क किनारे खड़े कुछ लोग समय रहते भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।हालांकि हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं सूचना पर पहुंची नबीनगर थाना पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को सड़क से किनारे कराया उसके बाद यातायात सामान्य रूप सुचारू हुआ।

# पटना के पालीगंज में होली व रमजान पर्व को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल कार्यालय में पालीगंज एसडीओ ने आगामी होली व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक बुलाया। जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता पालीगंज एसडीओ चंदन कुमार ने किया। वही बैठक में जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं व बुद्धि जीवियों ने भाग लिया। इस दौरान एसडीओ ने सभी से इलाके के बारे में जानकारियां लिया। वही उन्होंने इलाके में शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर मौजूद लोगों से विचार विमर्श किया। साथ ही उन्होंने बताया कि होली तथा रमजान दोनो महान पर्व है। इस दौरान लोगो के बीच खुशी का माहौल होता है। ऐसे में क्षेत्र ठस इलाके में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सतर्कता जरूरी है। जिम्मेदार नागरिकों का भी फर्ज है कि शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन को मदद करे। कही भी अप्रिय घटना की संभावना महसूस हो तो शीघ्र ही पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते उससे



निपटा जा सके। होली के दौरान अश्लीलता का प्रदर्शन न करे। डीजे पर अश्लील गाने न बजाए और तेज आवाज में भी डीजे न बजाए। सामाजिक तथा आपसी प्रेम व भाईचारा बनाये रखे। मौके पर एसडीओ चंदन कुमार, एसडीपीओ 1 राजीवचन्द्र सिंह, एसडीपीओ2 पंकज कुमार शर्मा, मद्ध निषेध के अधीक्षक अभय मिश्रा, पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार, खिरिमोड थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, सिगोड़ी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, बीडीओ शुशील कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पटना के पीएमसीएच में बच्चा चोर महिला को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नवजात शिशु चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में जन्म के महज तीन घंटे बाद एक नवजात शिशु को चोरी करने का प्रयास किया गया। हालांकि अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों और परिजनों की तत्परता से आरोपी महिला को अस्पताल परिसर के मुख्य गेट के पास पकड़ लिया गया और नवजात शिशु को सकुशल बरामद कर लिया गया। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार बुद्ध मार्ग स्थित कमला नेहरू नगर बस्ती की एक महिला को सोमवार सुबह पीएमसीएच के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में भर्ती कराया गया था।



महिला ने सुबह करीब 8 बजकर 5 मिनट पर एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। प्रसव के बाद मां और नवजात को वार्ड में रखा गया था। इसी बीच महिला का पति कुछ आवश्यक कार्य से वार्ड से बाहर चला गया, जिससे प्रसूता कुछ समय के लिए वार्ड में अकेली रह गई। इसी दौरान वार्ड में मौजूद जैकी कुमारी नामक एक महिला ने खुद को प्रसूता का रिश्तेदार बताकर उससे बातचीत शुरू की और विश्वास जीत लिया। आरोपी महिला ने सामान्य बातचीत के माध्यम से प्रसूता को भरोसे में लिया और वार्ड में ही मौजूद रही। दोपहर करीब एक बजे जब प्रसूता थकान के कारण सो गई, तो आरोपी महिला ने मौके का फायदा उठाया और नवजात शिशु को गोद में लेकर कपड़े में छिपा लिया। इसके बाद वह चुपचाप वार्ड से बाहर निकल गई और अस्पताल परिसर से बाहर जाने की कोशिश करने लगी। कुछ देर बाद जब प्रसूता का पति वापस वार्ड में लौटा और बच्चे को गायब पाया, तो उसने तुरंत अस्पताल कर्मियों और परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद वार्ड में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल अस्पताल प्रशासन तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पीएमसीएच में तैनात पुलिस और सुरक्षाकर्मी सक्रिय हो गए और अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की

फुटेज खंगालनी शुरू कर दी गई। सीसीटीवी फुटेज में एक महिला संदिग्ध हालत में अस्पताल परिसर के गेट की ओर जाती हुई दिखाई दी, जिसके हाथ में कपड़े में लिपटा नवजात शिशु था। फुटेज के आधार पर सुरक्षाकर्मियों और परिजनों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को अस्पताल गेट के पास स्थित दुर्गा मंदिर के निकट पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया और गुस्साई भीड़ ने आरोपी महिला की पिटाई भी कर दी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने स्वीकार किया कि उसकी शादी तीन वर्ष पहले मध्य प्रदेश में हुई थी, लेकिन संतान न होने के कारण उसे ससुराल में लगातार ताने और प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। इसी मानसिक दबाव के चलते उसने नवजात शिशु चोरी करने की योजना बनाई थी। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर


उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पीएमसीएच अधीक्षक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह घटना पुराने गायनी वार्ड में हुई है। उन्होंने कहा कि नए भवन में सुरक्षा व्यवस्था पहले से अधिक सख्त है और इस घटना के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल को और मजबूत किया जा रहा है। अब वार्ड में भर्ती प्रत्येक मरीज के लिए केवल एक परिजन को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी और इसके लिए पहचान-पत्र आधारित प्रवेश कार्ड जारी किया जाएगा। इसके अलावा अस्पताल परिसर में सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाएगी और अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने नवजात शिशु को उसकी मां को सुरक्षित सौंप दिया है।

# झारखंड बजट 2026-27 आंकड़ों की बाजीगरी, जनता को नहीं मिला ठोस लाभ : डॉ. जटाशंकर पांडे

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

ईचागढ़ः झारखंड सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पेश किए गए बजट पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. जटाशंकर पांडे ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों की बाजीगरी है और इससे आम जनता को कोई ठोस राहत मिलती नहीं दिख रही है।

डॉ. पांडे ने कहा कि पिछले बजट में 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, लेकिन सरकार यह स्पष्ट करे कि उसका कितना प्रभावी क्रियान्वयन हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि योजनाओं की बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती हैं, परंतु वे धरातल पर नजर नहीं आतीं। उन्होंने कहा कि सरकार को दोबारा सत्ता में आए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी महिलाओं और युवाओं से किए गए



वादे अधूरे हैं। राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण और ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के वादे पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बजट में भी इस दिशा में स्पष्ट घोषणा का अभाव है।

डॉ. पांडे ने कहा कि बेरोजगारी दूर करने के लिए बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य व्यवस्था और बुनियादी ढांचा चरमरा गया है, जबकि सरकार इसे जनकल्याणकारी बजट बताने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब परिवार 7 किलो चावल और 2 किलो दाल मुफ्त देने की योजना तथा 15 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा कवरेज जैसे चुनावी वादों के पूरा होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन बजट में इन मुद्दों पर कोई ठोस पहल नजर नहीं आती। डॉ. पांडे ने कहा कि जब राज्य में पेंशन और नियुक्तियों का वादा अधूरा है, तब ऐसे बजट का कोई औचित्य नहीं रह जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड पिछले 26 वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहा है, जिसके कारण यहां से बड़े व्यापारियों का पलायन जारी है। अंत में उन्होंने कहा कि जनता को राहत, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं की उम्मीद थी, लेकिन यह बजट केवल लोगों को लुभाने वाला साबित हुआ है।

# कुकड़ू प्रखंड में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के 40 सूचकों की समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

कुकड़ू : नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड कार्यालय में 40 सूचकों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करना था। बैठक में बीडीओ ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं अभिसरण के साथ कार्य करने का



निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से सम्पूर्णता अभियान के छह प्रमुख प्रदर्शन सूचकों (KPIs) पर फोकस करते हुए नियमित मॉनिटरिंग, फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन तथा समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर जोर दिया। आकांक्षी प्रखंड फेलो सागर कुमार ने 40 सूचकों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, आधारभूत संरचना,

वित्तीय समावेशन तथा कौशल विकास से संबंधित प्रगति की अद्यतन जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभागों के बीच बेहतर समन्वय और निरंतर समीक्षा आवश्यक है।

बैठक के अंत में सभी विभागों को क्षेत्र स्तर पर कार्यों में तेजी लाने, निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करने तथा नियमित प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत निर्धारित मानकों को प्राप्त किया जा सके।

बैठक में Jharkhand State Livelihood Promotion Society (JSLPS) के बीपीएम श्री अमित कुमार दुबे, Public Health Engineering Department (PHED) के कनीय अभियंता श्री सुनील बाखला, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. हरेलाल महतो, चिकित्सा पदाधिकारी इचागढ़ डॉ. अनुपम घोषाल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री अश्विनी कुमार, बीटीएम हिमांशु कुमार, बीपीएम शिक्षा सुचित्रा महतो, बीपीएम स्वास्थ्य (निमडीह) रामेश्वर तिर्की, महिला पर्यवेक्षिका मीनाक्षी पांडे सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।